चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 279, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 09 नवंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

एसएंडपी ने भारत के आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को छह फीसदी पर रखा बरकरार

नई दिल्ली

वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6 फीसदी पर बरकरार रखा है। इसके साथ ही रेटिंग एजेंसी ने कहा है कि एशिया प्रशांत क्षेत्र में भारत की वृद्धि दर सबसे अधिक होगी। एसएंडपी रेटिंग्स ने बुधवार को जारी एशिया-प्रशांत साख परिदृश्य-2024 में ह्यस्लोइंग ड्रैगन्स, रोरिंग टाइगर्सह्न शीर्षक वाली एक रिपोर्ट में कहा कि पूंजी की गहनता में सुधार, अनुकूल जनांकिकी और उत्पादकता वृद्धि सुधार के आवश्यक कारक हैं। एजेंसी ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था का वृद्धि का मजबूत रिकॉर्ड है। एसएंडपी ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा कि हमें उम्मीद है कि यह गति जारी रहेगी। एजेंसी ने रिपोर्ट में कहा है कि भारत की आर्थिक वृद्धि काफी हद तक दिख रही है। ऐसे में वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था 6 फीसदी की दर से बढ़ेगी, जबकि वित्त वर्ष 2024-2025 और वित्त वर्ष 2025-26 में आर्थिक वृद्धि दर 6.9 फीसदी रहेगी। एसएंडपी ग्लोबल शोधकताओं के मुताबिक भारत सरकार वित्त वर्ष 2025-26 तक अपने राजकोषीय घाटे के लक्ष्य के करीब बनी रहेगी।

धनतेरस के पहले सोने में गिरावट जारी, चांदी की चमक भी घटी

नई दिल्ली

दिवाली और धनतेरस वाले सप्ताह में आज लगातार तीसरे दिन सोने की कीमत में गिरावट का रुख नजर आया। देश के अलग-अलग सराफा बाजारों में 24 कैरेट और 22 कैरेट सोने के भाव में 150 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई। चांदी में भी आज ज्यादातर सराफा बाजारों में गिरावट दर्ज की गई। राजधानी दिल्ली में आज चांदी का रेट गिरकर 73,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर आ गया है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 61,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार करता रहा, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 56,250 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई।

नीतीश पर भड़के मोदी...और कितना नीचे गिरोगे

विधानसभा में माता-बहनों की मौजूदगी में ऐसी भाषा में भद्दी बातें कर रहे हैं, कोई शर्म नहीं हैं इन्हें: मोदी

दमोह/गुना/मुरैना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जनसंख्या नियंत्रण पर दिए बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इंडी अलायंस के जो नेता सरकार को उखाड़ने के लिए भांति-भांति के खेल खेल रहे हैं,वो विधानसभा में माता-बहनों की मौजूदगी में ऐसी भाषा में भद्दी बातें कर रहे हैं। कोई शर्म नहीं हैं इन्हें। कितना दर्भाग्य आया है, देश का... और कितना नीचे गिरोगे? दुनिया में देश की बेइज्जती करा रहे हो।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को मध्य प्रदेश के दमोह, गुना और मुरैना में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने गुना में नीतीश कुमार का नाम लिए बगैर ही उन पर निशाना साधा। दरअसल, नीतीश कुमार ने बिहार विधानसभा और विधान परिषद में जनसंख्या नियंत्रण को लेकर ऐसा तर्क दिया कि महिलाएं भी शर्मिंदा हो गई। बवाल के बाद नीतीश ने माफी मांगी और अपने ही बयान की निंदा भी कर दी। इस पर मोदी ने तीखी टिप्पणी की। इस दौरान उन्होंने इंडी गठबंधन पर भी जोरदार हमले बोले।

पांडवों की राह पर चलने का है गर्व

मोदी ने दमोह में कहा कि 2014 से पहले किसी को कुछ पता नहीं चलता था कि देश के प्रधानमंत्री क्या कर रहे हैं, क्या बोल रहे हैं, क्योंकि उनका कोई काम ही नहीं था। वो सरकार रिमोट से चलती थी। कांग्रेस की रिमोट से चलने की आदत जा नहीं रही है। उस समय प्रधानमंत्री रिमोट से चलते थे, अब कांग्रेस अध्यक्ष रिमोट से चलते हैं। मैं कभी-कभी देखता हूं कि जब रिमोट की चार्जिंग खत्म हो गई हो, या कनेक्टिविटी टूट गई हो, तब हमारे कांग्रेस अध्यक्ष खुद के मूड में आ जाते हैं। उनके मुंह से कुछ अच्छी बातें निकल जाती हैं। मैंने कहीं पढ़ा कि वो पांडवों की बात कर रहे थे। जब रिमोट चालू रहता है, तब तो वो सनातन को गालियां देते हैं। रिमोट बंद हो गया तो पांडवों की बात करने लगे। उन्होंने कहा कि भाजपा में पांच पांडव हैं। जब वो सच बोलते हैं, तो कैसी बात मुंह से निकलती है।

कांग्रेस ने देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया

मुरैना में मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया है। आजादी के बाद देश का पहला घोटाला कांग्रेस ने सेना में ही किया। कांग्रेस ने देश को विदेशी हथियारों पर निर्भर रखा। आतंकी हमारे सैनिकों के सिर काटकर ले जाते थे और कांग्रेस सरकार बयान देकर छूट जाती थी। आज की सेना आतंकियों को उन्हीं की भाषा में घर में घुसकर जवाब देती है। भाजपा सरकार ने ही सैनिक स्कूलों में बेटियों के लिए दरवाजे खोले हैं। बेटियां भी सेनाओं में अफसर बन सकती हैं। अग्रिम मोर्चों पर तैनात हो सकती है। मोदी की एक और गारंटी है हर वंचित तक सुविधाएं सौंपने की। कांग्रेस कहती है कि देश के साध?-संसाधनों पर पहला अधिकार मुसलमानों का है।

जमानत पर बाहर आकर दे रहे हैं गालियां: मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 2014 में जब हमारी सरकार बनी तो सबसे पहले हमने कांग्रेस की भ्रष्ट मशीन के सारे टायर पंचर कर दिए। आधार, मोबाइल और बैंक खाते की ऐसी त्रिशक्ति बनाई कि कांग्रेस की भ्रष्ट मशीन टिक ही नहीं पाई।

देशवासियों को वो तारीख आज भी याद है, जब नोटों के गद्दों पर सोने वालों की नींद उड़ गई थी। जब भी वो तारीख आती है, तो कांग्रेस ऐसे बिलबिलाती है, जैसे सबसे ज्यादा काली कमाई उसी को बैंक में पड़ी हो। भ्रष्टाचार पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए कांग्रेस मुझे दिन में सौ-सौ बार गालियां देती है। ऐसे लोग जो हजारों करोड़ के घोटालों में जमानत पर हैं, उन्हें मोदी से तकलीफ होना स्वाभाविक है।

कांग्रेस से सावधान रहने की जरूरत

मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार करोड़ों रुपये गरीबों के लिए मध्यप्रदेश भेज रही है। मजाल है कि कोई पंजा बीच में से पैसे लूटकर चला जाए।

पैसा लोगों के बैंक खातों में आया और वह पंजा कुछ नहीं कर पाया। अगर प्रदेश में गलती से भी कांग्रेस की सरकार बन जाती है, तो हर काम में 85 प्रतिशत कमीशन तय है। यह उनके प्रधानमंत्री तय करके गए हैं।

'वो अपना पाप करते रहें, मैं अपने पुण्य करता रहूंगा'

पीएम मोदी ने कहा कि जब कोरोना संकट आया, तो हमारी सरकार ने हर गरीब को मुफ्त वैक्सीन लगवाई। किसी को एक रुपया नहीं देना पड़ा। हमने तय किया कि किसी गरीब को भूखा नहीं रहने देंगे। हमने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना बनाई। 80 करोड़ लोगों को अभी तक मुफ्त राशन उपलब्ध कराया। यह योजना दिसंबर में बंद होने जा रही थी। मैंने तय किया है कि इस योजना को पांच साल के लिए और आगे बढ़ाया जाएगा। मैं गरीबों को मुफ्त अनाज दे रहा हूं, तो कांग्रेस के पेट में चूहे दौड़ रहे हैं। दो दिन से इलेक्शन कमीशन जा रहे हैं और मोदी के खिलाफ शिकायत कर रहे हैं। जो भी सजा मिले भुगत लूंगा, लेकिन गरीबों की सेवा नहीं छोड़ूंगा।

जो अपने बेटों की चिंता में उलझे, वो गरीब के बच्चों की फिक्र कैसे करेंगे?

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस के जो लोग अपने बेटों के भविष्य की चिंता में ही परेशान हैं, वो आपके बेटे-बेटियों की चिंता नहीं कर सकते। गांव का, गरीब, दलित, पिछड़े और आदिवासी परिवार के बेटे-बेटी डॉक्टर, इंजीनियर नहीं बन पा रहे थे, लेकिन कांग्रेस को उनकी चिंता नहीं थी। कांग्रेस ने मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई अंग्रेजी में ही रखी। हमारी सरकार नई शिक्षा नीति लेकर आई। हमने स्थानीय भाषाओं में मेडिकल, इंजीनियरिंग की पढ़ाई का प्रावधान किया। भाजपा की सोच अच्छी है, लेकिन कांग्रेस की सोच कैसी है?

हरियाणा: अब पर्यटक ले सकेंगे हॉट एयर बैलून सफारी का मजा

मुख्यमंत्री ने पिंजौर में किया हॉट एयर बैलून सफारी का शुभारंभ

चंडीगढ़/पिंजौर

हरियाणा में वॉटर स्पोर्ट्स गतिविधियों के साथ-साथ अब पर्यटक हॉट एयर बैलून सफारी का भी मजा उठा सकेंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गेट वे ऑफ हिमाचल कहे जाने वाले पिंजौर में हॉट एयर बैलून सफारी का शुभारंभ किया। उन्होंने स्वयं हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता और स्कूल शिक्षा और विरासत एवं पर्यटन मंत्री कंवर पाल के साथ सबसे पहले हॉट एयर बैलून सफारी की सवारी की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली सफारी का अनुभव बेहद अच्छा रहा और सुरक्षा की दृष्टि से भी यह काफी सुरक्षित है। हॉट एयर बैलून संचालित करने वाली कंपनी ने सुरक्षा सर्टिफिकेट प्राप्त किए हुए हैं।

नोटबंदी की मार आजतक झेल रही है देश की जनता: मल्लिकार्जुन खड़गे

नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार ने 08 नवंबर, 2016 को जो नोटबंदी की, उससे देश की अर्थव्यवस्था तबाह हो गई। केन्द्र सरकार के इस कदम से एक ही झटके में लाखों व्यवसाय ठप हो गए और करोड़ों लोगों को रोजगार खोना पड़ा। खड़गे ने बुधवार को एक्स पर लिखा कि केन्द्र सरकार के इस फैसले से अमीर और अमीर होता गया और गरीब और भी गरीब होता चला गया। यह

सरकार काले धन पर लगाम लगाने में भी विफल रही है। देश में नकदी के चलन में वर्ष 2016 के बाद से अबतक 83 फीसदी का उछाल आया है। पिछले 07 वर्षों में संपत्ति खरीदने वालों में से 76 फीसदी को कीमत का एक हिस्सा कैश में चुकाना पड़ा। खड़गे ने कहा कि आंकड़े बताते हैं कि जाली नोट बाजार में और बढ़े हैं। 500 के जाली नोटों में पिछले साल ही 14 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। सरकार ने 2000 के नोटों पर भी नोटबंदी लागू कर दी है। उन्होंने कहा कि पाई-पाई जोड़कर जो गृह लक्ष्मी महिलाओं ने बचत जुटाई थी, वह सब खत्म हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि 08 नवंबर, 2016 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नोटबंदी का ऐलान किया था। इसके तहत सरकार ने 500 रुपये और 1000 रुपये के पुराने नोटों को प्रतिबंधित किया था।

'दिल्ली सरकार गैर-अतिक्रमित वन क्षेत्र को संरक्षित वन घोषित करे'

नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया है कि वो गैर-अतिक्रमित वन क्षेत्र को संरक्षित वन घोषित करे। जस्टिस जसमीत सिंह की बेंच ने दिल्ली सरकार को दो हफ्ते में इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 15 दिसंबर को होगी।

दरअसल, नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल (एनजीटी) ने जनवरी 2021 में अपने आदेश में कहा था कि भारतीय वन कानून की धारा 20 के तहत दिल्ली के गैर-अतिक्रमित वन क्षेत्र को संरक्षित वन घोषित करे। इसके बावजूद दिल्ली सरकार ने इस आदेश पर अमल नहीं किया था। एनजीटी के आदेश पर अमल नहीं होने पर याचिकाकर्ता देविंदर ने दिल्ली हाई कोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि वो दो हफ्ते में नोटिफिकेशन जारी करें, अन्यथा उनके खिलाफ कोर्ट की अवमानना की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। अगर सरकार वनों की देखभाल नहीं कर सकती है तो दिल्ली के नागरिकों को केवल भगवान ही बचा सकते हैं। सुनवाई के दौरान कोर्ट को सूचित किया गया कि एनजीटी ने अपने आदेश में वनों का अतिक्रमण हटाने के काम की निगरानी के लिए वन और पर्यावरण मंत्रालय के महानिदेशक की अध्यक्षता में ओवरसाइट कमेटी का गठन करने को कहा था। इस पर कोर्ट ने कहा कि ओवरसाइट कमेटी की अब तक कम से कम 34 बैठकें होनी चाहिए थीं लेकिन कुछ ही बैठकें हुई हैं।

गारंटी यात्रा नहीं माफी यात्रा निकालनी चाहिए कांग्रेस को: सीपी जोशी

जयपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने बुधवा को प्रदेश मीडिया सेंटर में कांग्रेस की गारंटी यात्रा पर पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस को गारंटी यात्रा नहीं, माफी यात्रा निकालनी चाहिए। प्रदेश की जनता कांग्रेस की गारंटी समाप्त कर चुकी है। कांग्रेस सात गारंटी की बात करती है, प्रदेश की जनता उनके 2018 में किए छल और झूठे वादों को भूली नहीं है।कांग्रेस ने पिछली बार चुनाव में किसानों के कर्ज माफी का वादा किया था, परंतु कर्ज माफ करने के बजाय कर्ज में डूबे 19422 किसानों की जमीन नीलाम कर दी। युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने की बात की थी, भत्ता तो दिया नहीं, 17 से अधिक पेपर लीक करवा युवाओं की नौकरियां बेच उनके साथ धोखा किया। पेपर लीक करने वालों की जमानत करवाने का प्रयास किया। बिजली बिल के दाम नहीं बढ़ाएंगे, यह वादा कर कई बार बिजली के दाम बढ़ा दिए। महंगाई कम करने का वादा किया था, लेकिन डीजल पेट्रोल को महंगा यहां महंगाई बढ़ा दी। आज राजस्थान महंगाई के मामले में नंबर वन है। जनता कांग्रेस की झूठी, मक्कार और धोखेबाज सरकार पर अब विश्वास नहीं करेगी। प्रदेश की जनता का विश्वास केंद्र की मोदी सरकार, इनके करिश्माई नेतृत्व और मोदी गारंटी पर है, क्योंकि उन्होंने जो कहा वह करके दिखाया।

मणिपुर में नहीं थम रही हिंसा कांगपोकपी जिले में हुई गोलीबारी

इंफाल

लोगों ने बताया कि ये घटना तब हुई जब खेतों में काम कर रहे लोगों पर एक पहाड़ी से संदिग्ध अलगाववादियों ने हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि बाद में गांव के स्वयंसेवक और सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे जिसके बाद भारी गोलीबारी हुई। पुलिस ने इस बारे में बताया कि हालांकि कुछ देर बाद कांगचुप क्षेत्र में गोलीबारी बंद हो गई थी। बावजूद इसके स्थिति को शांत रखने के लिए क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि अब तक सात लोगों को रिम्स में भर्ती कराया गया है। दो को इंफाल के राज मेडिसिटी में भर्ती कराया गया है। घायलों में मुतुम बसंता, नाओरेम किरण, मुतुम अमरजीत, एल. थंगल, लैशराम प्रेमचंद और एल. इबेम्चा देवी शामिल हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किए भगवान बदरी-विशाल के दर्शन

बदरीनाथ धाम आगमन पर राष्ट्रपति मुर्मू का हुआ जोरदार स्वागत, उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रपति की अगुवानी

गोपेश्वर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को उत्तराखंड स्थित भू-बैकुंठ धाम पहुंचकर भगवान बदरी-विशाल के दर्शन किए। मंदिर में करीब 25 मिनट तक पूजा करते हुए राष्ट्रपति ने देश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। बदरीनाथ धाम आगमन पर उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रपति की अगुवानी की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की बीच भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर से बुधवार को सुबह 10.20 बजे बदरीनाथ आर्मी हेलीपैड पहुंचीं। हेलीपैड पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेन्द्र अजय और अन्य जनप्रतिनिधियों सहित जिलाधिकारी हिमांशु खुराना, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने राष्ट्रपति का स्वागत किया। यहां से राष्ट्रपति काफिले के साथ भगवान बदरी-विशाल के मंदिर पहुंचीं और मंदिर में बदरी विशाल की वेद पाठ और विशेष पूजा की। बदरीनाथ धाम के मुख्य पुजारी रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी और तीर्थ पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा करायी। मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेन्द्र अजय, उपाध्यक्ष किशोर पंवार और अन्य पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को भगवान बदरी-विशाल का प्रसाद और अंग वस्त्र भेंट किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंदिर परिसर में राष्ट्रपति को भोजपत्र पर बनी बदरीनाथ मंदिर की प्रतिकृति, आरती और स्थानीय उत्पादों की टोकरी भेंट की। भू-बैकुंठ धाम की अलौकिक सुंदरता देख राष्ट्रपति अभिभूत दिखीं। मंदिर से निकलते समय उन्होंने हाथ हिलाकर बदरीनाथ धाम पहुंचे श्रद्धालुओं का अभिवादन भी किया। मंदिर में पूजा दर्शन के बाद राष्ट्रपति ने बदरीनाथ से श्रीनगर के लिए प्रस्थान किया।

राष्ट्रपति के दौरे को लेकर प्रशासन ने भगवान बदरीनाथा धाम में सुरक्षा के कड़े इंतेजाम किए थे। साथ ही कन्टीजेन्सी प्लान के तहत गौचर में भी सभी व्यवस्थाएं की गई थीं।

आपसी कलह से युवक ने कुएं में कूदकर की खुदकुशी

अखंड भारत संदेश

मांडा। आपसी कलह से प्रेमी प्रेमिका में कहासुनी से नाराज प्रेमी ने बुधवार को लगभग ग्यारह बजे दिन दशमिहवा मैदान में स्थित प्राचीन कुए में कूदकर अपनी जान दे दिया। घटना की जानकारी पर पहुंचकर मांडा थाने के पुलिसकर्मियों ने रेस्क्यू टीम को बुलाकर शव निकालने का प्रयास करने में जुटी रही। गौरतलब हो कि मिजार्पुर जनपद, थाना लालगंज, गांव नेवढ़िया (तिखोर) के रहने वाले काली चरन के बेटे गनेश कुमार उर्फ टिल्ला उम्र (24) ने ड्रांसर शबा उर्फ चांदनी पुत्री शेख सईद निवासिनी भाटा पारा दुर्ग जिला छत्तीसगढ़ से ड्रांस के लिए नेवढ़िया (तिखोर) गांव में प्रोग्राम करने सात वर्ष पूर्व आई थी। तभी उनके बेटे गनेश कुमार से लव मैरिज हो गई और वह दोनों में गहरा प्रेम हो गया। प्रेम के हवस में आकर चोरी छिपे एक दूसरे से मुहब्बत करते रहे। जब इसकी जानकारी माता पिता को हुई तो नाराजगी जताई। माता पिता के नाराजगी पर वह दोनों से फरार हो गए और भारतगंज डॉ आजाद के मकान में किराए पर रहते थे। 13 अक्टूबर 2022 को लालगंज थाने में शादी किया। साथ ही साथ दोनों न्यायालय में प्रस्तुत होकर प्रेम विवाह कर लिया। जिससे युवक के परिजनों में खुशी नहीं थी । कुछ ही दिनों बाद वही हालात दोनों के बीच अनबन शुरू हो गई। दोनों आपस में जैसे तैसे अपना गुजर बसर करने के लिए भारतगंज करबला के पास पहाड़ी पर झुग्गी झोपड़ी बनाकर मजदूरी करके जीवन यापन करता था। अचानक युवक अपने मां की तबियत खराब होने की सूचना पर मंगलवार को घर नेवढ़िया तिखोर चला गया और वह बुधवार को सुबह अपने झोपड़ी घर स्थित भारतगंज पहाड़ी करबला पर पहुंचा तो किसी बात को लेकर आपस में कहा सुनी हो गई। मामूली विवाद को लेकर वह पुनः अपने मां को देखने नेवढ़िया तिखोर के लिए निकल दिया तो उसकी प्रेमिका भी उसके पीछे पीछे चल दिया जब वह दशमिहवा पहाड़ी लालगंज मुख्यमार्ग पर पहुंचा। तभी भरारी से होकर लालगंज जाने वाली गाड़ी पर बैठने की बात प्रेमिका ने कही तो उसे दो थप्पड़ जड़ दिया और वह सड़क के पास में निर्मित प्राचीन कुएं में कूद कर जान दे दिया। प्रेमी को कूदते देख वह भी कूदने का प्रयास किया तब तक आस पास के लोग उसे पकड़ लिया जिससे उसकी जान बच गई। और वह फफक फफक कर रो ने लगी। सूचना पर मांडा पुलिस बल के साथ इंस्पेक्टर संजय संधू ने पहुंच कर उसे कुएं से बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू टीम को जानकारी दी। घटना की जानकारी पर रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन से कुएं की चबूतरा को ध्वस्त कर उसे निकालने के प्रयास में जुटे रहे। समाचार लिखे जाने तक कर्रवाई में जुटी रही पुलिस।

ध्रुव व प्रहलाद की भक्ति एवं संस्कार का बच्चों में कराएं समावेश

सहसों। तिवारीपुर में चल रही सप्त दिवसीय संगीत मय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठवें दिन कथा व्यास आचार्य श्याम सुंदर महाराज ने व्यास पीठ से भगवान श्री कृष्ण के जन्म, भक्त ध्रुव व प्रहलाद की सुंदर प्रसंग की कथा का रसपान कराते हुए कहा कि भक्ति एवं संस्कार का समावेश बच्चों में जरूर कराएं। इसके लिए ध्रुव एवं प्रहलाद की कहानी सुना कर उन्हें अच्छे मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करें। कथा व्यास ने भगवान श्री कृष्ण के जन्म की कथा उपस्थित भक्त श्रोताओं को सुनते हुए कहा कि भगवान ने अत्याचारी एवं राक्षसों के लिए अवतरित हुए तथा बचपन से ही दुष्टों का अंत एवं उद्धार करते हुए प्रजाजन को उनके अत्याचारों से मुक्ति दिलाई। भगवान श्री कृष्ण के जन्म होने पर उपस्थित श्रोताओं ने राधे-राधे तथा भगवान श्री कृष्ण के जयकारे लगाए। कथा पंडाल में उपस्थित महिलाओं ने बधाई व मंगल गीत गाकर पुष्प वर्षा की। कथा व्यास ने ध्रुव तथा प्रहलाद की कथा का सजीव वर्णन करते हुए कहा कि सच्चे मन से प्रभु का ध्यान करने पर सर्वत्र विराजमान ईश्वर आपके विपत्ति में सदा खड़े होकर संकट से मुक्ति दिलाते हैं तथा भक्ति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उन्होंने कहा प्रहलाद की अनन्य भक्ति से ही प्रभु नृसिंह का अवतार में प्रकट होकर हृण्यकश्यप का संघार कर मुक्ति दिलाई। कथा के विश्राम पर मुख्य यजमान विशंभर नाथ त्रिपाठी सहित अन्य भक्तों ने व्यास पीठ, भागवत भगवान तथा यज्ञ मंडप की आरती उतारकर भक्ति श्रोताओं में प्रसाद का वितरण हुआ। इस अवसर पर अधिवक्ता संतोष शुक्ला एवं देवराज उपाध्याय, नागेंद्र मोहन मिश्रा, कृष्ण बल्लभ द्विवेदी, जय कृष्ण पांडे, चिंतामणि शुक्ला आदि लोगों ने कथा का रसपान करते उपस्थित रहे।

न्यूज झरोखा

नहर के साइफन में फंसकर किसान की हुई मौत

कोराव। कोरांव तहसील के खीरी थाना क्षेत्र के मोजरा चांद खमरिया गांव में नहर के साइफन में फंसकर एक वृद्ध किसान की मौत हो गई जिससे परिवार में कोहराम मच गया। बता दें कि झरियारी लाल पटेल (65) पुत्र स्व रामस्वरूप निवासी मोजरा चांद खमरिया थाना खीरी बीती रात्रि को खेत में पानी लगाने के लिए नहर पर गए थे। नहर पर बनी झाल के उस पार जाने के लिए छलांग लगाते समय नहर में गिर गया। झाल के नीचे नहर के साइफन में जाकर फस गए जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों एवं गांव के लोग रात में उन्हें देखने नहर तक गए लेकिन पानी में डूबे होने के कारण वे दिखाई नहीं दिए। देर रात्रि नहर में पानी बढ़ा और पानी के प्रेशर से निकल कर साइफन के आगे निकल गए। बुधवार को चार बजे भोर के आस पास उनका शव नहर से बरामद किया गया। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के दो बेटों में उमेश सिंह व पवन सिंह दोनों बाहर रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं। वे घर पर भी नहीं थे ग्राम प्रधान व अन्य ग्रामीणों की मदद से पंचनामा की कार्रवाई के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना कोराव में पीस कमेटी की बैठक आयोजित

कोरांव। थाना पुलिस कोरांव में बुधवार को आयोजित पीस कमेटी की बैठक में प्रतिबंधित पटाखों के इस्तेमाल पर सतर्क दृष्टि रखे जाने और नियमानुसार लाइसेंस ले कर ही बिक्री के लिए एवं शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाए जाने हेतु सहमति जताई गई। और थानाध्यक्ष कोराव ने सभी ग्राम प्रधानों आम जनों से सरकार की गाइड लाइन के अनुसार पर्व को सम्पन्न करने का आह्वान किया। बैठक में नगर पंचायत कोराव के चेयरमैन ओम केसरी सहित तमाम शांति व्यवस्था से जुड़े समितियों,ग्राम प्रधानों पत्रकारों,आम जनों आदि ने अपने अपने विचार व्यक्ति किए। और बैठक में प्रतिभाग किए। क्षेत्र के सभी ग्राम्य चौकीदारों ने भी हिस्सा लिया। थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने सभी को सरकार और सासन,प्रशासन की मंशा के अनुसार सारे निरंतर इस माह के पर्वों को सकुशल संपन्न कराने में सहयोग की अपेक्षा जताई ।बैठक में नायब थानेदार मनोज कुमार सिंह यादव आदि पुलिस कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

लाल बहादुर शास्त्री पॉलिटेक्निक में फ्रेशर फंक्शन 'फ्रेशेर फिएस्टा' आयोजित

मांडा। लाल बहादुर शास्त्री पॉलिटेक्निक गिरधरपुर, मांडा में बुधवार को फ्रेशर फंक्शन 'फ्रेशेर फिएस्टा' आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि वीके सिंह (जिला पंचायत अध्यक्ष) ,विशिष्ट अतिथि आमिर शकील टंकी(नगर पंचायत अध्यक्ष) तथा अशोक सिंह (प्रबंधक उर्वशी आईटीआई) रहें। मुख्य अतिथि वीके सिंह ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनसे मांडा कोराव की तस्वीर बदलने को प्रेरित किया। इस अवसर मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि ने विद्यालय को प्रोजेक्टर , छएऊतथा लिंक रौड देने का वादा किया। कार्यक्रम में आईटीआई मांडा के स्टाफ के साथ लाल बहादुर शास्त्री पॉलिटेक्निक का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का धन्यवाद संस्था के प्रिंसिपल डॉक्टर अरुण कुमार सिंह ने किया।

स्टार लगाकर थाना प्रभारी ने पदोन्नति पर दी बधाई



सहसों। थरवई थाने के दो हेड कांस्टेबल पदोन्नति पाकर उप निरीक्षक बने। जिस पर थाना प्रभारी लोकेंद्र त्रिपाठी ने अंजर अब्बास एवं हंस लाल कनौजिया को स्टार लगाकर नए दाईत्व को सौंपते हुए बधाई दी तथा क्षेत्र में अमन चैन एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने सहित नागरिकों में शांति कायम हो तथा अच्छे कार्य करने की कामना की। इस मौके पर थाने के समस्त पुलिस कर्मियों ने शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी।

बीडीओ ने सेमारिहा कमपोजिट स्कूल का किया निरीक्षण

कोरांव। खंड विकास अधिकारी कोरांव धीरेंद्र कुमार यादव ने बुधवार को क्षेत्र के ग्राम सभा सेमरिहा में स्थित कंपोजित विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। श्री यादव ने उक्त विद्यालय में साफ सफाई,एमडीएम,पठन पाठन आदि की तहकीकात किया। उपस्थिति कुल 60 प्रतिशत छात्रों की रही। अध्यापक लोग उपस्थित मिले। उन्होंने अध्यापकों को समुचित दिशा निर्देश दिए और पठन पाठन पर विशेष ध्यान देने को कहा।

10 नवंबर को मां सेवा संस्थान की ओर से एक दिया शहीदों के नाम

करछना। सुलमई गांव निवासी रहे पिता व पुत्र अमर शहीद गिरीश कुमार शुक्ल व अमर शहीद राघवेन्द्र शुक्ल सहित अन्य शहीदों की स्मृति में दीपोत्सव महोत्सव के तहत 10 नवंबर शुक्रवार को मां सेवा संस्थान रोकड़ी परिवार की ओर से एक दिया शहीदों के नाम करछना- कोहडार घाट मार्ग पर स्थित कुशगढ़ शिव मंदिर पर आयोजित किया गया है। यह जानकारी मां सेवा संस्थान रोकड़ी के अध्यक्ष विनायक पंडित ने दी है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपावली के पूर्व एक दिया शहीदों के नाम कार्यक्रम में 1001 दीप प्राचीन कुशगढ शिव मंदिर पर शहीदों के याद में जलाए जाएंगे। उन्होंने लोगों से एक दिया शहीदों के नाम जलाए जाने कार्यक्रम में शिरकत करने की अपील की है।

मऊआइमा थाना चौराहा से बाइक चोरी थाने में दी तहरीर

मऊआइमा। मऊआइमा थाना पड़ा चौराहे से दिनदहाड़े अज्ञात चोर एक बाइक चोरी कर ले गए। भुक्तभोगी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। मालूम हो कि प्रतापगढ़ के अजीत नगर मकुन्दगंज निवासी ओमप्रकाश पुत्र श्रीराम अपने मित्र की बाइक लेकर थाना पडाव चौराहा निवासी अपने बहनोई संतोष कुमार के पास आया था। बताया गया कि ओमप्रकाश बाइक खडी करके घर में हहहवचला गया जब वापस लौटा तो बाइक नदारद थी। चोरों की फोटो सीसी कैमरे में कैद हो गई है। ओमप्रकाश ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है।

मामा भांजा दशहरा मेले में प्रशासन के साथ एसपीओ टीम शांति व्यवस्था में लगी रही

नैनी। नैनी कोतवाली अंतर्गत मामा भांजा दशहरा मेला में पुलिस उपायुक्त यमुनानगर,उपजिलाधिकारी करछना,एसीपी करछना एवं नैनी थाना कोतवाली निरीक्षक के आदेशानुसार विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ टीम प्रभारी अभयराज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद के निर्देश पर एसपीओ टीम की ड्यूटी लगाई गई जिसमें सभी एसपीओ पदाधिकारी सदस्यगण मौके पर पहुंचकर जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली के नेतृत्व में प्रशासन के साथ मिलकर मेला में शांति व्यवस्था स्थापित करने एवं यातायात नियमों का पालन कराने व अराजक तत्वों पर नजर रखते हुए अपनी ड्यूटी पर तैनात रहे। इस दौरान प्रभारी अभयराज सिंह, उप प्रभारी परवेज अहमद, जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली, संगठन सचिव रविंद्र सिंह,रामजी जायसवाल, प्रदीप कुमार, तौसीफ खान, रमेश केसरवानी, शुभम प्रजापति,आरिफ,अश्वनी शर्मा, दिनेश केसरवानी, सोनू भारतीया, दिनेश कुमार सोनकर, प्रदीप कुमार सुशील शर्मा, अरविंद कुमार,राजू साहनी, नौसाद अहमद,विवेक पाल आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

शिव महापुराण की कथा में बखानी गयी शिव की महिमा

करछना। भडेवरा गांव में हो रही साप्ताहिक शिव महापुराण की कथा में पुराणवाचक की ओर से शिव की महिमा का वर्णन किया जा रहा है। पं कृष्ण देव द्विवेदी ने बुधवार की कथा में पितर कन्या मेना का हिमालय के साथ विवाह, ब्राह्मणी द्वारा पार्वती को पतिव्रत धर्म का उपदेश, कार्तिकेय तथा गणेश की बाल लीला, प्रजापति विश्व रुप की कन्या सिद्धि बुद्धि से गणेश का विवाह , विष्णु द्वारा तुलसी का पतिव्रत धर्म नष्ट करना तथा तुलसी द्वारा विष्णु को पत्थर होने का श्राप, बाणासुर का तांडव नृत्य द्वारा भगवान शिव को प्रसन्न करना की कथा कही गई। वहीं भगवान शिव की मूर्ति का भव्य श्रृंगार किया गया था। कथा के मुख्य श्रोता यजमान शिवराम मिश्र की ओर से कथा व्यास सहित सभी आचार्या का माल्यार्पण करके अभिनंदन किया गया और सांय कालीन में कार्यक्रम के संयोजक मिथिलेश कुमार मिश्र व प्रभात कुमार मिश्र सहित सभी लोगों की ओर से शिव की आरती की गई। इस मौके पर पं कृष्ण देव द्विवेदी, पं राम अनुग्रह तिवारी , पं अरुण कुमार त्रिपाठी, पं धर्मेंद्र कुमार तिवारी , पं संदीप कुमार तिवारी, पं राकेश कुमार पांडेय , पं रमेश चंद्र द्विवेदी, पं श्रवण कुमार तिवारी, पं अवधेश द्विवेदी , पं उपेंद्र कुमार मिश्र, पं पुष्पेंद्र चतुर्वेदी आचार्य के रूप रूप में मौजूद हैं। इसी प्रकार मऊँआइमा में हनुमंत जयंती समारोह का भव्य आयोजन श्रीसीताराम,शिवह नुमान लोक कल्याण समिति प्रयागराज के तत्वावधान में आगामी 10 से 16 नवम्बर संगीतमय, श्रीराम कथा,का आयोजन किया गया है।कथा व्याद्वयश्रीअनुराग जी महाराज,का आयोजन किया गया है।तथा सतरह नवम्बर को विराट कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया है। जिसमें नामी कवियों का आगमन होगा।

एंटी रोमियो टीम ने विधालय में बालिकाओं को किया जागरूक

अखंड भारत संदेश

उतरांव। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के साथ ही जागरूक किए जाने के उद्देश्य से चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत उतराव मे गठित एंटी रोमियो स्क्वाड टीम ने मंदिर, भीड़भाड़ वाले इलाकों पर गश्त करके बालिकाओं एवं महिलाओं से वार्ता की और उन्हें शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। उतराव की एंटी रोमियो टीम ने उतराव थाना क्षेत्र के जलालपुर कस्बा स्थित सरदार पटेल इंटर कालेज मे एंटी रोमियो टीम प्रभारी शशांक सिंह,सिपाही अमरेश यादव,हेड कंस्टेबल अमरजीत यादव,महिला सिपाही वंदना व पि आर डी पुष्पा वर्मा ने बालिकाओं को मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान अभियान के तहत हेल्प लाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा,108 एंबुलेंस सेवा,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन से अवगत कराया। एस आई शशांक सिंह ने आवश्यकतानुसार उपरोक्त नंबरों का प्रयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया। बालिकाओं को जागरूक किया कि कोचिंग व कालेज आते-जाते समय समूह में रहें। यदि कोई मनचला परेशान करे तो तत्काल उपरोक्त नंबरों पर सूचना दें। उतराव पुलिस उनकी सहायता के लिए हमेशा तत्पर है। महिलाओं से कहा गया कि अन्याय को कतई न सहें। कहीं भी दिक्कत आने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। उनकी हमेशा सहायता की जायेगी। उतराव पुलिस के इस अभियान की बालिकाओं ने प्रशंसा की।

ज्ञानवापी-काशी विश्वनाथ मामला एक दिसंबर तक के लिए स्थगित, अदालत ने सुनाया फैसला

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बुधवार को ज्ञानवापी-काशी विश्वनाथ मंदिर विवाद मामलों की सुनवाई एक दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दी। मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर की पीठ ने दोनों पक्षों के वकीलों की सहमति से यह आदेश पारित किया। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष यह केस मस्जिद समिति द्वारा दायर याचिकाओं से संबंधित हैं, जिसमें पूजा स्थलों (विशेष प्रावधान) द्वारा वर्जित ज्ञानवापी मस्जिद में पूजा के अधिकार की मांग करने वाले हिंदू उपासकों द्वारा दायर मुकदमों की स्थिरता को चुनौती दी गई है। अधिनियम 1991 इससे पहले, 3 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने काशी विश्वनाथ-ज्ञानवापी मस्जिद विवाद से संबंधित मामलों को किसी अन्य न्यायाधीश की पीठ से अपनी पीठ में स्थानांतरित करने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर द्वारा पारित आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था।

शो पीस बनी पानी टंकी, ग्रामीणों को चिढ़ा रहा मुंह



मांडा। हर घर नल हर घर जल योजना के तहत मांडा खास ग्राम पंचायत में उच्च प्राथमिक विद्यालय, मां मांडवी देवी धाम पहाड़ तथा प्राथमिक विद्यालय मांडा खास पहाड़ी पर कुल 3 जल निगम का निर्माण कराया गया था। सन 2013-14 की योजना को दो हजार अट्ठारह उन्नीस में बनकर तैयार हो गया था। लेकिन अधिकारियों ढुलमुल रवैए के कारण अभी तक चालू नहीं हो सका जिसकी सारी जिम्मेदारी संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर जाता है। बताया जाता है कि इस पानी की टंकी के निर्माण के बाद जितने भी बाजार में पाइप लाइन बिछाई गई है। सभी क्षतिग्रस्त हो गई हैं। मानक के अनुरूप बिछाई गई पाइप जगह जगह लीकेज हो गई हैं। पानी की इस समस्या से परेशान उपभोक्ता काफी दूर से हैण्डपंप से प्यास बुझाने के लिए पानी लाना पड़ता है। यही दशा मांडा खास के जल निगम पंप नंबर दो की है जो पांच साल से बनी पानी की टंकी शो पीस बनकर रह गयी लेकिन अभी तक चालू नही हो पाया जिससे क्षेत्र वासियों को पानी के लिए घोर किल्लत उठानी पड़ती है।वही मांडवी देवी धाम के पहाड़ी पर दो हजार के करीब आबादी में लोग बसे हुए हैं लेकिन अभी तक वहां पर जल निगम के तरफ से पेयजल की व्यवस्था नहीं हो पाई है। जिससे मांडा खास ग्रामवासी पेयजल की समस्या से काफी जूझ रहे हैं। और तो और मांडा ब्लॉक के क्षेत्र में पियरी,बखार कुरहरा में जितने भी नवनिर्मित पानी की टंकी बनी है।सबका यही हाल है।इसके बावजूद भी उत्तर प्रदेश जल निगम के अधिकारी मौन धारण किए हुए हैं।

छल कपट से रावण ने सीता का किया हरण

अखंड भारत संदेश

करछना। नवयुवक रामलीला समित भडेवरा के कलाकारों की ओर से खेली जा रही दस दिवसीय रामलीला के मंचन में रामलीला देखने के लिए लोगों सहित महिलाओं की भीड़ जुट रही है । वहीं कलाकारों के अभिनय को देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो रहे हैं । रामलीला मंचन के सातवे मंगलवार की रात्रि में मंचन के कलाकारों की ओर से मंचन की आकर्षक ढंग से साज सज्जा के साथ सीता हरण नामक रामलीला का मंचन किया गया। जिसको देख दर्शक लोग द्रवित हो गए। सीता हरण मंचन से पूर्व पंचवटी में निवास कर रहे सीता सहित राम लक्ष्मण को देखकर रावण की भगिनी सूपर्णखा मोहित हो गई । इतने में क्रोधित लक्ष्मण ने सूपर्णखा के नाक कान दोनों काट दिए । कटी नकटी के भेष में सूपर्णखा खर दूषण व त्रिसिरा नामक राक्षस से आपबीती बताई । और श्रीराम से युद्ध करते हुये दोनों स्वर्ग सिधार गए। सूपर्णखा ने इसकी जानकारी भाई रावण को दी। क्रोधित रावण ने सीता को हरने का संकल्प लेते ही मामा मारीच के पास गया । और मायावी सोने का हिरन बनने के लिए कहा। मायावी राम की कुटिया से गुजरा तो माताजी ने श्रीराम से इसकी छाल की मांग की । और उन्होंने हिरण का पीछा किया । इतने में हाय लक्ष्मण की आवाज सुनकर सीता ने लक्ष्मण को भी वहां जाने के लिए आदेशित किया। लक्ष्मण ने माता जानकी को छोड़ना नहीं चाहते थे । लेकिन सीता की हठ पर लक्ष्मण रेखा खींच कर चले गए। साधु का भेष बनाकर रावण राम की कुटिया पर आया और सीता से भीक्षा की माँग की । और लक्ष्मण रेखा पार कर भीक्षा प्रदान करने आई तो मायावी रावण सीता को लेकर भाग निकला। जिसको देखकर लोग द्रवित हो गए। राम यश मिश्र, लक्ष्मण रामकृष्ण मिश्र , सीता सेतु शर्मा, रावण लल्लू राम तिवारी , सूपर्णखा रमेश शर्मा, साधु प्रभाकांत मिश्र, मारीच स्वामी शुक्ल , खरदूषण व त्रिसिरा मोनू मिश्र, शरद ओझा, गौरव मिश्र ने अभिनय किया । व्यास के रूप में कमला शंकर शुक्ल रहे। इस मौके पर अशोक कुमार मिश्र, विजय कुमार मिश्र, देव प्रभाकर मिश्र, देवकांत मिश्र ,गंगेश्वर मिश्र?, श्याम प्रभाकर मिश्र, सुनील कुमार शुक्ल, अनिरुद्ध कुमार एडवोकेट , प्रज्ञाभ सोनू मिश्र, सुशील कुमार ओझा, राजमणि विश्वकर्मा , दीपक तिवारी, पंकज तिवारी, गौरव मिश्र, सुरेश शुक्ल , सुरेश सोनकर आदि कलाकार लोग मौजूद रहे।

बेथनी कान्वेंट स्कूल में बच्चों की प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से भव्य वार्षिक प्रदर्शनी का अयोजन

नैनी। नैनी बेथनी कान्वेंट स्कूल में बच्चों की प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से वार्षिक प्रदर्शनी में गायन, नृत्य, विज्ञान,गणित, शारीरिक शिक्षा जैसे कई आकर्षक प्रदर्शनी लगायी गई.प्रदर्शनी की मुख्य अतिथि सिस्टार जेसी मारिया प्रांतीय अध्यक्ष बेथनी एजुकेशन सोसायटी थीं और विशिष्ट अतिथि प्रवीण कुमार तिवारी बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज रहे. प्रवीण कुमार तिवारी ने बच्चों की प्रतिभा की खूब सराहना की और सिस्टर शमिता प्रिंसिपल बेथनी कॉन्वेंट स्कूल नैनी की तारीफ करते हुए सफल आयोजन के लिए बधाई दी। स्कूल की प्रधानाचार्या सिस्टर शमिता ने बच्चों का प्रोत्साहन बढ़ाया। माता पिता ने भी इस प्रदर्शनी का आनंद उठाया तथा इसकी खूब सराहना भी की। सिस्टर क्रिस्टीन सिस्टार सीमा सिस्टार जीना, जानसन ,दीपक कुमार,मोहम्मद साबिर प्रीति मिश्रा अनिका खान आदि शिक्षक उपस्तिथ रहे।

शुआट्स वानिकी महाविद्यालय को ए प्लस ग्रेड से किया गया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

नैनी। शुआट्स वानिकी महाविद्यालय को भारत सरकार की आईसीएफआरई मान्यता में प्लस ग्रेड से सम्मानित किया गया। नैनी, प्रयागराज। शुआट्स को 7 नवंबर, 2023 को भारतीय वानिकी अनुसंधान और शिक्षा परिषद आईसीएफआरई द्वारा आदेश प्राप्त हुआ जिसके अर्तगत वानिकी महाविद्यालय, शुआट्स, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश को भारतीय वानिकी अनुसंधान और शिक्षा परिषद आईसीएफआरई, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के तहत द्वारा प्रत्यायन-2023 में 5 वर्ष की अवधि के लिए ए.प्लस ग्रेड से सम्मानित किया गया है। शुआट्स के कुलपति रेव्ह. प्रो. डॉ. राजेंद्र बी. लाल ने आईसीएफआरई मान्यता की उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए वानिकी महाविद्यालय के डीन, संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और छात्रों को शुभकामना दी। कॉलेज ऑफ फॉरेस्ट्री शुआट्स को 2010 और 2017 के दौरान पिछले दो मौकों पर आई.सी.एफ.आर.ई मान्यता में ह्याह्याए ग्रेडह्याह्य प्राप्त हुआ था। कॉलेज ऑफ फॉरेस्ट्री के प्रो-वाइस चांसलर और डीन प्रोफेसर डॉ. एंटनी जोसेफ राज ने बताया कि यह पहला अवसर है (2023), वानिकी महाविद्यालय को उन्नत किया गया है और आइ.सी.एफ.आर.ई. द्वारा ह्याह्याए. प्लस ग्रेडह्याह्य से सम्मानित किया गया है और यह भारत के विशिष्ट वानिकी संस्थानों में शामिल हो गया है। प्रो.एंटनी जोसेफ राज ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह वानिकी महाविद्यालय, शुआट्स के छात्रों, शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों के लिए गर्व का क्षण है। प्रो.एंटनी राज ने कहा कि वानिकी महाविद्यालय (शुआट्स), प्रयागराज भारत सरकार की आई.सी.एफ.आर.ई. मान्यता-2023 की सूची में उत्तर प्रदेश का एकमात्र वानिकी महाविद्यालय है। वानिकी शिक्षा के महत्व को समझते हुए, इलाहाबाद कृषि संस्थान-डीम्ड विश्वविद्यालयअब इसका नाम बदलकर सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी और विज्ञान विश्वविद्यालय-शुआट्स कर दिया गया है) ने वानिकी में जनशक्ति की आवश्यकता को पूरा करने के दृष्टिकोण और मिशन के साथ वर्ष 2001 में कृषि वानिकी विभाग की स्थापना की गई कृषि वानिकी विभाग के अंतर्गत कृषि वानिकी को उत्तर प्रदेश सरकार में विश्वविद्यालय स्तर पर वानिकी और वानिकी शिक्षा कॉलेज में अपग्रेड किया गया था, जिसे पहली बार ए.ए.आई-डीयू के अंतर्गत बी.एस.सी. (फॉरेस्ट्री)चार वर्षीय डिग्री कार्यक्रम जुलाई, 2002 में शुरूआत किया गया। जिसके पश्चात वानिकी मे एम.एस.सी. एवं पी.एच.डी. शैक्षेणिक कार्यक्रमों का उद्घाटन एवं संचालन सफलतापूर्वक किया गया।वर्तमान में वानिकी महाविद्यालय, शुआट्सह्याह्य को ह्याह्यवानिकी में उल्लेखनीय उपलब्धता के आधार पर वानिकी उत्कृष्टता केंद्रह्याह्य से विभूषित हो कर देश के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में से एक माना जाता है और इसमें चार विभाग क्रियान्वित है जो जिसके अर्तगत सिल्विकल्चर और कृषि वानिकी वन जीव विज्ञान, वृक्ष सुधार और वन्यजीव विज्ञान, वन उत्पाद एवं उत्सर्जन तथा प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन और पर्यावरण विज्ञान विभाग। वानिकी महाविद्यालय वानिकी, कृषि वानिकी, सिल्विकल्चर, वृक्ष सुधार, वन उत्पाद, वन्यजीव विज्ञान, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, पर्यावरण विज्ञान और बी.एस.सी. के उच्च क्षमता वाले स्नातक शिक्षा प्रदान करने पर केंद्रित है। (ऑनर्स) वानिकी, एम.एससी. और पीएचडी. कार्यक्रम. वानिकी महाविद्यालय ने पिछले 22 वर्षों में सभी दिशाओं में प्रगति दिखाई है और स्थानीय, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा प्रभाव डाला है। वानिकी महाविद्यालय किसानों के लाभ के लिए अपने अनुसंधान विकास और तकनीकी नवाचार कार्यक्रमों के माध्यम से सरल, कम लागत और किसान अनुकूल प्रौद्योगिकियों को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करता है। वानिकी महाविद्यालय, शुआट्स ने खोखले बांस के कृत्रिम पुनर्जनन के लिए एक तकनीक विकसित और मानकीकृत की है जिसे ह्याह्यबांसुरी प्रौद्योगिकीह्याह्य कहा जाता है। भारत सरकार के अंतर्गत विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, (डीएसटी) के राष्ट्रीय बांस अनुप्रयोग मिशन (एनएमबीए) ने इस तकनीक को मंजूरी दे दी है और एक प्रौद्योगिकी मान्यता प्रमाणपत्र प्रदान किया है। वानिकी महाविद्यालय ने किसानों की कृषि आय और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ाने के लिए कई आशाजनक कृषि वानिकी मॉडल सफलता पूर्वक विकसित किया गया है।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में धनतेरस, दीपावली एवं छठ पूजा पर्व को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने के सम्बंध में बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में धनतेरस, दीपावली एवं छठ पर्व को पवित्रता, सौहार्दपूर्ण व शांतिपूर्ण तरीके से सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु प्रशासन की तैयारियों के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने धनतेरस व दीपावली के पर्व पर देर रात तक खरीददारी के दृष्टिगत महिलाओं की सुरक्षा, चेन स्नैचिंग व छेड़छाड़ की घटनाओं को रोकने हेतु देर रात तक पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने सभी एसीएम व एसीपी को पटाखे की दुकानों का निरीक्षण कर शार्ट सर्किट रोकने हेतु नंगे तारों का प्रयोग न किए जाने, पानी के ड्रम, बालू व फायर सेफ्टी यंत्र की व्यवस्था किए जाने, दुकानों को कपड़े के बजाय टीन शेड से बनाये जाने, हैलोजन लाइटों का प्रयोग नहीं किए जाने आदि की व्यवस्था के साथ निर्धारित किए गए स्थलों पर ही पटाखों की बिक्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने बाजारों में अतिक्रमण से जाम की स्थिति न उत्पन्न

जिलाधिकारी ने विद्युत, साफ-सफाई, यातायात सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को चुस्त-दूरूस्त बनाये रखने के दिए निर्देश

जिलाधिकारी ने छठ पर्व के दृष्टिगत चिन्हित घाटों एवं अन्य स्थानों पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित किये जाने के दिए निर्देश

हो, इसके लिए यातायात व्यवस्था को चुस्त-दूरूस्त बनाये रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने विद्युत विभाग को त्योहारों के मद्देनजर विद्युत आपूर्ति की सुनिश्चितता बनाये रखने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने नगर निगम को साफ-सफाई की निरंतर व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए है। कहा है कि फागिंग, एण्टी लार्वा, नाली-नालों की सफाई नियमित रूप से करायी जाती रहे, कहीं पर भी जल-जमाव की स्थिति न होने पाये। जिलाधिकारी ने सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों सहित अस्पतालों में सभी आवश्यक व्यवस्था बनाये रखने के लिए कहा है। उन्होंने अस्पतालों में इमरजेंसी बर्न यूनिट को सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित बनाये रखने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने त्यौहार के मद्देनजर सराफा की दुकानों पर विशेष चैकसी बरतने व दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों को क्रियाशील रखने के लिए कहा है। उन्होंने जुआं, सट्टा खेलने वालों पर विशेष सर्तकता एवं निगरानी रखे जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निरंतर भ्रमणशील रहकर चॉक-चैबंद व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने छठ पूजा के अवसर पर घाटों पर प्रकाश, पीएस सिस्टम की व्यवस्था, साफ-सफाई, चेंजिंग रूम, पेयजल, मोबाइल टॉयलेट, गोताखोर, बैरिकेटिंग सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समय से सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने अपर नगर आयुक्त को छठ पूजा समिति के साथ समन्वय कर संगम क्षेत्र में रात्रि निवास करने वाले लोगो के हेतु पण्डाल/टेण्ट की व्यवस्था करने के लिए कहा है। उन्होंने विद्युत विभाग को घाटों पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये है। उन्होंने सफाई की व्यवस्था के लिए नगरीय क्षेत्रों में नगर निगम एवं नगर पंचायतों में अधिशाषी अधिकारी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के घाटों पर जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देशित किया है कि साफ-सफाई की मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित रहें। साथ ही साथ पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया है कि महिलाओं की सुरक्षा हेतु महिला पुलिस की तैनाती किए जाने, यातायात व पार्किंग की व्यवस्था आदि की व्यवस्थायें समय से पूर्ण कर ली जाय। उन्होंने गहरें पानी में साइनेज एवं बैरिकेटिंग लगाये जाने के निर्देश दिये है। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को आयोजन स्थलों पर मेडिकल टीम व एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के लिए कहा है।जनपद में यह पर्व मुख्य रूप से नगर क्षेत्र के संगम, दशाश्वमेघ घाट, सरस्वतीघाट, बोट क्लब घाट, गउघाट, बलुआघाट, रसूलाबाद घाट, नारायणी आश्रम, सीताराम थानाक्षेत्र शिवकुटी, नींवा, ट्रांसपोर्ट नगर, प्रीतम नगर, धूमनगंज एवं गंगापार के फाफामऊ घाट थानाक्षेत्र सोरांव, झूंसी, छतनाग, यमुनापार क्षेत्र में मुख्य रूप से अरैल घाटों सहित आदि घाटों पर मनाया जाता है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार, एडीएम प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय, एडीएम मेला दयानन्द प्रसाद, एडीएम वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह, एडीएम आपूर्ति, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आशु पाण्डेय, सिटी मजिस्टेट विनोद कुमार, उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी, छठ पूजा समिति के अध्यक्ष अजय राय, सिविल डिफेंस व जिला अपराध निरोधक समिति के सदस्यगण सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

तीन दिवसीय दीपावली मेले का आयोजन 09 नवम्बर से 11 नवम्बर तक

अखंड भारत संदेश

डीएम ने दीपावली मेले के सकुशल आयोजन के लिए सम्बंधित विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारी निधारित की है

प्रयागराज। पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत दिनांक 09-11 नवम्बर तक तीन दिवसीय दीपावली मेले का आयोजन किया जायेगा, जिसमें परम्परागत रूप से दीपावली के अवसर पर बड़ी संख्या में आम जनमानस द्वारा घरेलू उपयोग की विभिन्न वस्तुओं को क्रय किये जाने हेतु पथ विक्रेताओं एवं स्वयं सहायता समूहों को इससे सम्बंधित सामग्री विक्रय कर अपनी अतिरिक्त आय बढ़ाने हेतु स्थानीय स्तर पर नियोजित रूप से आकर्षक दीपावली मेले के आयोजन के माध्यम से एक प्लेटफार्म उपलब्ध होगा। जनपद में दिनांक 09 नवम्बर से 11 नवम्बर तक तीन दिवसीय दीपावली मेले का आयोजन राजकीय बालिका विधालय, सिविल लाइन के पास खाली मैदान पर किया जायेगा। कार्यक्रम में जनपद के जनप्रतिनिधिगणों द्वारा भी भागीदारी की जायेगी। जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने दीपावली मेले के सकुशल आयोजन के लिए सम्बंधित विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारी निधारित की है। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य कैम्प लगाने, महाप्रबन्धक जलकल को कार्यक्रम स्थल पर पानी के टैंकर की व्यवस्था कराने, मुख्य अग्निशमन अधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर अग्निशमन वाहन की व्यवस्था कराने, अग्रणी बैंक प्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा को बैंक स्टॉल लगाये जाने, नगर स्वास्थ्य अधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई एवं चूना का छिड़काव तथा सैनीटाइजेशन कराये जाने व जोनल अधिकारी जोन-3 नगर निगम को कार्यक्रम स्थल पर समस्त व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिए है।

ओल्ड जीटी रोड और नैनी में पहुंचने लगीं मशीनें

अखंड भारत संदेश

15 नवंबर से शुरू हो जाएगा इनर रिंग रोड का काम

प्रयागराज। महाकुंभ-2025 की महत्वपूर्ण परियोजनाओं में से एक इनर रिंग रोड का निर्माण 15 नवंबर से शुरू होने जा रहा है। इसके लिए कार्यदायी संस्थाओं द्वारा निर्माण स्थल पर मशीनें पहुंचाने के साथ ही अन्य प्रकार की गतिविधियां शुरू कर दी गई हैं। वैसे तय समय में काम पूरा करना इन संस्थाओं के लिए बड़ी चुनौती से कम नहीं होगा।65 किमी की इस परियोजना के प्रथम चरण का कार्य महाकुंभ से पहले पूरा किया जाना है। प्रथम चरण में 30 किमी लंबी इनर रिंग रोड का तीन हिस्सों में निर्माण कराया जाएगा। इसकी शुरूआत ओल्ड जीटी रोड और मिजार्पुर मार्ग से होगी। वहीं, करछना से लेकर फूलपुर तक बनने वाले गंगा नदी के पुल की भी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। राष्ट्रीय राज्य मार्ग प्राधिकरण के अनुसार प्रथम चरण का कार्य महाकुंभ-2025 से पहले पूरा कर लिया जाएगा। नैनी में लवायन कला गांव के पास से इस परियोजना की शुरूआत होगी। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की ओर से इस परियोजना के प्रथम चरण को तीन भागों में बांटा गया है। सहसों से ओल्ड जीटी यानी पुरानी ग्रैंड ट्रंक रोड तक 15 किमी और इसके बाद वाले हिस्से में 7.50 किमी लंबी इनर रिंग रोड के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इसके लिए दिल्ली की ज्वाइंट स्टॉक लिमिटेड और पश्चिम बंगाल की जीपीटी इंफ्रा संस्था का चयन हुआ है। बता दें कि इस परियोजना के लिए कराए गए टेंडर में 29 कंपनियों ने हिस्सा लिया था। परियोजना के प्रथम चरण के लिए जिले के 45 गांवों के चार हजार किसानों की 195 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहीत की गई है।परियोजना में प्रभावित होने वाले किसानों के भूमि, भवनों, बगीचों, कुओं के स्वामित्व का मुआवजा जारी कर दिया गया है। रीवा रोड से ओल्ड जीटी रोड पर महुआरी, लवायन कला होते हुए अंदावा के रास्ते इस रिंग रोड को आगे ले जाकर सहसों के पास एनएच-2 से जोड़ दिया जाएगा। वहीं, समय की बाध्यता को देखते हुए बिना देर किए 15 नवंबर से इनर रिंग रोड के कार्य शुरू करने की तैयारी कर ली गई है। इसके अलावा अगले महीने से गंगा नदी के पुल का निर्माण भी शुरू कर दिया जाएगा। नैनी लवायन कला और ओल्ड जीटी रोड से इनर रिंग रोड के निर्माण कार्य को शुरू करने की तैयारी है। इसके लिए कार्यदायी संस्थाओं ने लगभग सभी तैयारियां कर ली हैं। 15 नवंबर से इनर रिंग रोड का काम शुरू हो जाएगा।

- **पंकज मिश्रा, परियोजना निदेशक, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण।**

जनपद न्यायालय व समस्त तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 दिसंबर को

प्रयागराज। राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक वाद, मोटर दुर्घटना वाद, राजस्व संबंधी बैंक के ऋण संबंधी वाद, विद्युत संबंधी वाद, फौजदारी वाद, आपसी सुलह समझौते के आधार पर होने वाले समस्त वादों का किया जाएगा निस्तारण उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज के तत्वाधान में दिनांक 9.12.2023 को प्रात 10:00 बजे से जनपद न्यायालय, प्रयागराज व समस्त तहसील में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा ' जिसमें पारिवारिक वाद, मोटर दुर्घटना वाद, राजस्व संबंधित वाद, बैंक के ऋण संबंधी वाद, विद्युत संबंधी वाद, फौजदारी वाद, आपसी सुलह समझौते के आधार पर होने वाले समस्त वादों का निस्तारण किया जाएगा। माननीय संतोष राय जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों का निस्तारण कोविड 19 को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा। यह जानकारी सुभाष चंद मौर्य सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज द्वारा प्रदान की गई।

शिल्प महोत्सव में सीता स्वयंवर एवं परशुराम लक्ष्मण संवाद का किया गया मंचन

अखंड भारत संदेश

नैनी। नैनी में ग्राम शिल्प महोत्सव के मंच पर ग्यारहवें दिन ध्वनि प्रकाश के माध्यम से थर्ड बेल संस्था द्वारा निर्देशक आलोक नायर के निर्देशन में सीता स्वयंवर एवं परशुराम लक्ष्मण संवाद का मंचन किया गया प्रांगण में प्रभु श्री राम की शोभा माता जानकी का श्रृंगार प्रभु लक्ष्मण का संवाद और परशुराम का उग्र वेग जनता के बीच आकर्षण का केंद्र रहा कार्यक्रम का शुभारंभ नुक्कड़ नाटक अभिनय संस्थान द्वारा रजस्वला विषय पर माहवारी के संदर्भ में जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से हुआ इसके बाद मां शारदा संगीत समिति द्वारा ढेडिया नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया आयोजन के निर्देशक एवं उद्घोषक प्रियांशु श्रीवास्तव ने बताया कि अब तक मंच पर 623 कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां हो चुकी थी और आज रंगमंच के वरिष्ठ रंग गर्मी से आलोक नायर की थर्ड बेल के माध्यम से देश के जाने माने रंगकर्मियों द्वारा यह मंचन किया गया जिसमें प्रभु श्री राम का किरदार अमितेश श्रीवास्तव, माता सीता का किरदार अलका सिंह लक्ष्मण का किरदार चंकी बच्चन एवं परशुराम का किरदार सत्यम सिंह राजपूत ने निभाया। इस अवसर पर संस्था के सचिव दत्तात्रेय पांडे एवं यमुना पार कलाकार संघ के अध्यक्ष प्रियांशु श्रीवास्तव द्वारा निर्देशक आलोक नायर एवं उनकी पूरी टीम एवं यमुना पार कलाकार संघ के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा सचिव नीतू राय प्रकाशन मंत्री मुन्ना मासूम शाहिद सदस्य अभिषेक सिंह को सम्मानित किया गया।

प्रयागराज के अमिताभ को कुंभ का मिला पुरस्कार, उत्तर पश्चिम रेलवे के बने जीएम

प्रयागराज। प्रयागराज में जन्मे अमिताभ ने उत्तर पश्चिम रेलवे में महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण कर लिया है। रेलवे के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके अमिताभ उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल में डीआरएम भी रह चुके हैं। प्रयागराज में 2019 में लगे कुंभ के दौरान बेहतर इंतजाम की वजह से ही उन्हें महाप्रबंधक का पदभार दिया गया। मैकेनिकल इंजीनियरिंग सेवा बैच 1987 के अफसर अमिताभ ने प्रयागराज स्थित मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनएनआईटी) से 1986 में मैकेनिकल इंजीनियरिंग से बीई किया। रेलवे बोर्ड में निदेशक सेफ्टी, अपर मंडल रेल प्रबंधक परिचालन दिल्ली, मुख्य यांत्रिक इंजीनियर रेल व्हील प्लांट में भी वह जिम्मेदारी संभाल चुके हैं।प्रयागराज में वर्ष 2019 में लगे कुंभ के दौरान बेहतर क्राउट मैनेजमेंट, रिकॉर्ड संख्या में स्पेशल ट्रेनों का संचालन आदि उनकी प्रमुख उपलब्धियां हैं। कुंभ के दौरान उनके बेहतर मैनेजमेंट के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार ने भी सराहना की थी। जयपुर में महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण करने के पूर्व वह उत्तर पश्चिम रेलवे में ही प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर के पद पर कार्य कर रहे थे।



शिक्षक को नोटिस, पेश होकर दर्ज कराएं बयान, आपत्तिजनक ट्वीट के संबंध में पुलिस की कार्रवाई

प्रयागराज। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक ट्वीट के संबंध में दर्ज मुकदमे में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.विक्रम को पुलिस ने नोटिस भेजा है। उन्हें निर्देशित किया है कि वह पुलिस के समक्ष पेश होकर अपना बयान दर्ज कराएं। प्रोफेसर के न मिलने पर नोटिस विभागाध्यक्ष के माध्यम से उन्हें भेजा गया है हिंदू देवी देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी के आरोप में इविवि के मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.विक्रम पर कुछ दिनों पहले मुकदमा दर्ज कराया गया है। मुकदमे में कार्रवाई करते हुए विवेचक कर्नलगंज इंस्पेक्टर बृजेश सिंह की ओर से उनके नाम पर नोटिस जारी किया गया है।यह नोटिस सोमवार को विभागाध्यक्ष को भेजा गया। नोटिस के साथ भेजे गए पत्र में बताया गया कि विवेचना के क्रम में कई बार तलाश करने के बावजूद आरोपी प्रोफेसर नहीं मिले। ऐसे में नोटिस को जल्द से जल्द डॉ.विक्रम को तामील करा दें। साथ ही आरोपी के मूल निवास के स्थान की भी जानकारी प्रदान करें।नोटिस में लिखा है कि पंजीकृत अभियोग संज्ञेय अपराध है, लेकिन सात साल से कम की सजा का प्रावधान होने के चलते आपको गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है। आपको निर्देशित किया जा रहा है कि विवेचना में सहयोग करें। बयान लिखित में दर्ज कराने के लिए तीन दिन के भीतर कर्नलगंज थाने में उपस्थित हों। इस मामले में डॉ.विक्रम की ओर से कहा गया है कि वह विवेचना के क्रम में पूरा सहयोग करेंगे।

राज्य कृषि सेवा के 175 पदों पर होगी भर्ती, यूपीपीएससी को मिला अधियाचन

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) को शासन से सम्मिलित राज्य कृषि सेवा भर्ती के लिए 175 पदों का अधियाचन मिला है। हालांकि, कुछ पदों पर भर्ती के लिए पाठ्यक्रम संशोधित किया जा रहा है। संशोधित पाठ्यक्रम को शासन से मंजूरी मिलते ही आयोग इस भर्ती का विज्ञापन जारी कर देगा।आयोग ने तीन साल पहले दिसंबर-2020 में राज्य कृषि सेवा के 564 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था। इसके बाद इन पदों पर कोई भर्ती नहीं हुई। आयोग ने 28 जुलाई 2023 को सूचना जारी की थी कि सम्मिलित राज्य कृषि सेवा परीक्षा, अपर निजी सचिव (एपीएस), समीक्षा अधिकारी (आरओ) /सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) की भर्ती जल्द ही संभावित है।इसके बाद आयोग की ओर से एपीएस एवं आरओ/एआरओ भर्ती का विज्ञापन जारी किया जा चुका है और अब सम्मिलित राज्य कृषि सेवा भर्ती का विज्ञापन जारी होने का इंतजार है। पहले यह भर्ती पीसीएस परीक्षा के माध्यम से होती थी। वर्ष 2020 के विज्ञापन से इस भर्ती को अलग कर दिया गया और राज्य कृषि सेवा का गठन करके अलग परीक्षा आयोजित की गई।अब दूसरी बार राज्य कृषि सेवा के पदों पर अलग से भर्ती होने जा रही है। इस बार आयोग को इस भर्ती के लिए कुछ नए पदों का अधियाचन मिला है, जिनके लिए पाठ्यक्रम में परिवर्तन किया जा रहा है। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही आयोग भर्ती का विज्ञापन जारी करेगा। तब तक पदों की संख्या भी बढ़ सकती है। आयोग को अब तक 175 पदों का अधियाचन मिल चुका है।इससे पूर्व सम्मिलित राज्य सेवा परीक्षा-2020 के तहत सात प्रकार के 564 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। चयन तीन चरणों में प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और इंटरव्यू के माध्यम से किया गया था। इंटरव्यू केवल ग्रुप-ए के दो प्रकार के पदों के लिए हुआ था और ग्रुप-बी के पांच अन्य प्रकार के पदों पर चयन मुख्य परीक्षा के आधार पर किया गया था। अंतिम परिणाम में 461 अभ्यर्थियों को चयनित घोषित किया गया है और 103 पद अभ्यर्थियों द्वारा न्यूनतम दक्षता मानक अंक न प्राप्त करने के कारण खाली रह गए थे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत, दूसरा घायल, हंडिया फ्लाईओवर पर हुआ हादसा

प्रयागराज। हंडिया थाना क्षेत्र के हंडिया फ्लाईओवर पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। बाइक पर सवार दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद घायल अस्पताल भेजवाया गया। घटना की सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंच गए।बुधवार को दोपहर करीब पौने तीन बजे झूंसी निवासी दो युवक स्प्लेंडर बाइक यूपी 70 जीएच 3129 से जा रहे थे। हंडिया फ्लाईओवर के पर किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसा इतना जबर्दस्त था कि दोनों उछलकर दूर जा गिरे। देवेंद्र उर्फ बंटू (28) पुत्र बच्चू निवासी ग्राम कनिहार झूंसी प्रयागराज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी बलराम (26) पुत्र पारसनाथ निवासी कनिहार झूंसी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायल को तत्काल अस्पताल भेजा गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस टक्कर मारने वाली वाहन का पता लगाने में जुट गई।

आयुष विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से रन फार आयुर्वेदा थीम पर आधारित निकाली गई जागरूकता रैली

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ0 शारदा प्रसाद ने बताया है कि प्रतिवर्ष धनतेरस का पर्व आयुर्वेद प्रवर्तक भगवान धनवन्तरि के प्राकट्योत्सव के उपलक्ष्य में आयुर्वेद दिवसके रूप में मनाया जाता है, इस वर्ष यह पर्व 10 नवम्बर को है। इस अवसर पर आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा ह्यह्यअष्टम आयुर्वेद दिवसह्लह्ल के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं, जिसमें उत्तर प्रदेश राज्य आयुष विभाग द्वारा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जा रहा है तथा जनस्वास्थ्य की जरूरतों को आयुष पद्धति से पूरा करने के लिए प्रत्येक जन सामान्य को जोड़ने के उद्देश्य से इस वर्ष आयुर्वेद दिवस की थीम ह्यह्यहर दिन हर किसी के लिये आयुर्वेदह्लह्ल रखी गई है।इसी क्रम में आयुष विभाग जनपद प्रयागराज द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से दिनांक आज दिनांक 08 नवम्बर को ह्यह्यरन फार आयुवेर्दाह्लह्ल थीम पर एक जागरूकता रैली स्थानीय ह्यह्यअमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद उद्यान सिविल लाइन्सह्लह्ल मुख्य द्वार से हनुमत निकेतन तुलसीदास चैराहा, सिविल लाइन्स तक निकाली गई। रैली का शुभारम्भ डा0 अशोक कुमार मौर्य, परियोजना निदेशक द्वारा तथा नेतृत्व डॉ0 शारदा प्रसाद क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, प्रयागराज द्वारा किया गया। इस रैली में होम्योपैथिक विभाग के प्रतिनिधि डॉ0 हरिश्चन्द्र कुशवाहा एवं आयुर्वेद विभाग से डॉ0 अशोक कुशवाहा, डॉ0 राजेश चन्द्र मौर्य, डॉ0 श्वेता सिंह, डॉ0 राजतिलक तिवारी, डा0 अजीत प्रताप सिंह, डॉ0 अशोक सरोज, सतीश चन्द्र दुबे, जय प्रकाश श्रीवास्तव, अरूणेश मित्र, प्रियदर्शिनी राठौर तथा आयुर्वेद व होम्योपैथिक विभाग प्रयागराज के समस्त कर्मचारियों ने रैली को सफा बनाने में बढ़-चढ़ कर योगदान दिया।

मथुरा वृंदावन कॉरिडोर निर्माण मामले में फैसला सुरक्षित, दोनों पक्षों ने पेश की दलीलें

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट में बुधवार को मथुरा, वृंदावन कॉरिडोर मामले में सुनवाई जारी रही। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित कर लिया है। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव ने सुनवाई करते हुए दिया है। इसके पहले सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों के वकीलों ने अपनी-अपनी दलीलें कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत की। इस मामले की सुनवाई कई दिनों से लगातार चल रही है। बता दें कि तीर्थनगरी मथुरा के वृंदावन में कॉरिडोर बनाने के मामले की सुनवाई मंगलवार को भी इलाहाबाद हाईकोर्ट में हुई थी। सुनवाई के दौरान सेवायतों ने सरकार के सामने एक शर्त रख दी। हालांकि सरकार की तरफ से भी इस शर्त का तत्काल जवाब दिया गया। इससे सरकार के विजन पर संशय की स्थिति नहीं रह गई है। वृंदावन में कॉरिडोर बनाए जाने का स्थानीय सेवायत शुरू से ही विरोध कर रहे हैं। मंगलवार को मामले की सुनवाई हुई तो उन्हें भी अपना पक्ष रखने का मौका मिला। सेवायतों ने कहा कि सरकार हमें जमीन दे दे, हम मंदिर बना लेंगे। इसी नए मंदिर में श्रीबांके बिहारी

जी को स्थापित कर लेंगे। सेवायतों के इस बयान से कुछ समय के लिए तो लगा कि बात फंसेगी। लेकिन, सरकार का विजन साफ है। सरकार की तरफ से इस पर आपत्ति उठाई गई। साफ शब्दों में कहा गया कि किसी भी हालत में मंदिर को शिफ्ट नहीं किया जा सकता है। यानी सरकार ने इस प्रस्ताव को मना कर दिया। अब अगली सुनवाई में अन्य बिंदुओं के साथ बात आगे बढ़ेगी। ज्ञात हो कि वृंदावन में कॉरिडोर बनाने का सेवायत लगातार विरोध कर रहे हैं। कुछ समय पहले उन्होंने बाजार बंद करके प्रदर्शन किया। इसके बाद हाथ में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि कॉरिडोर बन जाने से उनका रोजगार प्रभावित होगा। इससे उनके परिवार को आर्थिक संकट से जूझना पड़ेगा। मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है।

लोगो को धोखा देकर उनसे ठगी करने वाला गिरफ्तार

नैनी। नैनी पुलिस ने बुधवार को एफसीआई गेट के पास से धोखाधड़ी व फर्जी व कूटर रचित दस्तावेज तैयार करने एक एक वांछित को गिरफ्तार किया हैं। इंस्पेक्टर नैनी यशपाल सिंह ने बताया कि क्षेत्र में सीधे साधे लोगों को अपनी जाल में फंसा उनसे रुपये एठने के मामले में एक वांछित को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए वांछित चन्द्रकान्त वर्मा पुत्र स्व० तेजनारायण वर्मा निवासी 40 चकलाल मोहम्मद बगिया नियर एफसीआई गेट व उसके साथियों के विरुद्ध नैनी थाने में धोखधड़ी, एससीएसटी समेत अन्य मामले दर्ज थे। उक्त प्रकरण में इससे पूर्व 31.10.2023 को अभियुक्तगण करमचन्द्र पाण्डेय पुत्र राजाराम पाण्डेय निवासी 147 बादपुर मंगला प्रसाद इण्टर कालेज तहसील मेजा जनपद प्रयागराज हालपता काजीपुर ददरी नैनी, ओम प्रकाश मिश्रा पुत्र मिश्री लाल निवासी कुखुड़ी बामपुर थाना माण्डा जनपद प्रयागराज व सुमित उर्फ अविनाश मिश्रा पुत्र राजकुमार मिश्रा निवासी नन्दन तालाब अरैल थाना नैनी। को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। बुधवार को परमानन्द सिंह चौकी प्रभारी अरैल थाना नैनी व उ0नि0 उमाशंकर सिंह यादव चौकी प्रभारी कस्बा नैनी थाना नैनी, उ0नि0 चद्रिका यादव चौकी प्रभारी गंगोत्री नगर थाना नैनी ने वांछित को गिरफ्तार।

कैंब्रिज हाईस्कूल में इंटर हाउस स्पोर्ट्स मीट का आगाज, खेलकूद में बच्चे दिखाएंगे प्रतिभा

बुधवार से हुआ तीन दिवसीय आयोजन का शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

बारा/शंकरगढ़। कैंब्रिज हाईस्कूल एंड कॉलेज का इंटर हाउस स्पोर्ट्स मीट 2023-24 (वार्षिक खेलकूद) का बुधवार को शुभारंभ किया गया। यह आयोजन तीन दिन चलेगा। कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्यालय के संरक्षक रामचंद्र त्रिपाठी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प-माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित किया। तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। रामचंद्र त्रिपाठी ने कहा, बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद अति आवश्यक है । खेलकूद के माध्यम से बच्चों में आपसी भाईचारा और समाज को नेतृत्व प्रदान करने का एक शुरूआती अनुभव मिलता है। एनएसके इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रताप बहादुर सिंह ने कहा कि आजकल हमारे क्षेत्र व प्रदेश के लडके राष्ट्रीय स्तर पर खेलकूद में एक अच्छा स्थान प्राप्त कर हमारे देश का नाम रोशन कर रहे हैं। इन बच्चों में से ही कोई लडका

यहां से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम रोशन कर अपने क्षेत्र को, अपने विद्यालय के और अपने माता-पिता का नाम रोशन करेगा। विद्यालय के वार्षिक खेलकूद के सीनियर, जूनियर और प्राइमरी स्तर के लिए खो-खो, दौड़, कबड्डी,जलेबी रेस, बिस्किट रेस, बैडमिंटन, क्रिकेट, लंबी कूद आदि विभिन्न तरह के खेलकूद का कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी बालेंद्र पांडेय, एनएसके इंटर कॉलेज शंकरगढ़ के प्रधानाचार्य प्रताप बहादुर सिंह, अशोक कुमार त्रिपाठी, शिक्षक मणिशंकर दुबे, सौरभ प्रकाश,पंकज मिश्र, पंकज श्रीवास्तव, मनोज तिवारी, सुधीर नारंग, अखिलेश पांडेय, राजेश गोस्वामी, नवीन विश्वकर्मा, प्रीति सेन, वंदना शुक्ला, रीतू सुसारी, सिम्मी गुप्ता, रीना गोस्वामी, रेखा सिंह, मधु केसरवानी, ऊषा सिंह, स्मिता आदि उपस्थित रहीं।

अमृत कलश लेकर नई दिल्ली गए युवा स्वयंसेवकों का जनपद वापसी पर भव्य स्वागत

स्वागत समारोह में प्रतीक चिन्ह एवं माल्यार्पण कर युवा स्वयंसेवकों का सम्मान

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। मेरी माटी मेरा देश अभियान जनपद में वृहद रूप से आयोजित हुआ। जिले की ग्राम पंचायतो में जिला प्रशासन के सहयोग से नेहरू युवा केंद्र के युवा स्वयंसेवकों द्वारा अमृत कलश यात्राएं आयोजित हुई। अमृत कलश यात्रा जनपद मुख्यालय से लखनऊ होते हुए नई दिल्ली गई जहां पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अमृत कलश यात्रा का स्वागत व सम्मान किया गया।

जिले के नेहरू युवा केंद्र व नेहरू युवा केंद्र के 36 युवा स्वयंसेवक की आज जनपद वासी पर प्रसिद्ध समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य, सांसद प्रतिनिधि विवेक उपाध्याय, नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक समर बहादुर सिंह, पूर्व सहायक सूचना निदेशक आरबी सिंह, नेहरू युवा केंद्र के लेखाकार विनय कुमार मिश्र आदि ने प्रतीक चिन्ह देकर तथा माल्यार्पण कर सम्मानित किया। अमृत कलश यात्रा स्वागत समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने नेहरू युवा केंद्र के युवा स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए कहा कि स्वयंसेवकों द्वारा पूरे उत्साह के साथ मेरी माटी मेरा देश अभियान का उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र के नेतृत्व में पूरे जनपद की ग्राम पंचायतो में अमृत कलश यात्रायें आयोजित की गई। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि सांसद प्रतिनिधि विवेक उपाध्याय ने अमृत कलश यात्रा के सम्बन्ध में अपने सम्बोधन में कहा कि जिले में अमृत कलश यात्राओं का भव्य आयोजन हुआ। इसमें युवा स्वयंसेवकों का सराहनीय योगदान रहा।

युवा स्वयंसेवकों का सम्मान करते नेहरु युवा केन्द्र के पदाधिकारी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक समर बहादुर सिंह ने अमृत कलश यात्रा के संबंध में विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मेरी माटी मेरा देश आयोजन में जिले के जनप्रतिनिधियों, जिला एवं पुलिस प्रशासन का विशेष सहयोग रहा। उन्होंने प्रचार प्रसार में सहयोग के लिए मीडिया के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन लेखाकार नेहरू युवा केंद्र विनय कुमार मिश्र ने किया। अमृत कलश यात्रा जिला युवा कल्याण अधिकारी के0के0 सिंह के नेतृत्व में नई दिल्ली गई थी। कलश यात्रा में युवा स्वयंसेवक राकेश कुमार सिंह, आशीष मिश्रा, आदर्श मिश्रा, जयप्रकाश पांडेय, श्याम नारायण पटेल, अभिषेक पांडे, रंजीत सिंह यादव, आशु गुप्ता, अनामिका, नमन कुमार तिवारी, आयुष मिश्रा, कविता गौतम, रश्मि मिश्रा, हिमांशु मिश्रा, जूही देवी, गरिमा सिंह, सिद्धार्थ सिंह, राज यादव, विश्वजीत सिंह, मनीष शर्मा, विख्यात मिश्रा, आशुतोष ओझा, यश खंडेलवाल, अरविंद मौर्या, वीरेंद्र मौर्य, जमीला बानो, जरीना बानो, आदित्य वर्मा, विमल कुमार, अमित मौर्य, शिवसागर, मोहम्मद तनवीर, अमित सरोज आदि रहे।

बिक्री के लिये जा रही एक मैजिक प्रतिबंधित मछली भंगवा चुंगी पर पकड़ी गई

पुलिस ने इसे मत्स्य विभाग को सौंपा

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। फूलपुर से सुल्तानपुर मैजिक से बेंचने ले जा रहे प्रतिबंधित मछली को कोतवाली क्षेत्र के मकन्दूगंज पुलिस चैकी के पास पकड़ लिया गया। पूरी मैजिक में प्रतिबंधित मछली थी। इसकी जांच पड़ताल करने पर पता चला कि इसे बेंचने के लिये फूलपुर से सुल्तानपुर ले जा रहे थे।

इस बारे में मकन्दूगंज पुलिस चैकी इंचार्ज एके यादव ने बताया कि यह मछली स्वास्थ्य के लिये हानिकारक होती है, इसलिये इसे शासन से प्रतिबंधित किया गया है। इस प्रतिबंधित मछली की जानकारी होने पर पुलिस कर्मियों ने भंगवा चुंगी के पास रोक लिया और तलाशी लेने पर पुलिस कर्मियों ने जब मछली को देखा तो प्रतिबंधित मछली का पता चला। इसकी सूचना मत्स्य विभाग को दी गई। चैकी इंचार्ज ने बताया कि मत्स्य विभाग इसे नष्ट कर देगा और जिस स्थान पर यह मछली का उत्पादन हो रहा है और जो इसे खरीद रहा है, मत्स्य विभाग उन पर कार्यवाही कर सकती है। पुलिस ने यह भी बताया कि यह सामान्य मछली की तरह होती है लेकिन खाने में यह हानिकारक होने के कारण शासन ने इसके उत्पादन व बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है, इसी के तहत इसे यहां रोककर मत्स्य विभाग को सौंपा गया है।

प्रतिबंधित मछली के बारे में पूछताछ करती पुलिस।

सांसद की ओर से भाजपा नेत्रियों का हुआ सम्मान

मां शीतला का चित्र पाकर महिलाएं दिखी खुश

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। बेल्हा के सांसद संगम लाल गुप्ता के कार्यालय में भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारियों और मण्डल अध्यक्षों को सांसद के अनुज दिनेश गुप्ता ने दीपावली का उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया। इस उपहार में महिलाएं मां शीतला की बड़ी फोटो पाकर खुश दिखाई दी।

बताया जाता है कि सुप्रसिद्ध कथावाचक आचार्य शांतनु महराज के मुखारबिन्दु से शिवाजी की शौर्य गाथा सुनने के बाद महिलाओं को सांसद कार्यालय में बुलाकर उन्हें विशेष उपहार दिया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रुप से भाजपा की जिला मंत्री यशोदा शुक्ला, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्षा रुचि केसरवानी, जिला मीडिया प्रभारी सारिका श्रीवास्तव, प्रतिभा श्रीवास्तव, सुशीला सरोज, अंजू पाण्डेय, रचना चतुर्वेदी, निर्मला विश्वकर्मा के अलावा आरएसएस के सौरभ पाण्डेय भी मौजूद रहे। उपहार पाकर महिलाएं खुश दिखाई दी।

सांसद कार्यालय पर सम्मानित भाजपा नेत्रियां।

भागवत कथा में चेन स्नेचिंग करती पकड़ी गई महिलाएं

अर्जुनपुर में सात दिवसीय कथा के दौरान हुई घटना, कई महिलाओं की गायब हुई चेन

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। मंगलवार को एक चेन स्नेचिंग गैंग श्रीमद्भागवत कथा में दस्तक दे दी। भीड़-भाड़ का फायदा उठाते हुए कथा में आई कई महिलाओं के गले से सोने की चेन को उड़ा दिया।वहीं एक महिला ने चेन खींचते समय दो महिलाओं को रंगे हाथ पकड़ लिया। भीड़ का फायदा उठाते हुए गैंग के अन्य लोग भागने में सफल रहे। घटना को लेकर कथा स्थल पर अफरा-तफरी मच गई।

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अर्जुनपुर गांव में भाजपा नेता नागेश प्रताप सिंह छोटे सरकर के यहां श्रीमद्भागवत कथा का सात दिवसीय कार्यक्रम चल रहा है।मंगलवार को लगभग 8 बजे रात एक चेन स्नेचिंग गैंग कथा की सभा में श्रोता बनकर शामिल हो गई।इस दौरान गैंग में शामिल महिलाओं ने कथा में आई संजय की पत्नी व बेटी, अर्जुनपुर निवासी माधुरी, शोभा सिंह,गायत्री सिंह,मुन्ना,सीमा की चेन को उड़ा दिया। वहीं थाना उदयपुर क्षेत्र के बरुआ निवासी संजय की बेटी की चेन खींचते समय गैंग की महिला को लोगो ने दबोच लिया। पकड़ी गई महिला के पास से सीमा व संजय की बेटी की जंजीर बरामद हो गई,वही अन्य महिलाओं की चेन को लेकर गैंग से जुड़े अन्य लोग भागने में सफल रहे। गैंग की पकड़ी गई दो महिलाओं को पुलिस के हवाले कर दिया गया।इस दौरान कथा स्थल पर अफरा-तफरी मच गई।सूचना पर पहुंची पुलिस पकड़ी गई महिलाओं से पूंछ-ताछ करने में जुट गई। पूछ-ताछ के दौरान पता चला की उक्त गैंग का संचालन मऊ बडहल के पुरुष व महिलाएं करती है। पकड़ी गई महिलाओं को मुक्त कराने पहुंचे लगभग आधा दर्जन लोगो को भी पुलिस ने हिरासत में लेकर जांच में जुट गई। गैंग के लोग वीआईपी वाहन से चलते हैं। भीड़-भाड़ वाले कार्यक्रम को निशाना बना कर घटना को अंजाम देना इनका मुख्य उद्देश्य होता है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि घटना में शामिल कई पुरुष व महिलाओं को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछ-ताछ की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

जमीनी विवाद में महिला को आरोपियों ने पीट कर किया जख्मी

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। जमीनी रंजिश में एक महिला को आरोपियों ने मारपीट का जख्मी कर दिया, पीड़ित महिला ने आरोपियों के विरुद्ध शिकायती पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के हरईपट्टी गांव की रहने वाली पियारी पत्नी रामदयाल ने बताया कि बुधवार की सुबह उसके पड़ोसी जमीनी रंजिश में एक राय होकर लाठी डंडों से मारपीट कर जख्मी कर दिए। बीच बचाव करने आई उसकी पुत्री सरिता को भी आरोपियों ने मारा पीटा तथा उसके गले का मंगलसूत्र छीन लिया। पीड़ित महिला ने इस संबंध में नामजद तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

लोनिवि ठेकेदार संघ के अध्यक्ष बने विजय सिंह

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। लोक निर्माण विभाग के ठेकेदारों ने ठेकेदार संघ का गठन किया जिसमें लोक निर्माण विभाग के ठेकेदारों व अधिकारियों ने सहभागिता की। इस दौरान सर्व सम्मति से विजय सिंह सोनू को ठेकेदार संघ का अध्यक्ष चुना गया तथा उपाध्यक्ष पद पर पवन शुक्ला, राजीव प्रताप सिंह, अभिषेक सिंह चुने गये। महामंत्री पद पर अनिल तिवारी, शिवेन्द्र सिंह, मोनू तिवारी चुने गये। जिला मंत्री पद पर राजेश सरोज, अंकित सिंह, महेन्द्र शुक्ल, कोषाध्यक्ष मधुर खण्डेलवाल व कार्यालय प्रभारी इमान खान चुने गये। सक्रिय सदस्यों में पीर मोहम्मद, मनू शर्मा, बसंत कुमार, कृपा तिवारी आदि लोग संघ के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस दौरान अधीक्षण अभियंता एनके यादव, अधिशाषी अभियंता ओपी चैरसिया, अजय कुमार, बीएम सिंह, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, राजा सिंह, अशोक मिश्रा, शेष दुबे, अनुराग सिंह, देवेन्द्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

युवा पीढ़ी तय करे कि भारत अगले 20 वर्षो मे कैसा होगाः प्रो0 त्रिपाठी

डिग्री कालेज कालाकांकर मे सांस्कृतिक महोत्सव कार्यक्रम का हुआ भव्य समापन

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। मदन मोहन मालवीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कालाकांकर प्रतापगढ़ मे बुधवार को एक दिवसीय युवा सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया है जिसके मुख्य अतिथि प्रो0 गिरीश चन्द्र त्रिपाठी पूर्व कुलपति काशी हिंदू विश्व विद्यालय व विशिष्ट अतिथि प्रो0 यू0 बी0 यादव पूर्व विभागाध्यक्ष, उप जिलाधिकारी कुंडा भरत राम रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकुमारी रत्ना सिंह सेकेटरी प्रशासकीय समिति एव कालेज प्रबंधिका रहीं।

रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम मे कार्यक्रम की अध्यक्षता मा0 राजकुमारी रत्ना सिंह ने मुख्य अतिथि गिरीश चन्द्र त्रिपाठी व विशिष्ट अतिथि प्रो0 यू0 बी0 यादव व उप जिलाधिकारी कुंडा भरत राम को गुलदस्ता भेटकर स्वागत किया कॉलेज के प्राचार्य प्रो0 शिवम श्रीवास्तव ने कार्यक्रम मे आये मुख्य व विशिष्ट अतिथियों को माला पहना कर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में अदिति, प्रगति शिवानी, आरती शेफा ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसका संचालन सृस्टि कुशवाहा ने किया। स्वागत भाषण प्रो0 रेखा सिंह ने किया। कार्यक्रम मे मुख्य व विशिष्ट अतिथियों ने अपने अपने विचार ब्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थी अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूरे तन मन से प्रयास करे तभी सफलता मिलती है। माता पिता व अपने गुरुओ का आदर करे व महिला सम्मान का विशेष ध्यान दें। सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक नृत्य गुजराती, लोकगीत, श्रीमद भगवद् गीता नृत्य, विदाई गीत, राम स्तुति, कृष्ण भजन, नारी सशक्तिकरण नृत्य व हास्य समाचार प्रस्तुत किये गये जिसे देख लोग गद गद दिखाई दिये। कार्यक्रम के संयोजक प्रो0 रेखा सिंह, प्रो0 सर्वेश कुमार सिंह, प्रो0 भूपेश प्रताप सिंह, डा0 सृस्टि कुशवाहा व आशुलता गुप्ता रहीं। राजकुमारी रत्ना सिंह ने आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कालेज प्राचार्य प्रो0 शिवम श्रीवास्तव ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। महा विद्यालय मे सर्वोच्च अंक विभिन्न विषयो मे प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल एव प्रमाण पत्र दिया। कार्यक्रम मे राजभवन भवन मैनेजर डा0 घनश्याम यादव व कालेज के शिक्षक प्रो0 रामकरन यादव, प्रो0 सूर्यभान सिंह, एस पी सिंह, डी सी आंनद, प्रीती सिंह, भूपेश सिंह, राजेंद्र बाबू, अब्दुल रज्जाक, अफसार अहमद, कैप्टन शमशाद अहमद इंटर कालेज प्रधानाचाय, ए के श्रीवास्तव केवीके प्राचार्य, कुंवर मनीष कुमार सिंह प्रधान कालाकांकर, प्रो0 विनीता सिंह, प्रो0 प्रदीप सिंह, प्रो0 उग्रसेन सिंह, राजेश केसरवानी, राजकुमार यादव, शीतला प्रसाद सोनकर भाजपा, रामलखन यादव आदि लोग उपस्थिति रहे।

डिग्री कालेज कालाकांकर मे आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण।

मुख्य अतिथि का स्वागत करते आयोजकगण।

शिक्षकों की भूमिका समाज व राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्णः अशोक

स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुआ समारोह का आयोजन

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। पट्टी नगर स्थित स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को प्राचार्य एवं शिक्षकों के अभिनंदन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मौजूद वक्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ उसके बाद मौजूद छात्राओं ने मां सरस्वती की वंदना किया फिर आए हुए अतिथियों का स्वागत गीत के माध्यम से अभिनंदन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पट्टी नगर अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल ने कहा कि शिक्षक की भूमिका समाज के निर्माण में बहुत ही महत्वपूर्ण है। शिक्षक युग निमार्ता होता है उनका अभिनंदन हम सभी के लिए बहुत ही गर्व का विषय है उन्होंने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अखिलेश पांडेय की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में महाविद्यालय नई ऊंचाइयों को स्पर्श कर रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री ने प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी परिवार समाज या संस्था का विकास तभी हो सकता है जब उसका मुखिया अपने मूल कर्तव्य पर चलता रहे । कार्यक्रम को प्रोफेसर पवन कुमार पचैरी डॉक्टर अखिलेश पांडे प्राचार्य सहित अन्य शिक्षकों ने संबोधित किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनिल यादव, डॉक्टर दिलीप सिंह, डॉक्टर बृजेश पांडे, डॉक्टर विकास सिंह, डॉक्टर के के आदित्य, डॉक्टर सुनील मिश्रा, डॉक्टर रागनी सोनकर, डॉक्टर देवेंद्र पांडे सहित कई लोग मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने किया।

आयुर्वेद दिवस पर एकीकृत आयुष चिकित्सा शिविर में 560 मरीज हुए लाभान्वित

शहीद उद्यान पार्क में लगा जांच शिविर

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। आठवें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर आयुष विभाग द्वारा निःशुल्क चिकित्सा एवं जांच शिविर का आयोजन शहीद उद्यान पार्क में किया गया। एकीकृत शिविर में लोगों को आयुर्वेद, होम्योपैथ, यूनानी चिकित्सा विधि का लाभ मिला।

शिविर का उद्घाटन करते हुये नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयास से योग दिवस की तरह आयुर्वेद दिवस भी विश्व स्तर पर मनाया जा रहा है। विडम्बना है कि लोग जल्द स्वस्थ होने के लिये एलोपैथ को वरीयता देते है लेकिन आयुर्वेदिक दवायें शरीर पर किसी प्रकार का दुष्प्रभाव नही डालती और इनका प्रभाव भी जल्द होता है। उन्होने बताया कि नगर क्षेत्र में 50 शैय्या के आयुष चिकित्सालय की भूमि के लिये प्रयास किया जा रहा है। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा0 दयाराम यादव ने बताया कि विभाग द्वारा पूरे जिले में, विद्यालयों में, गांवों में जाकर चिकित्साधिकारी छात्रों और किसानों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर रहे हैं। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 अवनीश पाण्डेय द्वारा लोगों को आयुर्वेदिक जीवनशैली अपनाते हुये दिनचर्या, ऋतुचर्या का पालन करने के साथ ही खान पान लेने की जानकारी दी गयी। डा0 रंगनाथ शुक्ला द्वारा राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड द्वारा बतलाये गये औषधीय पौधों की खेती और जैविक कीट नाशकों के बारे में बताया गया। डा0 भरत नायक ने रसोई में मौजूद मसालों और मोटे अनाज ज्वार, बाजरा, रागी के फायदे बताये। उन्होने कहा कि मोटे अनाज के सेवन से शुगर, ब्लड प्रेशर, गठिया सहित अनेक बीमारी से बचाव हो सकता है। जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डा0 ममता सचान ने कहा कि आयुर्वेद को जन जन तक पहुँचाने के लिये जन भागीदारी के साथ जन आन्दोलन भी आवश्यक है। शिविर में आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डा0 त्रिभुवन राम, डा0 रंगनाथ शुक्ल, डा0 शशेन्द्र सिंह, डा0 आकांक्षा पाण्डेय, डा0 ब्रहमानन्द, डा0 अवनीश पाण्डेय, होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डा0 प्रवेश सिंह, यूनानी चिकित्साधिकारी डा0 तनवीर जहीर अंसारी द्वारा 560 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। रोगियों को निःशुल्क शुगर जांच भी किया गया। इस अवसर पर डा0 मकसूद अहमद, खाद्य सुरक्षा अधिकारी डीपी सिंह, फार्मासिस्ट अशोक पाण्डेय, हरिश्चन्द्र प्रसाद, योग प्रशिक्षक राकेश कुशवाहा, शनि, विनोद मिश्र, सचिन श्रीवास्तव सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

आयुष चिकित्सा शिविर में बोलते नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह।

रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक संपन्न

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। रामपुर संग्रामगढ़ क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख नीतू सरोज ने किया तथा इसका संचालन खंड विकास अधिकारी अश्विनी सोनकर ने किया। सभी अधिकारियों द्वारा राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में विशिष्ट अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख पुष्पा, भूनेश्वर शुक्ल, जि.पं.स. दिलीप पाण्डेय, लालजी यादव, राकेश चतुर्वेदी आदि ने विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। बैठक में बी डी सी सदस्यों , ग्राम प्रधानों द्वारा विकास योजनाओं के प्रस्ताव सौंप गए। खंड विकास अधिकारी अश्विनी सोनकर ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में लगभग क्षेत्र पंचायत के अंतर्गत 74 लाख की कार्य योजना स्वीकृत है। जिसमें से लगभग 23 लाख का कार्य पूर्ण हो चुका है। इस वित्तीय वर्ष में प्रधान मंत्री आवास में लगभग 700 आवास स्वीकृत है।

टेबल टेनिस प्रतियोगिता में पीबीपीजी कालेज की सलोनी रही प्रथम

अर्न्तमहाविद्यालयीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता संपन्न

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सांगीपुर में प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय प्रयागराज का अन्तर्महाविद्यालयीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य डॉ०चन्द्र प्रकाश के निर्देशन में किया गया। विश्वविद्यालय के प्रवेक्षक के रूप में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीगंज के शारीरिक शिक्षा प्रभारी प्रोफेसर अंशुमान सिंह एवं निर्णायक की भूमिका पी० वी० कॉलेज प्रतापगढ के प्रोफेसर उपेंद्र सिंह एवं सरस्वती विद्यामंदिर के प्रोफेसर रविकांत कौशल ने निर्वहन किया। अर्न्तमहाविद्यालयीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में प्रथम स्थान प्रताप बहादुर सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रतापगढ की बी० ए० तृतीय वर्ष की छात्रा सलोनी शुक्ला द्वितीय स्थान राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सांगीपुर प्रतापगढ की बी०ए० तृतीय वर्ष छात्रा रेनू द्विवेदी एवं तृतीय स्थान राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सांगीपुर प्रतापगढ की छात्रा लक्ष्मी कनौजिया ने प्राप्त किया। बालक वर्ग में प्रथम स्थान राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय प्रयागराज कैम्पस के छात्र अर्जुन सिंह, द्वितीय स्थान विश्वविद्यालय कैंपस के ही शिव प्रसाद यादव एवं तृतीय स्थान राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सांगीपुर के छात्र शिवम् यादव ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता की संयोजिका राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सांगीपुर के शारीरिक शिक्षा विभाग की प्रभारी श्रीमती सीमादेवी ने सभी प्रतिभागियों को खेल की भावना से प्रेरित होकर खेलने के लिए सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में महाविद्यालय परिवार के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ०राम कुमार यादव, डॉ०राकेश कुमार शुक्ला, डॉ०विष्णु प्रताप सिंह, डॉ० मेवलाल यादव, जितेन्द्र कुमार, डॉ० देवेंद्र प्रताप सिंह, महेन्द्र कुमार यादव, अजीत कुमार, श्री नवीन सिंह, श्याम लाल, हीरालाल, विनोद को सहयोग दिखा।

आगरा में ड्यूटी के दौरान प्रतापगढ़ का लाल हुआ शहीद

इकलौते लाल के शहीद होने पर परिजनों में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। रानीगंज तहसील के दिलीपपुर थाना क्षेत्र के प्रजापतिपुर मुंडा गांव निवासी उमेश कुमार दुबे (30) वर्ष पुत्र कमलेश नारायण दुबे परिवार का इकलौता चिराग था। वह आर्मी में मेडिकल कोर आगरा में नायक पद पर तैनात था। प्रत्येक दिन की भांति उमेश कुमार दुबे बुधवार की सुबह ड्यूटी पर गया था। जहां पर करीब 8:30 बजे उसके सीने में अचानक तेज दर्द होने लगा तो उसे आनन-फानन में मिलिट्री हॉस्पिटल आगरा में भर्ती कराया गया, जहां पर ड्यूटी के दौरान अस्पताल में प्रतापगढ़ का लाल शहीद हो गया।

उमेश कुमार के शहीद होने की सूचना पिता कमलेश नारायण के पास आई तो वह आवाक रह गया। और उसके पैर के नीचे से जमीन खिसक गई। इकलौते जवान बेटे के शहीद होने की सूचना मिलते ही उसके पैतृक आवास पर लोगों की भारी भीड़ जुड़ गई। और पिता सहित परिजन आगरा के लिए रवाना हो गए। बता दे की शहीद जवान की पढ़ाई के साथ आर्मी की तैयारी कर रही है। उमेश की शादी 4 वर्ष पूर्व नेहा द्विवेदी के साथ हुई थी। अभी उमेश के बच्चा एक बच्चा भी नहीं हुआ था। और पत्नी की गोद सदैव के लिए सुनी हो गई। उमेश पिछले मई माह में चचेरी बहन की शादी में घर आया था। और परिजनों से दीपावली में छुट्टी लेकर घर आने की बात कहा था। लेकिन उसे शायद यह नहीं मालूम था कि अब वह कभी घर नहीं आएगा। प्रतापगढ़ के माता-पिता के इकलौते चिराग के देश की सेवा करते-करते शहीद होने की सूचना मिली तो परिजनों में कोहराम मच गया।

उमेश कुमार दुबे (फाइल फोटो)

उमेश कुमार दुबे अपने माता-पिता का इकलौता चिराग था। और उमेश पर ही पूरे परिवार की जिम्मेदारी थी। उमेश के तीन बहन थी कोमल मोनी प्राची अभी प्राची की शादी भी नहीं हुई है वह बी ए

वाराणसी से दर्शन करने शीतला धाम कड़ा आए यात्रियों के साथ सिराथू स्टेशन पर जमकर हुई मारपीट

दबंगो ने महिलाओ,बच्चो को भी पीटा,कई घायल, रेलवे पुलिस के इस कृत्य के बाद एक बार फिर रेलवे पुलिस की वर्दी कलंकित हुई है

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिले के सिराथू रेलवे स्टेशन पर चौरी चौरा एक्सप्रेस ट्रेन से उतरते ही कुछ युवकों और वाराणसी के सारनाथ से कड़ा शीतला धाम दर्शन करने आए श्रद्धालुओं के साथ कुछ कहासुनी हुई जिसके बाद दबंग युवकों ने मारपीट शुरू कर दिया दबंग युवकों ने कई अन्य लोगो को भी फोन कर बुला रखा था,जिससे बाद दबंगो ने महिलाओ, बच्चो एवम बुजुर्गो के साथ जमकर मारपीट की जिससे रेलवे स्टेशन पर काफी देर तक अफरा तफरी मची रही दबंग के उत्पात के आगे बीच बचाव करने का साहस कोई नहीं कर सका है रेल परिसर में खुलेआम बाहरी व्यक्तियों से मारपीट किए जाने का यह मामला बेहद शर्मनाक है और दबंग पर कार्रवाई किए जाने की लोगों ने मांग की। रेलवे स्टेशन सिराथू के प्लेटफार्म पर दबंग खुलेआम मारपीट करते रहे तो वही मौके पर मौजूद रेलवे जीआरपी पुलिस मूकदर्शक बन कर खड़ी रही रेलवे पुलिस के इस कृत्य के बाद एक बार फिर रेलवे पुलिस की वर्दी कलंकित हुई है।जिसके चलते लोगो में रेलवे पुलिस के प्रति आक्रोश भी है।दबंगो द्वारा मारपीट में कई लोग घायल हुए है जिनका इलाज सिराथू सीएचसी में हो रहा है। बताया जाता है कि वाराणसी से शीतला धाम कड़ा दर्शन करने परिवार बच्चों के साथ कुछ लोग बुधवार की सुबह आए थे जिनके साथ रेलवे परिसर में जमकर मारपीट की गई है जिससे कई यात्रियों को चोट आई है।

पांच लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने का अदालत ने दिया निर्देश

कौशांबी। पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के मुनीलाल के साथ 16 अक्टूबर 2023 को गाली गलौज मारपीट किए जाने के मामले में अदालत ने सुनवाई करते हुए सुनील कुमार तिवारी सहित पांच लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने का निर्देश पश्चिम शरीरा थाना पुलिस को दिया है प्रकरण के मुताबिक 16 अक्टूबर को मुन्नीलाल मंझनपुर न्यायालय आ रहा था गोराजू के पास उसे रोककर गाली गलौज मारपीट और जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया गया था प्रभाव के चलते सुनील कुमार तिवारी और उसके साथियों के विरुद्ध थाना पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया था जिस पर फरियादी ने अदालत में रिट याचिका दाखिल कर मुकदमा दर्ज कराए जाने की फरियाद की थी याची के फरियाद पर सुनवाई करते हुए अदालत में सुनील कुमार तिवारी और उसके साथियों पर मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया है।

न्यूज झरोखा

राइफल शूटिंग में राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित धर्मा देवी इंटर कॉलेज की 4 छात्राओं का किया गया सम्मान

कौशाम्बी। 67वीं प्रदेशीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित धर्मा देवी इंटर कॉलेज की 4 छात्राएं रेशमा देवी (स्वर्ण पदक विजेता), मधु देवी (रजत पदक विजेता), शिखा वर्मा (रजत पदक विजेता) एवम् खुशबू देवी (कांस्य पदक विजेता) को बुधवार को प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में वार्ड नंबर 09 जिला पंचायत सदस्य, कौशांबी मुंसाब अली उस्मानी के द्वारा माल्यार्पण, शील्ड एवम् अंगवस्त्रम से सम्मानित किया गया और राष्ट्रीय स्तर पर सफल होने हेतु आशीर्वचन दिए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ राम किरण त्रिपाठी ने जिला पंचायत सदस्य कौशांबी का माल्यार्पण कर आभार व्यक्त किया और जिला पंचायत सदस्य कौशांबी की इस पहल को एक अनुकरणीय एवम् प्रेरणादायक कदम बताया जिससे अन्य छात्र छात्राओं को उत्साह एवम् प्रेरणा प्राप्त होगी।कार्यक्रम में समस्त शिक्षक, छात्र/छात्राएं एवं अन्य क्षेत्रीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

भेलखा ग्राम वासियों की निगरानी में

चकबन्दी अधिकारियों की बैठक सम्पन

कौशाम्बी। मंझनपुर अंतर्गत भेलखा ग्रामसभा नगर पालिका परिषद मंझनपुर ग्राम वासियो की निगरानी में चकबंदी की मीटिंग 08 नवम्बर को संपन्न हुई जिसमें नगर पालिका अधिकारी ईओ उप सहायक चकबंदी अधिकारी सहित लेखपाल कानूनगो सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे ग्राम वासियों ने चकबंदी होने की सहमति जताई और यह भी देखने को मिला की जब कृषको ने सुना की चकबंदी होना तय है तो लोगो के बीच खुशी की लहर दौड़ पड़ी मौके पर उपस्थित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे सभासद अभय राज सरोज नागेंद्र सिंह यादव हरिओम नारायण सुरेंद्र सिंह यादव आलोपी सरोज पूर्व प्रधान रमेश रामलौटन भैयालाल पाल आदि मौजूद रहे।

अग्निकांड पीड़ितों से मिले पूर्व सांसद शैलेन्द्र कुमार

युनाइटेड भारत

भरवारी कौशांबी। बीते दिनों मनौरी बाजार में बूंदी की गोदाम में आग लगने के बाद ब्यापारी शंभू लाल केशरवानी का बड़ा नुकसान हुआ था इस अग्निकांड में कई मकान पूरी तरह से ध्वस्त हो गए थे कई वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं घटना में कई लोग लहूलुहान हुए थे मामले की जानकारी मिलने के बाद पूर्व सांसद जनसत्ता पार्टी के प्रधान महासचिव शैलेंद्र कुमार बुधवार को मनौरी स्थित शंभू लाल केशरवानी भाजपा नेता पूर्व ग्राम प्रधान के घर पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेने के बाद उन्हें ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है उन्होंने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में पीड़ित व्यापारी शंभू लाल केशरवानी के साथ पूरी जनसत्ता पार्टी खड़ी है और हर संभव मदद किया जाएगा इस दौरान उनके साथ तमाम पार्टी कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

ढोल तासे के साथ निकली बन्दर की शव यात्रा

संदीपन घाट पर हिंदू रीति रिवाज के साथ किया गया बन्दर का आंतिम क्रिया कर्म

युनाइटेड भारत

भरवारी कोशांबी। नगर पालिका परिषद अंतर्गत पुरानी बाजार में बुधवार की सुबह बन्दर की मौत हो जाने से वहा मौजुद हनुमान जी की बानर सेना ने मारे हुए बंदर को

नारद मोह के साथ शुरू हुई प्रथम दिन की रामलीला

कौशाम्बी। उदहिन बुजुर्ग चौराहा पर बुधवार 8 नवम्बर से सप्ताह भर होने वाली रामलीला नारद मोह के साथ शुरू हुई। पहले दिन की रामलीला में नारद मोह की लीला दिखाई गई। देवर्षि नारद जी द्वारा विवाह की इच्छा करने पर भगवान विष्णु उनके स्वरूप को बंदर का स्वरूप बना दिया जिससे कुपित होकर देवर्षि नारद जी ने भगवान श्री हरि को श्राप दिया कि जिस तरह आपने मेरा स्वरूप बंदर बनाकर मुझे अपमानित कर दुखी किया है और पत्नी का वियोगी बनाया है उसी तरह एक दिन आप भी पत्नी के वियोग में दुखी होकर भटकेंगे और यही बंदर एक दिन आपकी सहायता करेंगे। प्रथम दिन की रामलीला देखने आसपास गांवों के तमाम लोग इकट्ठा हुए और नारद मोह की लीला देखी। इस अवसर पर मेला एवं रामलीला कमेटी के अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य ने लोगों को भारी संख्या के साथ रोजाना रामलीला देखने का आह्वान किया और भगवान श्रीराम जी के जीवन चरित्र को निज जीवन में उतारने की बात कही। इस अवसर पर महाप्रबंधक श्रीचंद्र केसरवानी, डॉ राजेंद्र निर्मल, ज्ञान केसरवानी, घनश्याम केसरवानी, सतीश सिंह, डॉ अरविंद मौर्य, बिनोद सोनी, जीतू केसरवानी, बृजेंद्र तिवारी, कल्लू केसरवानी आदि मौजूद रहे।

दोषी ठेकेदार व अधिकारियों को बचाने की कवायद में

पाइप लाइन में वर्षों बाद भी नहीं शुरू हो पाई पानी की सप्लाई!

अखंड भारत संदेश

नगर पालिका परिषद मंझनपुर के ओसा रोड की पाइपलाइन मंझनपुर चौराहा से बस स्टॉप तक बिछाए जाने के नाम पर नगर पालिका का भारी भरकम रकम वर्षो पूर्व खर्च कर ठेकेदार को भुगतान कर दिया गया। घटिया क्वालिटी के पाइपलाइन डालकर कार्य करने वाले ठेकेदार से बिभाग की अधिकारियों ने साठगांठ कर मोटा कमीशन वसूल लिया। जांच के दौरान इस बात का खुलासा भी हुआ। जिम्मेदारों ने आशंका जाहिर किया कि यदि पाइप लाइन में पानी की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी तो घटिया क्वालिटी का पाइप फट जाएगा और जगह-जगह पाइप लीकेज होगा जिसके चलते दोषी ठेकेदार और अधिकारियों को बचाने की कवायद में पाइप लाइन में वर्षों बीतने के बाद भी पानी की सप्लाई नगर पालिका ने नहीं शुरू की है।

ऐसे में सरकार की उन योजनाओं का क्या मतलब है जो योजना जनहित में लागू न हो सके जनता के उपयोग में योजनाएं ना आ सकें। करोड़ों खर्च कर पाइपलाइन बिछाए जाने के इस मामले में यदि सूबे के मुख्यमंत्री ने जांच कराई तो नगर पालिका परिषद मंझनपुर के कार्यदायी संस्था अधिशासी अधिकारी और अध्यक्ष के ऊपर गाज गिरना तय है।

कौशाम्बी। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि हर घर जल हर घर नल के जरिए गांव-गांव पानी दिया जाएगा लेकिन नरेंद्र मोदी की योजना मंझनपुर मुख्यालय जैसे अति विशिष्ट स्थान पर लागू नहीं हो सकी है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अपने को तुर्रमखांन समझते हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आदेश नगर पालिका मंझनपुर में लागू होता नहीं दिख रहा है। नगर पालिका परिषद मंझनपुर के ओसा रोड की पाइपलाइन मंझनपुर चौराहा से बस स्टॉप तक बिछाए जाने के नाम पर नगर पालिका का भारी भरकम रकम वर्षो पूर्व खर्च कर ठेकेदार को भुगतान कर दिया गया। घटिया क्वालिटी के पाइपलाइन डालकर कार्य करने वाले ठेकेदार से बिभाग की अधिकारियों ने साठगांठ मोटा कमीशन वसूल लिया जांच के दौरान इस बात का खुलासा भी हुआ और जिम्मेदारों ने आशंका जाहिर किया कि यदि पाइप लाइन में पानी की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी तो घटिया क्वालिटी का पाइप फट जाएगा और जगह-जगह पाइप लीकेज होगा जिसके चलते दोषी ठेकेदार और अधिकारियों को बचाने के चक्कर में पाइप लाइन में वर्षों बाद में पानी की सप्लाई नगर पालिका ने नहीं शुरू की है जिससे नगर पालिका के भ्रष्टाचार का अंदाजा लगाया जा सकता है। सरकार की उन योजनाओं का क्या मतलब है जो योजना जनहित में लागू न हो सके जनता के उपयोग में योजनाएं ना आ सके करोड़ों खर्च कर पाइपलाइन बिछाए जाने के इस मामले में यदि सूबे के मुख्यमंत्री ने जांच कराई तो नगर पालिका परिषद मंझनपुर के कार्यदायी संस्था अधिशासी अधिकारी और अध्यक्ष के ऊपर गाज गिरना तय है।

गौर तलब है कि पुराने पाइप लाइन से नगर वासियों को पानी की सप्लाई मिल रही थी लेकिन यह कहकर नई पाइपलाइन बिछाए जाने का टेंडर स्वीकृत कर दिया कि पुराने पाइप लाइन से पानी कम मिलता है और नई पाइपलाइन के बाद ज्यादा पानी मिलेगा नए टेंडर के तहत पाइपलाइन बिछाए जाने के दौरान पुराने पाइप लाइन से कनेक्शन काट दिए गए जिससे उपभोक्ताओं को पानी मिलना बंद हो गया डेढ़ वर्ष पहले पाइप लाइन बिछाए जाने में नगर पालिका का भारी भरकम बजट खर्च कर दिया गया लेकिन वर्षो बीत जाने के बाद नगर वासियों को पानी की सप्लाई नहीं शुरू हुई है पुरानी पाइपलाइन से कनेक्शन काट दिए गए थे लेकिन नगर पालिका के अधिकारियों के अंधेरगर्दी की हद तो तब हो गई जब पुराने पाइप लाइन के कनेक्शन धारकों के पानी के बिल की वसूली नहीं बंद हुई है नगर पालिका परिषद मंझनपुर के ओसा रोड में लगभग 200 परिवार के लोग डेढ़ वर्ष से पानी के लिए तरस रहे हैं विभाग को पानी का बिल भी जमा कर रहे हैं हेरा फेरी फ्रॉड कर विभाग के अधिकारियों ने पानी कनेक्शन धारकों से लाखों रुपए की रकम तो विभाग के नाम पर वसूली कर ली है और जिन कनेक्शन धारकों ने पानी सप्लाई न मिलने पर बिल का भुगतान नहीं किया है उनके ऊपर बकाया बताया जा रहा है अब सवाल उठता है कि जब पानी की सप्लाई नगर पालिका नहीं दे पा रहा है तो बिल वसूली का उसे क्या अधिकार है आखिर हेरा फेरी धोखाधड़ी फ्रॉड करने की इनको नसीहत किस नेता अधिकारी ने दिया है किसके दम पर नगर पालिका के कुर्सी पर बैठकर हेरा फेरी धोखाधड़ी फ्रॉड किया जा रहा है जिससे योगी सरकार की छवि धूमिल हो रही है। नगर पालिका के ओसा रोड मोहल्ले के लोगों को बीते डेढ़ वर्षो से पानी की सप्लाई नहीं दी जा रही है पूर्व में उपभोक्ताओं को बिना पानी दिए जमा कराया गया पानी बिल की रकम का भुगतान उन्हें वापस कराया जाए बकाया बिल माफ किया जाए गलत वसूली करने वाले अधिकारियों को निलंबित किया जाए पानी बिल के नाम पर गलत तरीके से वसूली करने वाले नगर पालिका के अधिकारियों के ऊपर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी कराई जाए और डेढ़ वर्षो से जिन नगर वासियों को पानी नहीं मिला है उस क्षेत्र में तत्काल पानी की सप्लाई शुरू कराई जाए वरना नगर क्षेत्र के लोगों का आक्रोश सड़क पर उतर सकता है

कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु उच्च शिक्षा निदेशक से की मुलाकात

अखंड भारत संदेश

भरवारी कौशाम्बी। उच्च शिक्षा निदेशक उ.प्र. एवं वित्त नियंत्रक उच्च शिक्षा निदेशालय, प्रयागराज से महाविद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारी परिषद, उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु मुलाकात की सत्येंद्र कुमार सोलंकी प्रदेश अध्यक्ष महाविद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारी परिषद, उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने ब्रह्मदेव उच्च शिक्षा निदेशक प्रयागराज एवं पवन कुमार वित्त नियंत्रक उच्च शिक्षा निदेशालय, प्रयागराज से भेंट की एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के विभिन्न लंबित प्रकरणों एवं पत्रावलियों के शीघ्र निस्तारण हेतु वार्तालाप किया तथा परिषद द्वारा पूर्व में भेजे गए विभिन्न पत्रों एवं मांग पत्रों के शीघ्र निस्तारण हेतु आग्रह अनुरोध किया जिससे कि कर्मचारियों का हित हो सके प्रतिनिधि मंडल में श्री अरविंद कुमार यादव प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रयागराज मंडल के मंडल अध्यक्ष विशाल कुमार मंडल उपाध्यक्ष दिवाकर गर्ग मंडल सचिव विकास मालवीय एवं अन्य कई पदाधिकारी उपस्थित रहे,उच्च शिक्षा निदेशालय में वार्ता के बाद सभी पदाधिकारी एवं साथियों ने पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में पुरानी पेंशन बहाली शंखनाद एवं मोटर साइकिल रैली मे प्रतिभाग किया उक्त जानकारी सुधीर कुमार प्रदेश मीडिया प्रभारी महाविद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारी परिषद उत्तर प्रदेश ने दी है।

ग्राम सभा की सुरक्षित भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करने की शुरू हुई कार्रवाई

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम बरोला स्थित गाटा संख्या 563 जिसका रकबा लगभग 52 बीघा है, वह पशुचर खाते की भूमि है, इस ग्राम सभा की सुरक्षित भूमि पर ग्राम बभनपुरा व खरवा के लोगों द्वारा अवैध रूप से प्रतिवर्ष धान की फसल बोकर कब्जा करने की शिकायतें लगातार प्राप्त होने पर उप जिलाधिकारी मंझनपुर के द्वारा प्रकरण की सम्यक जांच कराई गई, राजस्व टीम के द्वारा जांच के दौरान प्रश्नगत भूमि की अभिलेखीय एवं स्थलीय जांच की गई। जांच के दौरान पाया गया कि उपरोक्त पशुचर खाते की भूमि पर ग्राम बभन पुरवा व खेरवा निवासी ज्ञान प्रकाश, राम प्रकाश, ओम प्रकाश, संगम गर्ग, बाबूलाल गर्ग, रामेश्वर गर्ग, राम प्रसाद, बिंदेश्वरी, जितेंद्र गर्ग, लव कुश, जय नारायण आदि के द्वारा मना करने के बावजूद विगत कई वर्षों से अवैध कब्जा करके धान की फसल बोई एवं काटी जाती है। उप जिलाधिकारी मंझनपुर के द्वारा नायब तहसीलदार, क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक, लेखपाल के साथ उपरोक्त सुरक्षित खाते की भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान पशुचर खाते की भूमि पर खड़ी धान की फसल को कटवा कर जप्त करने का निर्देश दिया गया जिसके क्रम में राजस्व टीम के द्वारा कंबाइन हार्वेस्टर के माध्यम से धान की फसल को कटवाते हुए ग्राम सभा की सुरक्षित भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने की कार्रवाई की जा रही है। अतिक्रमण कर्ताओं द्वारा उपरोक्त 52 बीघा पशुचर खाते की भूमि पर विगत कई वर्षों से लगातार धान व गेहूं की फसल बुवाई कर काटा जाता था।

बिजली उपभोक्ताओं को सरचार्ज में छूट देने के लिये एकमुश्त समाधान योजना

अखंड भारत संदेश

योजना का प्रथम चरण 08 नवम्बर से 30 नवम्बर तक पंजीकृत उपभोक्ताओं को मिलेगा सर्वाधिक लाभ

घरेलू उपभोक्ताओं और किसानों को सरचार्ज में 100 प्रतिशत की छूट किश्तों में भी भुगतान की सुविधा

कौशाम्बी। उत्तर प्रदेश की योगी की सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं को बिलम्बित भुगतान अधिभार (सरचार्ज) में छूट देने के लिए एक बार फिर से एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) लागू कर दीपावली का बड़ा तोहफा दिया है। यह योजना 08 नवम्बर से लागू होगी। योजना का प्रथम चरण 08 से 30 नवम्बर तक रहेंगा। इस अवधि में पंजीकरण कराने वाले ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के उपभोक्ताओं द्वारा बकाया चुकाने पर सरचार्ज में सर्वाधिक छूट मिलेंगी।विद्युत चोरी के प्रकरणों में उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। यह जानकारी अधिशासी अभियंता विद्युत अंकित कुमार ने देते हुए बताया कि ओटीएस में समस्त विद्युत भार वाले एलएमवी-1 (घरेलू), एलएमवी-2 (वाणिज्यिक), एलएमवी-4 बी (निजी संस्थान), एलएमवी-5 (निजी नलकूप) एवं एलएमवी-6 (औद्योगिक) उपभोक्ताओं को उनके सरचार्ज राशि पर अधिकतम छूट प्रदान की गयी है। उपभोक्ताओं को उनके बकाये पर किश्तों में भुगतान की सुविधा मिल रही। विद्युत चोरी के प्रकरणों में उपभोक्ताओं को भी एकमुश्त भुगतान या किश्तों के माध्यम से भुगतान की सुविधा दी गई है। उन्हें उनके मूल बकाये और जुमार्ने की राशि पर 65 प्रतिशत छूट का लाभ दिया गया है। योजना के प्रथम चरण 08 से 30 नवम्बर तक पंजीकरण कराने पर एक किलोवाट तक भार वाले घरेलू उपभोक्ताओं और किसानों को बकाये के पूर्ण भुगतान पर सरचार्ज में शत-प्रतिशत की छूट तथा 12 किश्तों में भुगतान पर 90 प्रतिशत की छूट मिलेंगी। योजना के तहत एक किलोवाट से अधिक भार तक के घरेलू उपभोक्ताओं को इस अवधि में पूर्ण बकाये पर 90 प्रतिशत की छूट 03 किश्तों में भुगतान पर 80 प्रतिशत की छूट तथा 06 किश्तों में भुगतान पर 70 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। 03 किलोवाट भार तक के वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को पूर्ण भुगतान पर 80 प्रतिशत की छूट, 03 किश्तों में भुगतान पर 70 प्रतिशत की छूट मिलेगी। 03 किलोवाट से अधिक भार वाले वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को पूर्ण भुगतान पर 60 प्रतिशत की छूट तथा 03 किश्तों में भुगतान पर 50 प्रतिशत की छूट मिलेंगी। इसी प्रकार निजी संस्थान और औद्योगिक श्रेणी के उपभोक्ताओं को इस अवधि में पूर्ण भुगतान पर 50 प्रतिशत तथा किश्तों में भुगतान पर 40 प्रतिशत की छूट मिलेगी। उपभोक्ताओं द्वारा किश्तों को नियत अवधि में जमा न करने पर 12 किश्तों के मामले में अधिकतम 03 डिफाल्ट की अनुमति होगी। किसी भी उपभोक्ता को लगातार 02 डिफाल्ट की अनुमति नही होगी। इसी प्रकार 06 किश्तों के प्रकरण में केवल एक डिफाल्ट की अनुमति होगी। निजी नलकूप के उपभोक्ताओ को 31 मार्च 2023 तक एवं अन्य सभी उपभोक्ताओं को 31 अक्टूबर 2023 तक के देय सरचार्ज में छूट प्राप्त होगी। उपभोक्ता इस अवधि में छूट के बाद देय धनराशि का सीधा भुगतान यूपीआई, जनसेवा केन्द्र, विद्युत सखी, मीटर रीडर, राशन की दुकान, किसी भी विभागीय कैश काउन्टर तथा वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान से इस छूट का लाभ ले सकते है। उपभोक्ता पावर कारपोरेशन की वेबसाइट पर जाकर योजना के अन्तर्गत छूट के बाद देय राशि की जानकारी ऑनलाइन प्राप्त कर सकते है। बिल पर लिखा खाता सं0 फीड करते ही उपभोक्ता को समस्त विवरण जिसमें देय धनराशि, मूल धनराशि, सरचार्ज में छूट, भुगतान हेतु राशि आदि परिलक्षित होगीं। उपभोक्ता के बिल में यदि संशोधन आवश्यक है तो योजना अवधि में अपने क्षेत्र से सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता एवं एसडीओ कार्यालय अथवा ग्रामीण क्षेत्रो में सीएससी केन्द्रों पर जाकर अथवा स्वयं भी उ.प्र.पा.का.लि. की वेबसाइट के उपभोक्ता कार्नर-सेवा अनुरोध-बिल सुधार अनुरोध में जाकर स्वयं को रजिस्टर कर बिल संशोधन का अनुरोध दर्ज कर सकता है। उपभोक्ता स्वयं भी अपना संशोधित बिल वेबसाइट पर देख सकता है। विद्युत चोरी के प्रकरणों में उपभोक्ता को देय निर्धारण राशि का 10 प्रतिशत पंजीकरण राशि के रूप में जमा कराना होगा। इसके पश्चात शेष राशि (छूट के बाद) को एकमुश्त अथवा 03 किश्तों में जमा कर सकेगा। जिन उपभोक्ताओं के विरूद्ध आरसी निर्गत है,उनको भी इस योजना का लाभ मिलेगा। अधिशासी अभियंता विद्युत ने बताया कि प्रदेश सरकार उपभोक्ताओं के हितों को सर्वोपरि रखते हुए छूट की एक बेहतर योजना लायी है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि इस योजना का शीघ्र लाभ लेकर अपना बकाया जमा कर दें।

सरस्वती शिक्षण संस्थान के बच्चों ने प्रतियोगिता में प्रस्तुत किए तरह तरह के विज्ञान मॉडल

शिवओम प्रथम,आशिका कोटार द्वितीय तो अनंत नारायण मिश्रा को मिला तृतीय स्थान

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। विकास खंड कौशाम्बी के विजिया चौराहा स्थिति सरस्वती शिक्षण संस्थान विजिया चौराहा के विज्ञानवर्ग के 63 छात्र छात्राओं ने विद्यालय में विज्ञान माडल प्रतियोगिता कराया गया जिसमे बच्चों ने अंतरिक्ष में हो रही खगोलीय घटनाओं तथा चंद्रयान 3 और सूर्यान अदित्य 1 स्वरचित चल चित्र और बच्चो के प्रदर्शनी में चंद्र ग्रहण सूर्य ग्रहण का प्रदर्शन, चंद्रयान की लांचिंग, किडनी फेफड़ा,हृदय शरीर में कैसे कार्य करता है ,ज्वाला मुखी का फूटना आकृति माडल कर प्रदर्शनी लगा कर प्रतिभाग किया जिसमे शिवओम कक्षा 9 को प्रथम स्थान तो अंशिका कोटार कक्षा 11 की छात्रा द्वितीय स्थान और अनंत नारायण मिश्रा कक्षा 8 को तृतीय स्थान मिला ।इस प्रतियोगिता में शामिल बच्चों का उत्साह वर्धन करने के लिए अन्य विषय वर्ग के छात्र छात्राओं सहित शिक्षक ने भी बच्चो द्वारा बनाए गए माडल के बारे में जानकारी लिया वहीं विद्यालय के प्रबंधक राजेश सिंह ने प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वालों बच्चों को पुरस्कृत किया और कहा कि विद्यालय में समय समय पर ऐसे कार्यक्रम होते रहते है और जो प्रतियोगी छात्रों को पुरस्कृत भी होते रहते है प्रधानाध्यपक भानु सिंह यादव ने उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि ऐसे कार्य से बच्चों का उत्साह बढ़ता है। कार्यक्रम में प्रबंधक राजेश सिंह प्रधानाध्यपक भानु सिंह यादव,भान सिंह सहित सभी अध्यापक और अध्यपिकाएं उपस्थित रहे।

संपादक की कलम से

जीवनदायिनी हैं आयुर्वेद की जड़ी-बूटियां

आज दुनिया में भारतीय पारंपरिक चिकित्सा पद्धति का डंका बज रहा है। विश्व के सभी देशों में आयुर्वेद पहुंच गया है। आयुर्वेद न केवल शारीरिक स्वास्थ्य, बल्कि समग्र स्वास्थ्य के बारे में बात करता है। आयुर्वेद दिवस हर साल धन्?वंतरि जयंती के दिन मनाया जाता है। इस बार आयुष मंत्रालय ने अन्य मंत्रालयों के सहयोग से लगभग सौ से अधिक देशों में इस दिवस को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाने की योजना बनाई है। इस वर्ष आयुर्वेद का विषय ह्यएक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद रखा गया है। भारत सरकार देश में 8वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस को एक महीने तक अभियान के रूप में मनाएगी। आयुर्वेद दिवस का मुख्य आयोजन 9-10 नवंबर 2023 को हरियाणा के पंचकुला में होगा। देशभर के किसान इस आयोजन में भाग लेंगे। इस अवसर पर किसानों को औषधीय पौधों की खेती के बारे में जानकारी दी जाएगी।

आयुर्वेद का जन्म लगभग पांच हजार वर्ष पहले भारत में हुआ था। इस औषधि का वर्णन करने वाले प्राचीन ग्रंथ 1500 ईसा पूर्व के हैं । विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा भी आयुर्वेद को एक पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली के रूप में स्वीकार किया गया है। आयुर्वेद प्राचीन भारतीय प्राकृतिक और समग्र वैद्य-शास्त्र चिकित्सा पद्धति है। संस्कृत भाषा में आयुर्वेद का अर्थ है जीवन का विज्ञान। आयुर्वेद के अनुसार व्यक्ति के शरीर में वात, पित्त और कफ जैसे तीनों मूल तत्त्वों के संतुलन से कोई भी बीमारी नहीं हो सकती, परंतु यदि इनका संतुलन बिगड़ता है, तो बीमारी शरीर पर हावी होने लगती है। अंग्रेजी दवाएं रोग से लड़ने के लिए डिजाइन की जाती हैं, वहीं आयुर्वेदिक औषधियां रोग के विरुद्ध शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाती हैं ताकि आपका शरीर खुद उस रोग से लड़ सके। आयुर्वेद के अनुसार कोई भी शारीरिक रोग शरीर की मानसिक स्थिति, त्रिदोष या धातुओं का संतुलन बिगड़ने के कारण होती है। आयुर्वेद चिकित्सक मरीज की रोग प्रतिरोध क्षमता, जीवन शक्ति, पाचन शक्ति, दैनिक दिनचर्या, आहार संबंधी आदतों और यहां तक कि उसकी मानसिक स्थिति की जांच करके रोग निदान करते हैं। आयुर्वेद रोग को जड़ से खत्म करता है। हम कह सकते है आयुर्वेद स्वास्थ्य की देखभाल करने की कारगर प्रणाली है। चरक संहिता के अनुसार आयुर्वेद का उद्देश्य स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करना और रोगी के विकारों को खत्म करना है। आयुर्वेद का अर्थ ही है आयु को जानने का संपूर्ण विज्ञान। आयुर्वेद सिर्फ एक चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है।

हजारों हजार सालों से हम बीमारी के इलाज के लिए पेड़-पौधों या संजीवनी बूटी माने जाने वाले पौधों का इस्तेमाल करते आये है। आयुर्वेद में जड़ी-बूटियों को दवाई के रुप में इस्तेमाल करने का उल्लेख मिलता है। बहुत सी अंग्रेजी दवाइयों के साथ आयुर्वेद, यूनानी, सिद्धा जैसी पद्धतियों में औषधीय पौधों का बहुतायत से प्रयोग हो रहा है। भारत सरकार के ऑल इण्डिया को-ऑर्डिनेटेड रिसर्च प्रोजेक्ट ऑन एथ्नो-बायोलॉजी द्वारा कराए गए एक सर्वेक्षण में यह बताया गया है की लगभग 8 हजार पेड़-पौधे ऐसे हैं जिनका उपयोग औषधीय गुणों के लिए किया जाता है। आयुर्वेद में लगभग दो हजार, सिद्धा में लगभग एक हजार और यूनानी में लगभग 750 पौधें ऐसे है जिनका उपयोग विभिन्न दवाओं के निर्माण में किया जाता है।

कोरोना संकट में प्रकृति और ऋषि मुनियों द्वारा अपनायी जाने वाली आयुर्वेद चिकित्सा ने हमारा ध्यान खिंचा है। कोरोना में सर्दी, जुकाम, खांसी, गले में खराश आम बात है। दादी नानी के आयुर्वेद नुस्खों ने इनका उपचार भी हमें बताया है। ये नुस्खे इतने ज्यादा कारगर हैं कि डॉक्टर और मेडिकल साइंस भी उन्हें मानने से मना नहीं करते हैं। हल्दी वाला दूध हो या नमक मिले गरम पानी के गरारे कोरोना के जुकाम और गले दर्द में दोनों ही कारगर इलाज है। अदरक को पानी में उबालकर और फिर शहद के साथ खाया जाए तो यह कफ, गले में खराश और गला खराब होने की दिक्कत से छुटकारा दिला सकती है। अदरक को शहद के साथ खाने से गले में होने वाली सूजन और जलन में भी राहत मिलती है। इसी भांति अजवायन, लोंग, काली मिर्च, तुलसी गिलोय, मलेठीयुक्त पान, शहद, दालचीनी आदि के नुस्खे भी संजीवनी साबित हुए है।

आयुर्वेद और योग भारत द्वारा पूरे मानव समाज और पृथ्वी को दिया अनमोल उपहार है। आयुर्वेद प्राकृतिक एवं समग्र स्वास्थ्य की पुरातन भारतीय पद्धति है। यदि हमें प्रकृति को बचाना है तो पर्यावरण संरक्षण पर जोर देना होगा। औषधीय पेड़-पौधे लगाने होंगे। जिससे पर्यावरण दूषित होने से तो बचेगा ही, साथ ही आयुर्वेद का प्रसार भी होगा।

महिलाओं पर नेताओं के बिगड़ते बोल



भारतीय राजनीति में छोटे-बड़े ऐसे कई नेता हुए हैं या हैं जिनकी जुबान का निशाना महिलाएं बनी हैं और फिर बवाल मचा है। बिहार विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तो हद कर दी । उन्होंने ऐसा कुछ बोला कि जनता सुन कर हैरान है । पहले आपको ऐसे ही अब तक कुछ दूसरे नेताओं की जुबान से निकले महिलाओं पर नेताओं के बिगड़े कुछ बोल वचन के बारे में बताते है फिर हम नीतीश कुमार पर आएंगे।

किसी समय समाजवादी पार्टी प्रमुख स्व. मुलायम सिंह यादव ने एक रैली में कहा था, "जब लड़के और लड़कियों में कोई विवाद होता है तो लड़की बयान देती है कि लड़के ने मेरा बलात्कार किया। इसके बाद बेचारे लड़के को फांसी की सजा सुना दी जाती है। बलात्कार के लिए फांसी की सजा अनुचित है। लड़कों से गलती हो जाती है।"

कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने भी महिलाओं पर कई बार विवादित बयान दिए है । एक पार्टी कार्यक्रम में उन्होंने जयंती नटराजन को 'टंच माल' कह दिया था। दिग्गी ने एक बार राखी सावंत पर टिप्पणी करते हुए कहा था अरविंद केजरीवाल और राखी सावंत जितना एक्सपोज करने का वादा करते हैं उतना करते नहीं हैं। उनके इस बयान पर राखी ने उन्हें 'सठिया गए हैं' कहकर झिड़का था।

शरद यादव महिलाओं पर कई बार अभद्र टिप्पणी कर चुके हैं। जेडीयू नेता शरद यादव ने बयान दिया था कि बेटियों की इज्जत से वोट की इज्जत बड़ी है, जिसके बाद सभी तरफ से इसका बयान का खंडन किया गया। शरद यादव ने साउथ की महिलाओं को लेकर कहा था, 'साउथ की महिला जितनी ज?यादा खूबसूरत होती है, जितना ज?यादा उसकी बॉडी।वह पूरा देखने में काफी सुंदर लगती है। वह नृत?य जानती है।' महिला आरक्षण विधेयक जब पहली बार संसद में रखा गया था तब उन्होंने कहा था कि, इस विधेयक के जरिए क?या आप 'परकटी महिलाओं' को सदन में लाना चाहते हैं। भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय ने कहा था, महिलाओं को ऐसा श्रृंगार करना चाहिए, जिससे श्रद्धा पैदा हो, न कि उत्तेजना। कभी कभी महिलाएं ऐसा श्रृंगार करती हैं, जिससे उत्तेजित हो जाते हैं लोग। बेहतर हैं कि महिलाएं लक्ष्मण रेखा में रहें। होली मिलन के एक कार्यक्रम में भाजपा नेता ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर को 'महिलाओं का शौकीन' बताया था।

छत्तीसगढ़ के कोरबा से भाजपा सांसद बंसीलाल महतो ने राज्य की लड़कियों के लिए ऐसे शब्द का इस्तेमाल किया था, जिसे लेकर उनकी काफी आलोचना हुई थी। महतो ने छत्तीसगढ़ के खेल मंत्री भैयालाल राजवाड़े का नाम लेते हुए कहा था कि वो अक्सर बोला करते हैं कि अब बालाओं की जरूरत मुंबई और कलकत्ता से नहीं है, कोरबा की टूरी और छत्तीसगढ़ की लड़कियां टनाटन हो गई हैं।

समाज में बढ़ती बलात्कार की घटनाओं पर पूछे गए सवाल पर हरियाणा की एक खाप पंचायत के नेता जितेंद्र छत्तर ने कहा था, "मेरे ख़्याल से फास्ट फूड खाने से बलात्कार की घटनाएं बढ़ती हैं। चाऊमीन खाने से शरीर के हार्मोन में असंतुलन पैदा होता है। इसी वजह से इस तरह के कार्य करने का मन करता है।"

राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यन स्वामी ने एक बार प्रियंका गांधी के लिए कहा था, 'वह बनारस से चुनाव हार जाएंगी क्योंकि बहुत शराब पीती हैं।' नेहरू और लेडी माउंटबेटन के संबंधों पर भी स्वामी विवादित टिप्पणी कर चुके हैं।

श्रीप्रकाश जायसवाल भाजपा नेता ने एक बार बयान दिया था कि, नई शादी का मजा ही कुछ और होता है और ये तो सब जानते हैं कि पुरानी बीवी में वो मजा नहीं रहता ।

गोवा के मुख्यमंत्री और भारत के पूर्व रक्षा स्व . मंत्री मनोहर परिकर ने लड़कियों के शराब पीने पर चिंता जाहिर करते हुए कहा था- 'मैं डरने लगा हूं क्योंकि अब तो लड़कियां भी शराब पीने लगी हैं। सहने की क्षमता खत्म हो रही है।'

बिहार विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तो हद कर दी ।हाल में ही संपन्न जाति आधारित सर्वे के आंकड़े आज विधानसभा में पेश करते समय विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पापुलेशन कंट्रोल पर बात रखते समय कुछ ऐसा कह गए जिससे विवाद खड़ा हो गया है। दरअसल, जनसंख्या नियंत्रण और महिलाओं की पढ़ाई को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश सदन में कुछ बोल रहे थे। हालांकि, मुख्यमंत्री ने कुछ ऐसा कह दिया जिस पर विधानसभा के अंदर भी विधायक सुनकर असहज हो गए। उन्होंने कहा कि बिहार में महिलाओं के साक्षरता बढ़ी है। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि अगर लड़कियां पढ़ी-लिखी रहेंगी तो जनसंख्या खुद पर खुद नियंत्रित हो जाएगा। उन्होंने कहा कि शादी के बाद तो पुरुष रात में रोज करता ही है ना। उसी में और बच्चा पैदा हो जाता है। इसके साथ ही उन्होंने जो कहा उसको लेकर विवाद और बढ़ गया । नीतीश ने कहा कि लड़की अगर पढ़ लिख लेगी तो उसको भीतर मत.... उसको डालो । इसी में संख्या घट रही है। हालांकि, नीतीश कुमार के इस अजीबोगरीब बयान पर कुछ महिला विधायक नाराज दिखीं तो वहीं कुछ विधायक हंस भी रहे थे। बिहार विधानसभा के बाद नीतीश कुमार ने परिषद में भी ज्ञाने की बातें की। जनसंख्या नियंत्रण पर बातें करते-करते नीतीश कुमार परिषद में कुछ अधिक ही बोल गए। यहां पर उन्होंने वो बातें कह दी, जिसे हम लिख नहीं सकते हैं। नीतीश कुमार जब परिषद में बयान दे रहे थे, तब उनके पीछे बैठी एक महिला मंत्री कभी इधर तो कभी उधर देख रही थी। शायद में मंत्री जी के मन में चल रहा होगा कि गलत समय पर यहां बैठ गई। तब ही तो वह मुंह छिपाने का भी प्रयास कर रही थीं।

परिषद में नीतीश ने जो कुछ भी कहा, उसे सुन हर कोई हैरान था। पक्ष और विपक्ष के विधायक भी नीतीश कुमार के बयान से परेशान थे। बिहार मुख्यमंत्री ने जो कुछ भी कहा उसे सुन भाजपा की विधान पार्षद निवेदता सिंह रो बैठी। सदन से बाहर आने पर निवेदता सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार को शर्मसार करने का काम किया है। भाजपा नेत्री ने कहा कि वे भी एक पिता हैं। हम भी मां, बहन, पत्नी और बेटी हैं। सदन में इस तरह का गंदा बयान देना कही से उचित नहीं है। निवेदिता सिंह ने कहा कि सदन में महिला विधायक और एमएलसी मौजूद रहीं। जिसका ख्याल नीतीश कुमार ने नहीं किया। मुख्यमंत्री बोल रहे थे और हम सभी उनकी बातों को सुन रहे थे। मैं तो सदन से बाहर निकल गई। अगर चाहती तो मुख्यमंत्री को जवाब देकर बाहर आती। लेकिन मेरे नेता वहां बैठे थे, इसलिए मैं चुप रही।

भाजपा एमएलसी ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहले विधानसभा में आपत्तिजनक बातें कही। विधान परिषद में हद पार करते हुए उन शब्दों का प्रयोग किया, जो कहीं से भी उचित नहीं है। शर्मनाक शब्दों का प्रयोग नीतीश कुमार ने क्यों किया, यह समझ से परे है। मुख्यमंत्री ने अपनी सारी मयार्दा को शर्मसार किया है। उनकी बातें मेरे कान गुंजती रहेगी । निवेदिता ने कहा कि जो विषय पर्दे के पीछे होता है, सारी दुनियां जानती है। मुख्यमंत्री अब किसको पढ़ाने लगे हैं। निवेदिता सिंह ने गुस्से में कहा, "मुख्यमंत्री जी विधानसभा और विधान परिषद में सेक्स विद्यालय क्यों नहीं खुलवा देते हैं? जो काम पर्दे के पीछे होता है जो सभी लोग जानते हैं उसे उन्होंने सदन में रखने का काम किया। मुख्यमंत्री ने पूरी महिलाओं को बेइज्जत कर किया है।" निवेदिता सिंह का कहना था नीतीश कुमार का इंटेंशन शुरू से खराब रहता है, किसी को भी कहीं भी अरे तरे कर देते हैं। कहा जाता है संगत से गुण होत है, संगत से गुण जाय। इनके डिप्टी मुख्यमंत्री नौवीं फेल हैं। मुख्यमंत्री जी तो इंजीनियर रहे हैं। इनकी भाषा अच्छी थी, लेकिन इन लोगों के साथ रहते-रहते उनकी भी आदत वैसी ही हो गई है।

अशोक भाटिया,
वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक एवं टिप्पणीकार

बारुद के ढेर पर पाकिस्तान

-अरविंद जयतिलक

आतंकवाद को प्रश्रय देने का नतीजा है कि पाकिस्तान को बार-बार खून के आंसू रोना पड़ रहा है। उसकी धरती बार-बार लहूलुहान हो रही है और आतंकियों के आगे उसकी सेना और खुफिया एजेंसी आईएसआई घुटने के बल पर है। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से संबद्ध तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान के आतंकियों ने पंजाब प्रांत के मियांवाली के टेज्निंग बेस पर हमला कर फिर साबित किया है कि बारुद के ढ़ेर पर बैठे पाकिस्तान को कभी भी तबाह कर सकते हैं। इस हमले में तीन विमान नष्ट हुए हैं और करोडों की संपत्ति का नुकसान हुआ है। हालांकि हमले में शामिल सभी आतंकी मार गिराए गए हैं फिर भी पाकिस्तान खौफजदा है। इसलिए कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के आतंकी पहले भी पाकिस्तानी एयरबेस को निशाना बना चुके हैं। याद होगा 2015 में इन्हीं टीटीपी के आतंकियों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की राजधानी पेशावर के निकट एयरफोर्स बेस बादाबेर पर हमला कर वायुसेना के 23 कर्मियों समेत कुल 42 लोगों की जान ली थी। तब टीटीपी के आतंकियों ने पाकिस्तानी दावे से इतर 50 सुरक्षाकर्मियों को मार गिराने का दावा किया था। टीटीपी के आतंकियों ने यह हमला पाकिस्तानी सेना द्वारा वजीरिस्तान में आतंकियों के सफाए के लिए चलाए जा रहे जर्ब-ए-अज्ब अभियान से नाराज होकर किया था। उस दरम्यान पाकिस्तान की सेना ने वजीरिस्तान में 2000 से अधिक आतंकियों को मार गिराया था। बदले की कार्रवाई के तौर पर टीटीपी के आतंकियों ने अटारी-बाघा सीमा पर बीटिंग रिट्रीट समारोह के दौरान भीषण आत्मघाती हमलाकर 60 लोगों की जान ली। टीटीपी ने दो कहा था कि यह हमला नार्थ वजीरिस्तान और खैबर इलाकों में सैन्य कार्रवाई का बदला है। उल्लेखनीय है कि टीटीपी पहले ही एलान कर चुका है कि वह जेहाद में इस्लामिक स्टेट के साथ है। मतलब साफ है कि टीटीपी और इस्लामिक स्टेट पाकिस्तान को बर्बाद करने का बीड़ा उठा रखे हैं। मई, 2011 में भी आतंकियों ने कराची के एयरबेस से जुड़े नौ सैन्य अड्डा पीएनएस मेहरान पर हमला कर पाकिस्तान के दो युद्धक विमानों समेत चार इंजन वाला अमेरिकी विमान पी-3 सीएन आरियान को उड़ा दिया था। यह हमला उस समय हुआ था जब पाकिस्तान की धरती पर अमेरिका द्वारा ओसामा-बिन-लादेन को मार गिराए जाने के बाद हाई अलर्ट घोषित था। 2016 में टीटीपी से जुड़े समूह जमातुल अहरार के एक आत्मघाती हमलावर ने गुलशन-ए-इकबाल पार्क में ईस्टर मना रहे 70 से अधिक लोगों की जान ली। टीटीपी ने कहा कि यह हमला पंजाब प्रांत के पूर्व गवर्नर सलमान तासीर के हत्यारे मुमताज कादरी को दी गयी फांसी का जवाब है। 16 दिसंबर, 2014 को भी टीटीपी के आतंकियों ने पेशावर के सैनिक स्कूल में अंधाधुंध गोलियां बरसाकर 150

से अधिक निर्दोष छात्रों की जान ली। उस समय भी उन्होंने कहा कि यह हमला जिहादियों के परिवारों पर हमले का जवाब है। मतलब साफ है कि टीटीपी ने पाकिस्तान के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। इन हमलों से साफ है कि पाकिस्तान में निर्वाचित सरकारों की नहीं बल्कि उन आतंकी संगठनों की चलती है जिनका मकसद पाकिस्तान में शरिया का राज कायम करना है। इन हमलों से पाकिस्तान को अहसास हो जाना चाहिए कि सांप को दूध पिलाना कितना महंगा और खतरनाक साबित होता है। यह हमला न सिर्फ पाकिस्तानी सरकार और सेना को चुनौती भर है बल्कि इस बात का भी संकेत है कि अगर पाकिस्तान ह्यगुड और बैड टेररिज्मह्ल के खोल से बाहर नहीं निकला तो वह दिन दूर नहीं जब उसका वजूद समाप्त नजर आएगा। यह सच्चाई भी है कि आज पाकिस्तान के 65 फीसदी भू-भाग पर आतंकी समूहों का कब्जा है। कौन नहीं जानता है कि पाकिस्तान की सेना और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई जैश-ए-मुहम्मद और जमात-उद-दावा जैसे कई संगठनों को खुलकर प्रश्रय देती है। भारत का मोस्ट वांटेड अपराधी दाऊद इब्राहिम करांची, इस्लामाबाद और पश्चिमोत्तर प्रांत को अपनी शरणस्थली बनाए हुए है। हाफिज सईद सरीखे आतंकी भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने में पाकिस्तान के मुख्य कर्ता-धर्ता हैं। पाकिस्तान की सरकार और सेना के समर्थन-सहयोग से ही उसके संगठन ने 2001 में भारतीय संसद और 2008 में मुंबई हमले को अंजाम दिया था। इस हमले में 166 लोग मारे गए थे। भारत ने पाकिस्तान को हाफिज सईद की मुंबई हमले में संलिप्तता के ढ़ेरों सबूत उपलब्ध कराए थे। लेकिन पाकिस्तान मानने को तैयार ही नहीं कि इसमें हाफिज सईद की संलिप्तता रही है। जबकि पाकिस्तानी मूल के अमेरिकी आतंकी डेविड कोलमैन हेडली द्वारा अमेरिकी अदालत में स्वीकारा जा चुका है कि 26 नवंबर, 2008 को मुंबई में हुए हमले की साजिशकताओं में आईएसआई, उसके संचालक मेजर इकबाल और लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद की महत्वपूर्ण भूमिका थी। आतंकियों से गठजोड़ के कारण ही भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ में पाकिस्तान को टेररिस्तान कहा। लेकिन पाकिस्तान सुधरने को तैयार नहीं है। फिलहाल दुनिया भी मान चुकी है कि पाकिस्तान एक टेररिस्तान देश है। याद होगा गत वर्ष पहले अमेरिकी गृहमंत्रालय की एक रिपोर्ट में पाकिस्तान को उन देशों में शामिल किया गया, जहां आतंकियों को सुरक्षित पनाह दी जाती हैं। कंट्री रिपोर्ट ऑन टेररिज्म के नाम से जारी इस रिपोर्ट में कहा गया कि पाकिस्तान आतंकी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करता है। इस रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान ने लश्करे तैयबा और जैश-ए-मुहम्मद जैसे आतंकी संगठनों के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया। ये सभी संगठन पाकिस्तान से संचालित होते हैं और यहीं पर उन्हें प्रशिक्षित भी किया जाता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि पाकिस्तान इन आतंकी संगठनों को फंडिंग करता है। गत वर्ष पहले अमेरिकी विदेश विभाग की वार्षिक रिपोर्ट से भी उद्घाटित हुआ कि पाकिस्तान के संघ प्रशासित कबायली क्षेत्र (फाटा), पूर्वोत्तर खैबर पख्तुनवा और दक्षिण-पश्चिम ब्लूचिस्तान क्षेत्र में कई आतंकी संगठन पनाह लिए हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक हक्कानी नेटवर्क, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान, लश्कर-ए-झंगवी और अफगान तालिबान जैसे अन्य आतंकी समूह पाकिस्तान और पूरे क्षेत्र में अपनी गतिविधियों की योजना के लिए इन पनाहगाहों का फायदा उठाते हैं। गौर करें तो पाकिस्तान में आतंकियों की बढ़ती ताकत सिर्फ पाकिस्तान के लिए ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व बिरादरी के लिए खतरनाक है। इसलिए और कि पाकिस्तान एक परमाणु संपन्न देश है और उसके पास सैकड़ों परमाणु बम हैं। उसके पास भयंकर आयुधों का जखीरा भी है। पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठानों पर बार-बार हो रहे आतंकी हमले से सवाल उठना लाजिमी है कि कहीं आतंकी जमात पाकिस्तान के परमाणु हथियारों को हासिल करने की फिराक में तो नहीं है? इससे इंकार नहीं किया जा सकता। याद होगा गत वर्ष पहले उद्घाटित हुआ था कि अमेरिका पाकिस्तान के परमाणु हथियारों को अपने कब्जे में लेने के लिए किसी आपात योजना पर काम कर रहा है। मई 2011 में अमेरिकी राष्ट्रपति के पूर्व सलाहकार जैक करावेल्ली ने बीबीसी-5 को दिए एक साक्षात्कार में कहा भी था कि पाकिस्तान के परमाणु हथियारों और सामग्री को कब्जे में लेने की गुप्त योजना मौजूद है।

गुणात्मक समृद्धि की अमृतवर्षा का पर्व है धनतेरस

-ललित गर्ग-

दीपावली से जुड़े पांच पर्वों में दूसरा महत्वपूर्ण पर्व है धनतेरस। धनतेरस के दिन भगवान धनवंतरी और मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है और इस दिन खरीदारी और दान-पुण्य करना भी शुभ माना जाता है। इस दिन को धन त्रयोदशी और धन्वंतरि जयंती के नाम से भी जाना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के जनक धन्वंतरि देव समुद्र मंथन से प्रकट हुए थे और प्रकट होते समय उनके हाथ में अमृत से भरा कलश था। यही कारण है कि इस दिन बर्तन खरीदे जाते हैं। हिन्दू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, धन संपदा की देवी मां लक्ष्मी धनतेरस के दिन ही समुद्र मंथन के दौरान प्रकट हुईं थीं इसीलिए ऐसा माना जाता है कि इस दिन सोना-चांदी घर लाने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती है, घर में सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली आती है और अच्छा भाग्य भी घर लाते हैं। सोना खरीदने से बुरी शक्तियां और नकारात्मक ऊर्जा घर से दूर होती है। कई परिवार इस दिन सोना-चांदी खरीदकर अपनी सैकड़ों साल पुरानी परंपरा का पालन करते हुए इस दिन दिव्यता एवं धन की देवी लक्ष्मी देवी की पूजा करते हैं।

धनतेरस धन की कामना का पर्व है। इस दृष्टि से यह अर्थव्यवस्था का पर्व है। अर्थ से अर्थ-व्यवस्था का सम्यक् एवं गुणात्मक संधान। इस दिन घर एवं बाजारों में आशा के दीप सजते हैं, मुद्रा का आदान-प्रदान होता है। मान्यता है कि इस दिन खरीदी गई चीजों में कई गुना वृद्धि हो जाती है। शास्त्रों में बताया गया है कि इस दिन कुछ उपाय करने से घर में धन-धान्य के भंडार भर जाते हैं और मां लक्ष्मी की कृपा सदैव बनी रहती है। तम मिटाती धनतेरस और प्रकाश बांटती लक्ष्मी यानी भारतीय पद्धति के अनुसार प्रत्येक आराधना, उपासना व अर्चना में आधिभौतिक, आध्यात्मिक और आधिदैविक इन तीनों रूपों का समन्वित व्यवहार होता है। इस तरह इस उत्सव में उपरोक्त तीनों प्रकार से लक्ष्मी की उपासना यानी धन एवं सुख-समृद्धि की कामना की जाती है। इस मान्यतानुसार इस उत्सव में भी सोने, चांदी, सिक्के आदि के रूप में आधिभौतिक लक्ष्मी का आधिदैविक लक्ष्मी से संबंध स्वीकार करके पूजन किया जाता हैं। घरों को दीपमाला आदि से अलंकृत करना इत्यादि कार्य लक्ष्मी के आध्यात्मिक स्वरूप की शोभा को आविर्भूत करने के लिए किए जाते हैं। जब हम धन का ध्यान करते हैं तो सार्वभौमिक आत्मा को अपनी प्रचुरता के लिए धन्यवाद देते हैं।

हम और ज्यादा के लिए भी प्रार्थना करतें हैं ताकि हम और ज्यादा समृद्ध हो सकें यह समृद्धि केवल सोना-चांदी-रूपयों की ही नहीं बल्कि ज्ञान, आनन्द आत्मविश्वास, शांति एवं प्रेम की भी होती है। सोना चांदी केवल एक बाहरी प्रतीक है। दौलत हमारे भीतर है। भीतर में बहुत सारा प्रेम, शांति और आनंद है। इससे ज्यादा दौलत आपको और क्या चाहिए? ज्ञान ही वास्तविक धन है। आपका चरित्र, आपकी शांति और आत्म विश्वास आपकी वास्तविक दौलत है। जब आप ईश्वर के साथ जुड़ कर आगे बढ़ते हो तो इससे बढ़कर कोई और दौलत नहीं है। यह शाही विचार तभी आता है जब आप ईश्वर और उसकी अनंतता के साथ जुड़ जाते हो। जब लहर यह याद रखती है कि वह समुद्र के साथ जुड़ी हुई है और समुद्र का हिस्सा है तो विशाल शक्ति मिलती है। धनतेरस ह्यआयुर्वेदह्ल का दिन भी है, क्योंकि जड़ीबूटियां भी धन हैं। जड़ीबूटियां और पेड़-पौधे भी धन हैं। ऐसा कहते हैं कि धनतेरस के दिन ही मानवता को अमृत दिया गया था।

भारतीय संस्कृति में धर्म-अर्थ-काम और मोक्ष जीवन के उद्देश्य रहे हैं। यहां इन्हें प्राप्त करने के लिए हमेशा से प्रयास होते रहे हैं। धनतेरस पर धन के साथ-साथ धर्म को भी यहां महत्व दिया गया है और दोनों के बीच समन्वय स्थापित किए जाने की आवश्यकता भी व्यक्त होती रही है लेकिन जब-जब इनके समन्वय के प्रयास कमजोर हुए हैं तब-तब समाज में एक असंतुलन एवं अराजकता का माहौल बना है। शास्त्रों में कहा गया है कि धन की सार्थकता तभी है जब व्यक्ति का जीवन सद्गुणों से युक्त हो। लेकिन हाल के वर्षों में समृद्धि को लेकर हमारे समाज की मानसिकता और मानक बदले हैं। आज समृद्धि का अर्थ सिर्फ आर्थिक सम्पन्नता तक हो गया है। समाज में मानवीय मूल्यों और सद्विचारों को हाशिये पर डाल दिया गया है और येन-केन-प्रकारेण धन कमाना एवं धन की कामना करना ही सबसे बड़ा लक्ष्य बनता जा रहा है। आखिर ऐसा क्यों हुआ? क्या इस प्रवृत्ति के बीज हमारी परंपराओं में रहे हैं या यह बाजार के दबाव का नतीजा है? इस तरह की मानसिकता समाज को कहां ले जाएगी?

ये कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न हैं, जिनपर धनतेरस जैसे पवित्र पर्व पर मंथन जरूरी है।

लक्ष्मीजी का स्वरूप त्रिगुणात्मक है। उनका वास तन, मन और धन तीनों में है। पांच प्रकार के सुख कहे गये हैं- तन, मन, धन, पत्नी और संतान। देवी भगवती कमला यानी लक्ष्मीजी के आठ रूप कहे गये हैं। आद्य लक्ष्मी या महालक्ष्मी (कन्या), धन लक्ष्मी (धन, वैभव, निवेश, अर्थव्यवस्था), धान्य लक्ष्मी (अन्न), गजलक्ष्मी (पशु व प्राकृतिक धन), सनातना लक्ष्मी (सौभाग्य, स्वास्थ्य, आयु व समृद्धि), वीरा लक्ष्मी (वीरोचित लक्ष्मी अर्थात रक्षा, सुरक्षा), विजया लक्ष्मी (दिगदिगंत विजय), विद्या लक्ष्मी (विद्या, ज्ञान, कला विज्ञान), इन आठों स्वरूपों को मिलाकर महालक्ष्मी का पर्व बना दिवाली। दिवाली अर्थात दीप पर्व। जहां इन आठों स्वरूपों का प्रकाश हो, वहां दिवाली निश्चित रूप से होती है। प्रकाश, पुष्टि, प्रगति की प्रार्थना के साथ। दूसरे अर्थ में समझिए। लक्ष्मीजी का वास एक लघु इकाई में है। एक माटी के दीपक में है। उसके प्रकाश में है। एक फकीर की भी दिवाली है तो एक अमीर की भी। एक कुम्हार की भी दिवाली है, तो एक सर्राफ की भी। यही लक्ष्मी है। मन की लक्ष्मी। सबकी लक्ष्मी। इसका आशय यह है कि तन, मन, धन, परिवार और संतान की पुष्टि एक दीप की तरह प्रकाशवान रहें। धनवर्षा के साथ, अमृतवर्षा के साथ।

हमारी समृद्धि गुणात्मक हो, लेकिन समृद्धि के नाम पर पनप रहा नया नजरिया न केवल घातक है बल्कि मानव अस्तित्व पर खतरे का एक गंभीर संकेत भी है।

पाइप चोरी आरोपियों को हुआ तीन-तीन हजार जुमार्ना

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सूबे के पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर जारी ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत न्यायालय में लम्बित वादों की पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी व पैरोकार रविप्रकाश कुमार की पैरवी से न्यायालय ने पाइप चोरी आरोपी को तीन-तीन हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया।

बुधवार को सहायक अभियोजन अधिकारी सिद्धार्थ सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट मऊ सुश्री संघमित्रा ने थाने में दर्ज पाइप चोरी के आरोपी राज उर्फ राज बाबू पुत्र हीरालाल, हीरालाल पुत्र राजाराम व भोंदू पुत्र हीरालाल निवासी छिवलहा को तीन-तीन हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया।

ज्ञात है कि 20 अगस्त 2008 को पूर्व थानाध्यक्ष चिरन्जीव मोहन ने बरगढ़ घाटी में रात में बिना लाइट के ट्रैक्टर में लदे 60 हजार कीमत के कास्ट आयरन पाइप बरामद किये थे। रात में अंधेरे का लाभ उठाकर तीनों लोग भाग गये थे। घटना बाबत थाने में तीनों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज हुआ था। पूर्व दरोगा सियाराम यादव ने विवेचना कर 25 नवम्बर 2008 को आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

नदी को मिला नया जीवन, डीएम के प्रयास की सराहना

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। नयागांव रपटा से बूडे हनुमानजी मंदिर तक दो सौ मीटर नदी किनारे की खुदाई पोकलेन मशीन से हुई। बड़े पैमाने पर किनारों से सिल्ट निकाली। मन्दाकिनी को यहां नया जीवन मिला।

बुधवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के प्रयास से नदी खुदाई व सफाई हो पाई है। उन्होंने न केवल सिंचाई विभाग से पोकलेन मशीन से नदी के बीच का टीला हटवाया, बल्कि नदी की खुदाई व सफाई करवा दी है। टीला के आसपास भारी भरकम सिल्ट से नदी पटी थी। उसकी खुदाई हुई। बुधवार को बूडे हनुमानजी तक नदी किनारे सिल्ट निकाली। दो सौ मीटर तक किनारों से नए जलस्रोत खुलने की उम्मीद है। मौके पर सिंचाई विभाग के एई गुरु प्रसाद भी डटे रहे। उनकी देखरेख में नदी खुदाई व सफाई जारी रहा। पोकलेन मशीन कार्य पूरा कर लौट गई। अजीत सिंह ने बताया कि पोकलेन मशीन चलने से नदी को नवजीवन मिला है। नदी की सुंदरता में चार चांद लग गए हैं। अभियान के लिए जिलाधिकारी के प्रति आभार जताया। सिंचाई विभाग के प्रयासों की भी सराहना की गई।

बराछ से डिप्टी कलेक्टर ने हटाया अवैध कब्जा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। भरतकूप क्षेत्र के बराछ गांव में सरकारी जमीन पर कुछ लोगों के अवैध कब्जे पर प्रशासन ने बुलडोजर चलवाया।

बुधवार को बराछ गांव में सरकारी जमीन पर कुछ लोग अवैध कब्जा कर उपयोग कर रहे थे। पूर्व में कई बार अवैध कब्जा हटाने को कहा गया, कब्जा नहीं हटाया। अवैध कब्जा स्थल पर पंचायत भवन का निर्माण बाधित हो रहा था। प्रधान ने पत्र भी दिया था।

सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को ध्वस्त कर कब्जेधारियों को चेताया कि भविष्य में अवैध कब्जा न करें। नव प्रोन्नत डिप्टी कलेक्टर अमित कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अवैध कब्जा चिन्हित कर कब्जे हटवाने की कार्यवाही जारी रहेगी। जरूरत पडने पर विधिक कार्यवाही भी की जाएगी।

दस्यु खरदूषण को गैंगेस्टर एक्ट में हुई छह वर्ष की सजा, दस हजार का जुमार्ना भी हुआ

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सूबे के पुलिस महानिदेशक के जारी आपरेशन कन्विक्शन के तहत न्यायालय में लम्बित वादों की पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निदेर्शों के अनुपालन में थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह व पैरोकार महेश्वरीदीन की पैरवी से न्यायालय ने गैंगेस्टर आरोपी दस्यु खरदूषण को छह वर्ष सात माह की सजा व दस हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया।

बुधवार को सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सनद कुमार मिश्रा की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर सत्र न्यायधीश/एफटीसी न्यू सुशील कुमार वर्मा ने बहिलपुरवा थाने में दर्ज गैगेस्टर एक्ट आरोपी खरदूषण उर्फ भइयन उर्फ टाइगर पुत्र हीरालाल निवासी नेउरा थाना मऊ को छह वर्ष सात माह की सजा समेत दस हजार रुपए के जुमार्ना से दंडित किया। ज्ञात है कि 15 अक्टूबर 2014 को पूर्व थानाध्यक्ष बहिलपुरवा सशीन्द्र प्रसाद शुक्ला ने खरदूषण समेत गैंग के छह लोगों पर गैगेस्टर एक्ट दर्ज किया था। पूर्व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी ने मामले की विवेचना का न्यायालय में आरोपी के खिलाफ एक जनवरी 2016 को आरोप पत्र दाखिल किया था। आरोपी 26 अप्रैल 2017 को गिरफ्तार हुये थे।

लम्बित विवेचनाओं को जल्द करें निस्तारित: सीओ

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय ने कार्यालय में थाना पहाड़ी के विवेचकों का अर्दली रूम किया।

बुधवार को सीओ श्रीमती निष्ठा उपाध्याय ने अर्दली रुम में लंबित विवेचनाओं की समीक्षा कर गुण-दोष पर जल्द निस्तारण के निर्देश दिये। सम्बन्धित विवेचकों से कहा कि आईजीआरएस से मिली शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करें। भूमि संबंधी विवाद पर उच्चाधिकारियों से मिले निदेर्शों अनुसार कार्यवाही करें।

अर्दली रूम में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्यामप्रताप पटेल, निरीक्षक अपराध शम्भू दयाल मौर्य एवं अन्य विवेचक मौजूद रहे।

निकायों को जोड भाजपा ने बना दी ट्रिपल इंजन की सरकार: आरके सिंह पटेल

सोशल मीडिया में सक्रिय रहें जनप्रतिनिधि: लवकुश

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। भाजपा कानपुर-बुन्देलखण्ड क्षेत्र के तीन जिलों महोबा, बांदा, चित्रकूट के नगरीय निकायों के वार्ड मेम्बरों का प्रशिक्षण स्वर्णिमा होटल सभागार में हुआ। प्रशिक्षण ममें बतौर मुख्य अतिथि राम किशोर साहू, अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी ने की।

बुधवार को मंचस्थ अतिथियों ने भाजपा के महापुरुषों डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अजातशत्रु पं दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर व दीप जलाकर प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ किया। पहले सत्र में भाजपा डबल इंजन सरकारों की लोककल्याण नीतियों व निर्णयों, धरातल पर क्रियान्वयन में भूमिका विषयक प्रदेश उपाध्यक्ष/जिला प्रभारी देवेश कोरी ने कहा कि भाजपा ने जिन संकल्पों को लेकर विचार यात्रा शुरू की थी, उन्हे पूर्ण बहुमत की सरकार के बाद क्रियान्वित किया। नारी तू नारायणी के संकल्प समेत किचेन से कैबिनेट तक महिलाओं के विकास को भाजपा की मोदी सरकार काम कर रही है। किसानो के कल्याण को अन्नदाता सुखी भवेत के संकल्प समेत बीज से लेकर बाजार तक उपाय कर रहे हैं। गरीब कल्याण को अन्त्योदयी संकल्प लेकर केंद्र से चलने वाले एक रुपए के हकदार के पास पूरा रूपया पहुंचाने का काम हो रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती कमलावती सिंह ने कहा कि भाजपा अन्त्योदय आधार पर कार्य कर रही है। भाजपा डबल इंजन सरकारें ऐतिहासिक कार्य करके आत्मनिर्भर भारत के पुनर्निर्माण का संकल्प पूरा कर रही है।

दूसरे सत्र में क्षेत्रीय महामंत्री/क्षेत्र के प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम संयोजक रामकिशोर साहू ने कहा कि पंचनिष्ठायें भाजपा का प्राण है। भाजपा ने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की आधारशिला पर विस्तार सुनिश्चित किया है। राष्ट्र प्रथम का विचार ही भाजपा की कार्यपद्धति का मूल है।

तीसरे सत्र में आदर्श जनप्रतिनिधि, कार्यालय जनसंवाद, भ्रमण, सोशल मीडिया विषय पर जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी ने कहा कि आदर्श जनप्रतिनिधि बनकर ही जननेता बना जा सकता है। हमारी कथनी-करनी में अन्तर नहीं होना चाहिये। जनप्रतिनिधिगण स्वतः को जनसंवाद को तैयार करें। जनहितैषी विषयों को निरन्तर सही पटलों पर रखें। लगातार भ्रमण कर जनसमस्याओं को जानने, निदान के प्रयास होने चाहिये। आदर्श जनप्रतिनिधि का स्वभाव जनप्रिय होना चाहिए। भाजपा के जनप्रतिनिधिगण आदर्श की मिसाल पेश करें। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को सोशल मीडिया में जुडकर सक्रिय रहना चाहिए। सोशल मीडिया जनसंवाद का सहज एवं सरल माध्यम है।

तीसरे सत्र के अध्यक्षीय भाषण में भाजपा जिलाध्यक्ष बांदा संजय सिंह ने कहा कि भाजपा के जनप्रतिनिधिगण कार्यालय को व्यवस्थित करें। कार्यालय से जनसंवाद सहज-सरल ढंग से चलेगा। जनप्रतिनिधि का कार्यालय आइना है।

चैथे सत्र में विभिन्न वार्डों, पंचायतों में सफल कहानियां, अनूठी पहल पर सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा डबल इंजन सरकार ने निकायों को तीसरा इंजन जोड़कर ट्रिपल इंजन सरकार बना ली है। निकायों के जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र में सरकार की योजनाओं को लागू करवाकर सफलता की अनूठी कहानी लिखें। प्रधान से लेकर प्रधानमंत्री तक भाजपा विचारधारा का हो, इस लक्ष्य पर काम कर रही हैं। अध्यक्षीय भाषण में भाजपा जिलाध्यक्ष महोबा अवधेश गुप्ता ने कहा कि पंचायतो के विकास के बिना देश का विकास सम्भव नही है। प्रशिक्षण वर्ग के संयोजक जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल, अखिलेश दीक्षित, महेन्द्र गुरूदेव, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, नगर पंचायत मऊ अध्यक्ष अमित द्विवेदी, आलोक पाण्डेय की मौजूदगी में प्रशिक्षण चार सत्रों में हुआ। इस मौके पर राजेश जायसवाल, अश्विनी अवस्थी, भागवत त्रिपाठी, तीरथ तिवारी, रवि गुप्ता, आदित्य, गौरव, घनश्याम पटेल, दीपक, आदित्य, सुखेन्द्र सिंह, शिवाकान्त पाडे, शैलेन्द्र सोनी, शुभम केशरवानी, श्रवण, शानू, अवध पटेल, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, अखिलेश, बिनीत पयासी, नीलम शुक्ला, शकुन्तला गुप्ता, नथिया देवी, सुखरनिया यादव, अनूप निगम, कौशल किशोर, राजीव शुक्ला, दिनेश सिंह, शान्ति देवी, रिंकू राजपूत, रामकृपाल मोर्या, कुन्ती देवी, संतोष कुमार, चन्दन देवी शाहू आदि शामिल रहे।

बालकों में है असीम प्रतिभायें, निखाने की जरूरत: डीएम

संत थॉमस का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। संत थॉमस हायर सेकेंडरी स्कूल के वार्षिकोत्सव में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बतौर मुख्य अतिथि नन्हे-मुन्ने बच्चों के सांस्कृति कार्यक्रम देखे। बच्चों की प्रतिभा की सराहना की। जिलाधिकारी ने दीप जलाकर वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि संत थामस स्कूल जिले में शिक्षा समेत सहगामी क्रियाकलापों में भी आगे है।

बुधवार को जिलाधिकारी ने बच्चों के प्रदर्शन देखकर कहा कि यहां के प्रिंसिपल, टीचर्स बच्चों के भविष्य निर्माण में कर्तव्यों का निर्वाहन कर रहे हैं। बच्चों की प्रतिभा से प्रतीत होता है कि यहां के बच्चे आगे चलकर इंजीनियर, डॉक्टर, आईएएस, पीसीएस समेत उच्च पदों पर पहुंचेंगे। जिले के साथ विद्यालय का भी नाम रोशन करेंगे।

प्रधानाचार्य दिनेश ने जिलाधिकारी समेत अतिथियों का स्वागत किया। बच्चों ने सांस्कृतिक गतिविधियों से स्वच्छता समेत जल ही जीवन है बचाने का संदेश दिया। बच्चों ने नाटकों से क्रोध-बदले की भावना से दूर रहकर जीने का संदेश दिया। प्रस्तुतियों में क्रोध एवं बदले की भावना से किये कार्य सर्वनाश की ओर ले जाते हैं, संदेश दिया। बच्चों ने नशा से दूर रहने, आपस में भाईचारा समेत जीवन जीने व देश-प्रेम का संदेश दिया।? नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंग-बिरंगी पोषाक में मनमोहक नृत्य पेशकर दर्शकों का मन मोहा। जिलाधिकारी बच्चों की प्रस्तुतियां देखकर उत्साह बढ़ाते रहे। बतौर विशिष्ट अतिथि बांदा-चित्रकूट कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा निखारने व चहुंमुखी विकास में ऐसे कार्यक्रम अहम भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम सफलता के पीछे फादर डेनिस समेत शिक्षक-शिक्षिकाओं की मेहनत को सराहा। इस मौके पर विद्यालय के मैनेजर फादर टी अरुल राज, फादर रोनाल्ड, फादर कांथा राज, फादर स्टीवन, फादर आला फादर फेड़ी आदि मौजूद रहे।

तीन अन्तर्राज्जीय गांजा तस्करों को दबोच पकडा दस किलो गांजा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला ने दीपावली पर्व के मद्देनजर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ मऊ जयकरन सिंह की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह की अगुवाई में पुलिस एवं स्वाट/सर्विलांस टीम ने तीन अन्तर्राज्जीय गांजा तस्करों के कब्जे से दस किलो 260 ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया है।

बुधवार को स्वाट/सर्विलांस प्रभारी निरीक्षक एमपी त्रिपाठी व वरिष्ठ दरोगा रामवीर सिंह की संयुक्त टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि सरबदा पुरवा मोड वाहद सरहट से बिना नम्बर की हीरो स्पलेण्डर प्लस मोटरबाइक पर सवार शशिभूषण उर्फ पवन पटेल पुत्र चन्द्रभान सिंह, अभय सिंह पुत्र शंकर दयाल पटेल, अभिषेक सिंह पुत्र रामभरोसे पटेल निवासी सिकरी अमान थाना राजापुर दस किलो 260 ग्राम गांजा लेकर जा रहे हैं। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों ने पूंछतांछ में बताया कि वे गांजा उड़ीसा से लाये हैं। जिले समेत पड़ोसी जिला बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी व प्रयागराज में आपूर्ति करते हैं। पुलिस ने तीनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। बरामद बाइक को एमबी एक्ट में सीज किया। बरामद गांजे की कीमत तीन लाख रुपये आंकी गई है। पूंछताछ में गांजा बेंचने के अन्य स्रोतों बाबत जानकरी कर कार्यवाही की जायेगी।

टीम में स्वाट प्रभारी/सर्विलांस प्रभारी निरीक्षक एमपी त्रिपाठी, दीवान प्रदीप द्विवेदी, दीवान जितेन्द्र कुशवाहा, सिपाही रोहित सिंह, पवन कुमार राजपूत, आशीष यादव व रोशन सिंह व मानिकपुर पुलिस टीम के वरिष्ठ दरोगा रामवीर सिंह, दरोगा अरविन्द कुमार पाण्डेय, सिपाही शाकिर अली व विमलेश कुमार शामिल रहे।

मोटे अनाजों के लाभ की पचास शिक्षकों-किसानों को दी जानकारी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी के निर्देश पर उप्र मिलेट्स पुनरोद्धार योजना के तहत प्रशिक्षण एवं क्षमतावर्धक घटकों ने स्कूल कैरीकुलम से अध्यापकों के प्रशिक्षण का आयोजन कृषि भवन के सभागार में किया।

बुधवार को वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र गनीवा/मास्टर ट्रेनर डॉ विजय कुमार गौतम, कृषि विशेषज्ञ डा रंजीत सरोज ने जिले के प्राइमरी, जूनियर स्कूलों व राजकीय इंटर कॉलेज के पचास अध्यापकों एवं प्रगतिशील किसानों को मोटे अनाज के महत्व व दैनिक उपयोग बाबत जानकारी दी। फीड बैक भी लिया।

उप कृषि निदेशक राजकुमार ने अध्यापकों को मोटे अनाजों के उपयोग से विभिन्न लाभ एवं कुपोषण तथा अन्य क्षमतावर्धन के बारे में जानकारी दी। कर्वी ऑर्गेनिक कलि एफपीओ ने मिलेट्स से बने विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन किया।

गोष्ठी कर चालकों को दी यातायात नियमों की जानकारी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। यातायात माह में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ यातायात राजकमल की देखरेख में परिवहन अधिकारी संतोष कुमार तिवारी व प्रभारी यातायात निरीक्षक मनोज कुमार ने रेलवे स्टेशन कर्वी व कर्वी के प्रमुख चैराहों में टेम्पो-ऑटो-ई-रिक्शा चालकों के साथ यातायात जागरूकता गोष्ठी की।

बुधवार को गोष्ठी में चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देकर पालन करने को प्रेरित किया। टेम्पो-ऑटो चालकों को दीपावली पर्व/अमावस्या मेला के मद्देनजर सभी ऑटो संचालकों से श्रद्धालुओं से निर्धारित किराया वसूल करने, श्रद्धालुओं से मधुर बर्ताव रखने व ओवरलोड सवारी न बैठाने के बारे में बताया।

कोरी सेवा आश्रम के पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। कोरी सेवा आश्रम ने उच्च न्यायालय के आदेश के तहत कमेटी पदाधिकारियों को चयनित किया। पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण सांसद आरके सिंह पटेल ने कराया।

बुधवार को कोरी सेवा आश्रम ने सांसद आरके सिंह पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता व अध्यक्षता शिवगुलाम वर्मा, सुरेश अनुरागी की मौजूदगी में कमेटी के अध्यक्ष रामकिशोर भारती, प्रबंधक साधूराम, महामंत्री रामकिशुन, कोषाध्यक्ष फूलचन्द्र को शपथ ग्रहण कराई गई। इस मौके पर कोरी समाज के सैकडों लोग मौजूद रहे। खासतौर पर आश्रम के संत मोहनदास, चुन्ना दास, विजयी दास, बालकदास आदि मौजूद रहे।

सरकारी कार्य में बाधा डाल रहे अपराधी किस्म के लोग

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पहाडी थाना क्षेत्र के पचोखर गांव में प्रधान प्रतिनिधि वरुण कुमार को गांव के दबंग अवैध वसूली को परेशान कर रहे हैं। पीडित प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि आंगनबाडी की चहारदीवारी व कोटा घर बनाने में पूर्व प्रधान तीरथ पुत्र केशव, जो कोटेदार भी है। आये दिन परेशान करता है।

बुधवार को पीडित प्रधान प्रतिनिधि वरुण ने बताया कि उसे ब्लैकमेल करने की गरज से आये दिन दबंग लोग विभिन्न ढंग से परेशान करते हैं। सरकारी कार्य में बाधा खडी करते हैं। आंगनबाडी केन्द्र पहले से बना है, उसकी चहारदीवारी नहीं बनाने दे रहे। कोटा घर बनाने को पूर्व प्रधान/कोटेदार अपने घर में बनाने पर जोर दे रहा है। जबकि लेखपाल ने जमीन चयनित की है।

पीडित ने बताया कि कोटेदार लोगों के अंगूठा निशान लेने के बाद भी राशन नहीं देता। ग्रामीण कोटेदार से खासे परेशान हैं। उसकी दबंगई इस कदर है कि थाने में उस पर विभिन्न मामले भी दर्ज हैं। प्रधान प्रतिनिधि ने जिलाधिकारी से मांग की है कि सरकारी कार्य में बाधा डालने वाले लोगों पर कडी कार्यवाही की जाये। उन्होंने बताया कि कुछ पत्रकार भी उनसे अवैध वसूली को आये दिन परेशान करते हैं।

नौ को होगी जल दिवाली: एडीएम

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। एडीएम/परियोजना निदेशक डूडा वंदिता श्रीवास्तव ने बताया कि मिशन निदेशक राज्य शहरी आजीविका मिशन सूडा उप्र के निर्देश पर अमृत 2.0 एवं डे-एनयूएलएम के संयुक्त तत्वाधान में पानी के लिए महिलायें, महिलाओं के लिए पानी जल दिवाली कार्यक्रम सात से नौ नवंबर को कराने का निर्णय हुआ है।

बुधवार को एडीएम ने बताया कि जिले में पाठा वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में ये कार्यक्रम नौ नवंबर को सवेरे दस बजे से होगा। कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, महिलाओं के बैठने आदि व्यवस्था को अधिकारियों को नामित किया है। कार्यक्रम स्थल पर महिलाओं के बैठने की व्यवस्था अधिशासी अभियंता जल निगम, साफ-सफाई की व्यवस्था ईओ नगर पालिका, महिलाओं को पहुंचाने-बैठाने, जलपान व उपहार किट की व्यवस्था बाबत शहरी मिशन प्रबंधक डे-एनयूएलएम डूड़ा को नामित किया है। अधिकारियों को निर्देश दिये कि नौ नवंबर को जल दिवाली को सफल बनायें। इस कार्य में शिथिलता न बरती जाए।

नौ को होगा मानचित्र समाधान दिवस

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण की सचिव वंदिता श्रीवास्तव ने बताया कि प्राधिकरण क्षेत्र के स्वीकृत भवन मानचित्रों के निस्तारण को प्राधिकरण ने मानचित्र समाधान दिवस नौ नवंबर को अपरान्ह एक से पांच बजे तक प्राधिकरण कार्यालय में होगा।

बुधवार को सचिव ने बताया कि संबंधित भवन मानचित्र प्रस्तुतकर्ता संबंधित विभाग एवं लाइसेंस प्राप्त मानचित्रकर/आर्किटेक्ट मौजूद रहेंगे। भवन मानचित्र आपत्तियों का तत्काल निस्तारण करते हुए भवन मानचित्र मंजूरी की कार्यवाही की जायेगी। संबंधित लोग निर्धारित तिथि पर पहुंचकर लाभ लें।

पुलिस ने दबोचे तीन वारंटी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने तीन वारंटी दबोचे हैं।

बुधवार को प्रभारी निरीक्षक सरधुवा की अगुवाई में दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी ने दीवान अरविन्द सोनी के साथ बलबा, घर में घुसकर मारपीट के वारंटी नत्थू पुत्र रामसिया निवासी वीरधुमाई सुर्की व मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी के वारंटी शिवजीत सिंह पुत्र दुर्विजय सिंह निवासी वीरधुमाई सुर्की को गिरफ्तार किया है।

इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा की अगुवाई में दरोगा रामकृष्ण वर्मा ने सिपाही धर्मेन्द्र कुमार के साथ धारा 125 सीआरपीसी के वारंटी विजयपाल पुत्र स्व महावीर निवासी नोनागर हाल मुकाम डुडौली को गिरफ्तार किया।

क्राप कटिंग में मिला 19 किलो 46 ग्राम शरबती धान

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने तहसील कर्वी के कंठीपुर गांव में धान क्राफ्ट कटिंग का जायजा लिया। खेत मालिक नथन सिंह के खेत के गाटा संख्या 147 में दस गुणे तीन त्रिभुजाकार, 1.481 हे में धान की क्रॉप कटिंग कराई।

बुधवार को जिलाधिकारी ने मौके पर जाकर क्राप कटिंग करवाई। 19 किलो 46 ग्राम शरबती धान निकला। सहायक सांख्यिकी अधिकारी ने बताया कि जिले में 44.93 प्रति हे का उत्पादन हुआ है। इस मौके पर जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला, सहायक सांख्यिकी अधिकारी संतोष कुमार, लेखपाल लाल बहादुर, बीमा कंपनी से मनोज कुशवाहा, प्रधान प्रतिनिधि प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे।

भारतीय मूल के विन गोपाल अमेरिकी सीनेट के लिए फिर चुने गए

न्यूयॉर्क

भारतीय-अमेरिकी राज्य सीनेटर विन गोपाल को राज्य के इतिहास की सबसे महंगी विधायी दौड़ जीतकर न्यू जर्सी सीनेट में तीसरे कार्यकाल के लिए फिर से चुना गया है। 38 वर्षीय डेमोक्रेट सीनेटर ने मंगलवार को न्यू जर्सी के 11वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट में अपने रिपब्लिकन चैलेंजर, स्टीव डिनिस्ट्रियन को हरा दिया, जिससे डिनिस्ट्रियन के मुकाबले लगभग 60 प्रतिशत वोट हासिल हुए और डेमोक्रेट्स के लिए जिले की दोनों विधानसभा सीटों पर नियंत्रण पाने में मदद मिली। उनके अभियान के अनुसार, गोपाल वर्तमान में न्यू जर्सी राज्य सीनेट के सबसे कम उम्र के सदस्य और राज्य के इतिहास में सीनेट के लिए चुने जाने वाले पहले दक्षिण-एशियाई अमेरिकी हैं। अमेरिका के कम से कम 37 राज्यों में मंगलवार को मतदान खुले। नवंबर के आम चुनाव में 120 सीटों पर मतदान

न्यू जर्सी की विधायिका में राज्य सीनेट और विधानसभा शामिल हैं और इसमें 40 जिलों से 120 सदस्य हैं। प्रत्येक जिले में सीनेट में एक प्रतिनिधि और विधानसभा में दो प्रतिनिधि होते हैं जो चार और दो साल के कार्यकाल के लिए कार्य करते हैं। 'द फिलाडेल्फिया इन्क्वायरर' अखबार के अनुसार, नवंबर के आम चुनाव में सभी 120 सीटों पर मतदान होगा।

'न्यू जर्सी मॉनिटर' न्यूज पोर्टल के अनुसार, रिपब्लिकन-झुकाव वाला 11वां जिला इस साल रिपब्लिकन का एक प्रमुख फोकस था। रिपब्लिकन को उम्मीद थी कि स्कूलों में अपतटीय पवन और एलजीबीटीक्यू मुद्दों पर केंद्रित अभियान डेमोक्रेट को बर्बाद कर देगा। रिपोर्ट के मुताबिक, जिले में गोपाल की सीट इस साल रिपब्लिकन पार्टी के शीर्ष लक्ष्यों में से एक है।

ऑस्ट्रेलिया: टेलीकॉम हुआ क्रैश, 1 करोड़ से अधिक लोगों की इंटरनेट और फोन सेवाएं हुईं बंद

ऑस्ट्रेलिया में करोड़ों लोग प्रमुख टेलीकॉम आउटेज के कारण इंटरनेट और फोन सेवाओं का लाभ नहीं उठा पाए

यह आउटेज देश की सबसे बड़ी संचार कंपनियों में किसी कारण क्रैश हो जाने के कारण लोगों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ा

आउटेज के कारण आपातकालीन सेवाओं के लिए फोन लाइनें तक बाधित हो गईं



सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़ी संचार कंपनियों में से एक में अचानक आए रुकावट के बाद बुधवार को 1 करोड़ से अधिक ऑस्ट्रेलियाई लोग इंटरनेट और फोन सेवाओं से वंचित रहे। ऑप्टस ने कहा कि वह आउटेज का पता लगाने और उसे ठीक करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं जिससे इलेक्ट्रॉनिक भुगतान प्रणालियां क्रैश हो गईं और आपातकालीन सेवाओं के लिए फोन लाइनें बाधित हो गईं।

कंपनी के मुख्य कार्यकारी केली बायर रोजमारिन ने नेशनल ब्रॉडकास्टर एबीसी को बताया कि अब तक ऐसा कोई संकेत नहीं मिला जिससे यह पता लग सके कि यह रुकावट हैकिंग या साइबर हमले का परिणाम थी।

ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवाएं हुईं प्रभावित

उन्होंने कहा, "हमारी टीम अभी भी हर संभव रास्ते पर काम कर रही है। हमारे पास कई और अब तक हमने आउटेज के सभी कारणों का परीक्षण किया है और उसे ठीक करने के लिए नई कार्रवाइयां की हैं उनमें से प्रत्येक से मूल समस्या का समाधान नहीं हुआ है।" उन्होंने कहा, "जब हमने मूल कारण और बहाली के समय की पहचान कर ली है। हम जितनी जल्दी हो सके सभी को अपडेट करेंगे। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने कहा कि मोबाइल फोन, लैंडलाइन और ब्रॉडबैंड इंटरनेट प्रभावित हुए हैं।"

पाकिस्तान में लोगों को एक और झटका, आटे का रेट सुन उड़ जाएंगे आपके होश; एक किलो की कीमत 140 रुपये पहुंची

सरगोधा

आसमान छूती महंगाई की मार झेल रही पाकिस्तानी जनता पर मिल मालिकों ने और बोझ बढ़ा दिया है। सरगोधा के मिल मालिकों ने आटे की 20 किलो की बोरी की कीमत में 100 रुपये की वृद्धि कर दी है।

पाकिस्तान में आटे की मूल्य में जबरदस्त वृद्धि

पाकिस्तानी समाचार डॉन के अनुसार, मूल्य वृद्धि के बाद 20 किलो की बोरी की कीमत 2800 रुपये हो गई है। आटा मिल मालिक संघ के अध्यक्ष मियां मुहम्मद नसीम हसन और राव साजिद महमूद ने कहा है कि कार्यवाहक सरकार की खराब नीतियों के कारण अभी तक गेहूं का कोटा उपलब्ध नहीं कराया गया है। यही कारण है कि हमें प्राइवेट सेक्टर से ऊंची कीमत पर गेहूं खरीदना पड़ रहा है।

आने वाले दिनों में और भी रेट बढ़ने के आसार

मिल मालिकों ने खाद्यान्न विभाग से गेहूं का कोटा जारी करने कीमांग की है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार आधिकारिक कोटा जारी नहीं करती है तो गेहूं आपूर्ति के अभाव में आटे की कीमत प्रति बोरी और 50 से 100 रुपये तक बढ़ सकती है। मिल मालिक ऊंची कीमत पर गेहूं खरीदकर सरकारी दर पर आटा नहीं बेच सकते।

नवाज शरीफ ने मुत्ताहिदा पार्टी के साथ किया गठबंधन, पूर्व पीएम शहबाज ने निभाई मुख्य भूमिका

लाहौर

पाकिस्तान में आम चुनाव की घोषणा हो चुकी है, जिसको देखते हुए चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। देष में आम चुनाव आठ फरवरी को कराए जाएंगे। इस बीच एक रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान घोषणा की कि वे आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव साथ मिलकर लड़ेंगे। पाकिस्तान में अभी प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक काकर के नेतृत्व में कार्यवाहक सरकार चल रही है। पाकिस्तान के जियो न्यूज ने बताया, "यह फैसला लाहौर में पार्टी के मॉडल टाउन सचिवालय में पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ और एमक्यूएम-पी प्रतिनिधिमंडल की बैठक के बाद आया है।"

नवाज शरीफ और जरदारी के बीच फोन पर बातचीत

सोमवार को पीएमएल-एन और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के शीर्ष नेताओं ने घोषणा की थी कि वे देश की भलाई के लिए मिलकर काम करेंगे। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ और पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के बीच फोन पर बातचीत हुई थी, जिसमें अन्य मुद्दों के अलावा राजनीतिक स्थिति पर चर्चा के बाद इसकी घोषणा की गई है।

शहबाज शरीफ ने करवाई दोनों नेताओं में बात

वहीं, मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि पीएमएल-एन के नेता और पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने उसके नेता खालिद मकबूल सिद्दीकी से संपर्क किया और उन्हें अपने बड़े भाई नवाज शरीफ से मिलने के लिए आमंत्रित किया।

पाकिस्तान में राजनीतिक प्रचार तेज

इस बीच पाकिस्तान चुनाव आयोग के चुनावी तारीखों की घोषणा करने के बाद देश में राजनीतिक प्रचार तेज हो गया है। बता दें कि पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ चार साल के बाद 21 अक्टूबर को स्वदेश लौटे हैं। शरीफ स्वदेश लौटने के बाद से लगातार लाहौर में राजनीतिक गतिविधिया कर रहे हैं और पार्टी नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

पाकिस्तान में लोगों को एक और झटका, आटे का रेट सुन उड़ जाएंगे आपके होश; एक किलो की कीमत 140 रुपये पहुंची

सरगोधा

आसमान छूती महंगाई की मार झेल रही पाकिस्तानी जनता पर मिल मालिकों ने और बोझ बढ़ा दिया है। सरगोधा के मिल मालिकों ने आटे की 20 किलो की बोरी की कीमत में 100 रुपये की वृद्धि कर दी है।

युद्ध के बीच अमेरिकी विदेश और रक्षा मंत्री आ रहे भारत, 2+2 मंत्रिस्तरीय होगी वार्ता

वॉशिंगटन

भारत ने अमेरिका के साथ आगामी 2+2 मंत्री स्तरीय वार्ता की पूरी तैयारी कर ली है। 10 नवंबर को भारत में 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता आयोजित होने वाली है। इस वार्ता में शामिल होने के लिए अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन अगले सप्ताह नई दिल्ली पहुंचने वाले हैं।

दोनों देशों के बीच मजबूत वैश्विक साझेदारी और हिंद प्रशांत क्षेत्र में भारत और अमेरिका के बीच गहरे रणनीतिक रिश्तों को बढ़ावा देने के लिए यह बैठक काफी महत्वपूर्ण है। अमेरिका के दोनों नेताओं की मुलाकात विदेश मंत्री एस जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ होने वाली है।



युद्ध के मुद्दे पर दोनों देशों के बीच होगी अहम चर्चा

एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट के निदेशक फरवा आमेर ने इस वार्ता को लेकर कहा कि इजरायल -हमास और रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से दोनों देशों पर पड़े प्रभाव पर भी चर्चा होने की उम्मीद है। भारत और अमेरिका दोनों ने हमास के खिलाफ इजरायल का साथ खड़े होने की बात कही है। वहीं, रूस-यूक्रेन के मामले पर भारत का कहना है कि बातचीत ही एकमात्र समाधान है।

बैठक में भारत-कनाडा के बिगड़ते रिश्तों पर भी चर्चा की उम्मीद

बता दें कि कुछ दिनों पहले भारत और कनाडा के रिश्तों में काफी खटास पैदा हो गई थी। खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या को लेकर कनाडा ने भारत पर बेबुनियाद आरोप लगाए थे। कनाडा ने दावा किया था निज्जर की हत्या के पीछे भारत की खुफिया एजेंसी है। जिसके बाद से ही दोनों देशों के संबंधों में दरार आ गई।

वहीं, अमेरिका ने भारत से इस मुद्दे पर कनाडा के साथ जांच में सहयोग की अपील की है। बता दें कि भारत ने साफ तौर पर कहा कि कनाडा खालिस्तानी समर्थकों को पनाह देता आया है। खालिस्तानी समर्थकों के खिलाफ कनाडा को कार्रवाई करने की जरूरत है।

इन मुद्दों पर भी रहेगी दोनों देशों की नजर

दोनों देशों के नेताओं के बीच बैठक के दौरान जलवायु, ऊर्जा, स्वास्थ्य, आतंकवाद विरोधी, शिक्षा और लोगों से लोगों के बीच संबंध जैसे मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद जताई जा रही है।

आईडीएफ ने हमास आतंकियों के पास से बरामद किया हथियारों का जखीरा

, हथगोले-रॉकेट और अन्य कई सामान हैं शामिल

यरुशलम

इजरायल और हमास के बीच युद्ध लगातार बढ़ता जा रहा है। इस युद्ध में अब तक कई लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, इजरायल डिफेंस फोर्स के हैंडल पर एक ट्वीट किया गया है जिसमें कहा गया है कि 7 अक्टूबर को इजरायल में हमास द्वारा किए गए हमले के बाद आतंकवादियों के पास से कुछ हथियार बरामद किए गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि 1,493 हथगोले और विस्फोटक, 760 आरपीजी, 427 विस्फोटक बेल्ट, 375 आग्नेयास्त्र, 106 रॉकेट और मिसाइलें बरामद की गई हैं। ट्वीट में कहा गया है कि ये कुछ हथियार हैं जिनका इस्तेमाल 1,400 से अधिक इजरायली नागरिकों के नरसंहार के लिए किया गया था। इन हथियारों का इस्तेमाल निदोर्षों की हत्या के लिए किया गया है।

इजरायल-हमास युद्ध के बीच अमेरिका ने इजरायल को चेतावनी दी है। अमेरिका ने गाजा पर दोबारा कब्जा करने के खिलाफ इजरायल को चेतावनी दी और कहा कि ऐसा करना उनके लोगों के लिए अच्छा नहीं होगा। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि राष्ट्रपति का मानना है कि इजरायली सेना द्वारा गाजा पर फिर से कब्जा करना इजरायल के लिए अच्छा नहीं है। किर्बी ने ब्लिंकन की बातचीत का जिक्र करते हुए कहा कि संघर्ष के बाद गाजा कैसा दिखता है? क्योंकि जो कुछ भी है, वह वैसा नहीं हो सकता जैसा 6 अक्टूबर को था।

25,000 से अधिक लोग हुए घायल

गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि केवल एक महीने से भी कम समय में इजरायली हमलों में गाजा में 10,000 से अधिक लोग मारे गए हैं।

जबकि 25,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं। वहीं, पेंटागन के प्रवक्ता ने स्वीकार किया है कि हम जानते हैं कि गाजा में मरने वालों की संख्या हजारों में है।

'गाजा में फंसे लोगों के लिए...', वेस्ट बैंक के हालात पर कमला हैरिस और इजरायली उपराष्ट्रपति ने की चर्चा

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कसम खाई है कि जब तक हमास का पूरी तरह खात्मा नहीं किया जाता तब तक यह जंग जारी रहेगी। वहीं, अमेरिका का कहना है कम से कम तीन दिनों के लिए युद्ध पर विराम लगे ताकि युद्ध में फंसे बंधकों की रिहाई हो सके

वॉशिंगटन

इजरायल-हमास युद्ध के एक महीने पूरे हो चुके हैं। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कसम खाई है कि जब तक हमास का पूरी तरह खात्मा नहीं किया जाता तब तक यह जंग जारी रहेगी। वहीं, अमेरिका का कहना है कम से कम तीन दिनों के लिए युद्ध पर विराम लगे ताकि युद्ध में फंसे बंधकों की रिहाई हो सके। अमेरिका का मानना है कि गाजा में निर्दोष नागरिकों तक सहायता पहुंचाने और आंशिक युद्ध विराम जरूरी है।

वेस्ट बैंक के मौजूदा हालात पर कमला हैरिस ने इसहाक हर्जोग से की बात

इसी बीच अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने इजरायली राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग (क्रूं के साथ बातचीत की। दोनों नेताओं ने इजरायल, गाजा और वेस्ट बैंक के मौजूदा हालात पर चर्चा की। अमेरिका ने इस बात को एक बार फिर दोहराया है कि हमास के खिलाफ इस युद्ध में अमेरिका इजरायल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। वहीं, अधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, कमला हैरिस ने पूरे क्षेत्र में भागीदारों के साथ काम करना जारी रखने की प्रतिबद्धता भी जताई।

गाजा पर हमास का अधिकार नहीं हो सकता: अमेरिका

कमला हैरिस ने गाजा पट्टी में फंसे लोगों के जीवन की रक्षा और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का सम्मान करने के महत्व पर जोर दिया। बता दें कि अमेरिका ने इजरायल को यह सलाह दी है कि वो गाजा पर कब्जा न करे। अमेरिका ने साफ तौर पर कहा कि गाजा में युद्ध के बाद हालात बदल जाएंगे।

अमेरिका का यह भी मानना है कि गाजा पर हमास का अधिकार नहीं हो सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने पिछले महीने न्यूज चैनल सीबीएस से बातचीत करते हुए कहा था कि गाजा पर कब्जा करना इजरायल के लिए एक बड़ी गलती होगी।

युद्ध में अब तक 10,300 नागरिकों की मौत

इस युद्ध में अब तक गाजा में 10,300 से अधिक लोग मारे गए हैं और कुल 25,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं। एयर स्ट्राइक की वजह से करीब 2,300 से अधिक फलस्तीनी मारे गए। बता दें कि सात अक्टूबर को हमास द्वारा इजरायल पर किए गए हमले में 1,400 से अधिक इजरायली नागरिकों की मौत हो गई थी।